राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 सचिन और युवराज की टीमे फ्रेंडली मुकाबलें...

चेक गणराज्य में निखिल गुप्ता के मानवाधिकारों... 12

वर्ष : 11 | अंक : 240 | पटना, शुक्रवार, 12 जनवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 15°C
न्यूनतम तापमान 08°C

बाजार

सोना	64,165
चांदी	78,600
सेंसेक्स	71,721
निफ्टी	21,647

संक्षिप्त खबरें

देश में कोरोना के 514 नए मामले, तीन की मौत

नई दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 514 नए मामले सामने आए हैं जबकि तीन मरीजों की मौत हुई है। इस अवधि में 732 मरीज स्वस्थ हुए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या 3422 हो गई है। कोरोना ने उत्तराखंड में भी दस्तक दी जहां एक नया मामला सामने आया है। इसके साथ कोरोना के दो नए मामले सिक्किम, दो मामले जम्मू-कश्मीर में भी दर्ज किए गए हैं। देश में कोरोना से तीन मौत हुई है। इसमें एक मौत कर्नाटक और दो महाराष्ट्र से दर्ज की गई है।

पीएम आज महाराष्ट्र को 30 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की देंगे सौगात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को महाराष्ट्र का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री महाराष्ट्र में 30,500 करोड़ रुपये से अधिक लागत की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, राष्ट्र को समर्पित करेंगे और आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 12 जनवरी को दोपहर करीब 12:15 बजे नासिक पहुंचेंगे, जहां वे 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। महोत्सव की थीम - विकसित भारत@2047 : युवा के लिए, युवा के द्वारा है। राष्ट्रीय युवा महोत्सव प्रत्येक वर्ष 12 से 16 जनवरी तक आयोजित किया जाता है। 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द की जयंती है।

आगामी लोकसभा चुनाव बेदाग ढंग से संपन्न कराये जाये : मुख्य निर्वाचन आयुक्त

नई दिल्ली। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बृहस्पतिवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से मार्च-अप्रैल में होने वाला आगामी लोकसभा चुनाव बेदाग संपन्न कराने को कहा। कुमार ने लोकसभा चुनाव से पहले यहां मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव की राह कर्तव्य और संकल्प की यात्रा है। उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के अनुरूप सभी हितधारकों को बेहतर चुनावी अनुभव प्रदान करने के लिए की गई तैयारियों पर भरोसा जताया। दो-दिवसीय सम्मेलन का आयोजन चुनाव योजना, व्यय निगरानी, मतदाता सूची, आईटी अनुप्रयोगों, डाटा प्रबंधन

मुख्यमंत्री ने सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के बिहार डायरी एवं कैलेण्डर 2024 का किया लोकार्पण

बिहार ने दिखाई राह थीम पर केंद्रित है 'बिहार कैलेंडर'

- बिहार की योजनाओं का दूसरे राज्य कर रहे अनुसरण

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 01 अणे मार्ग स्थित संकल्प में बिहार सरकार के सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित बिहार डायरी 2024 एवं कैलेण्डर 2024 का लोकार्पण कर राज्य की जनता को समर्पित किया। बिहार कैलेंडर 2024 बिहार ने दिखाई राह थीम पर केंद्रित है। इसमें उन योजनाओं को प्रदर्शित किया गया है जिनमें बिहार अग्रणी राज्य रहा है तथा जिनकी सफलता को देखते हुए कई अन्य स्थानों पर इनका अनुसरण किया जा रहा है। इस कैलेंडर में मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना को दर्शाया गया है। मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना राज्य की बालिकाओं के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है जो वर्ष 2018 में शुरू की गयी थी। मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का लाभ राज्य की कन्याओं को जन्म से लेकर उसके स्नातक उत्तीर्ण कर लेने तक दिया जाता है। इस योजना के अन्तर्गत पात्र बालिकाओं को पोशाक, सेनेटरी नैपकिन एवं परीक्षा उत्तीर्ण करने पर सरकार द्वारा सहायता राशि प्रदान की जाती है। अविवाहित कन्याओं को इंटरमीडियट उत्तीर्ण करने पर 25,000 रुपए दिये जाते हैं। वहीं स्नातक उत्तीर्ण करने पर उन्हें 50 हजार रुपए की राशि दी जाती है। इस योजना के अन्तर्गत कन्याओं को कुल 94,100 रुपए की राशि देने का प्रावधान है। जनवरी माह के पृष्ठ पर महिला सशक्तीकरण थीम को दर्शाया गया है। वहीं, फरवरी माह के पृष्ठ पर बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना जीविका के बारे में बताया गया है। अप्रैल माह के पृष्ठ पर मुख्यमंत्री साइकिल योजना और मुख्यमंत्री पोशाक योजना को तो मई माह के पृष्ठ पर लोक सेवा का अधिकार अधिनियम एवं बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम योजना को दशार्या गया है। जून माह के पृष्ठ पर समाज सुधार अभियान को तथा जुलाई माह के पृष्ठ पर हर घर तक नल का जल एवं हर घर तक पक्की गली-नाली योजना के बारे में बताया गया है। अगस्त माह के पृष्ठ पर स्टूडेंट क्रडिट कार्ड योजना को दशार्या गया है। वहीं, सितंबर माह के पृष्ठ पर स्मार्ट प्री-पेड मीटर योजना के बारे में बताया गया है। अक्टूबर माह के पृष्ठ पर जल जीवन हरियाली अभियान के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी है। नवंबर माह के पृष्ठ पर गंगा जल आपूर्ति योजना को दशार्या गया है। दिसंबर माह के पृष्ठ पर गयाजी डैम के बारे में बताया गया है।

ये रहे मौजूद : इस अवसर पर जल संसाधन सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव सह सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह एवं निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग अमित कुमार उपस्थित थे।



बिहार सरकार के सूचना एवंजन-सम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित बिहार डायरी 2024 एवं कैलेण्डर 2024 का लोकार्पण करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, साथ में मौजूद रहें विभागीय मंत्री संजय झा एवं अन्य

मुख्यमंत्री पोशाक व साईकिल योजना से समाज में क्रांतिकारी बदलाव

महिलाओं को सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक और राजनैतिक रूप से सबल बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। कैलेंडर में बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना जीविका को दशार्या गया है। यह परियोजना बिहार में महिलाओं के विकास, सशक्तीकरण एवं ग्रामीण गरीबी के उन्मूलन के लिए कार्य कर रही है। जीविका के अंतर्गत अब तक 10 लाख 47 हजार स्वयं सहायता समूहों का गठन हो चुका है, जिसमें 1 करोड़ 30 लाख से भी अधिक महिलाएं जुड़कर जीविका दीदियां बन गई हैं। कैलेंडर कृषि रोड मैप को दशार्या गया है। कृषि रोड मैप के क्रियान्वयन के फलस्वरूप राज्य में धान, गेहूँ एवं मकई की उत्पादकता पहले के मुकाबले दोगुनी हो गई है। मुख्यमंत्री साइकिल योजना और मुख्यमंत्री पोशाक योजना को दशार्या गया है। बिहार में महिलाओं की साक्षरता दर को बढ़ाने के लिए तथा उनमें आत्मविश्वास पैदा करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वर्ष 2008 में बालिका साइकिल योजना की शुरूआत की। बाद में बालकों हेतु मुख्यमंत्री बालक साइकिल योजना की शुरूआत भी की गई। इस योजना के फलस्वरूप समाज में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिल रहा है। कैलेंडर में लोक सेवा का अधिकार अधिनियम एवं बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम योजना को दशार्या गया है। बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम, 2011 का उद्देश्य नागरिकों को निर्धारित समय सीमा के भीतर राज्य सरकार और उसकी एजेंसियों से सेवाओं की प्राप्ति करने में सक्षम बनाना है। लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए यह वन स्टॉप सोल्यूशन के रूप में कार्य कर रहा है।

भारत को दुनिया का शीर्ष वाहन विनिर्माण केंद्र बनाना लक्ष्य: गडकरी

प्रात : किरण

गांधीनगर/एजेंसी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार का मिशन भारत को दुनिया का नंबर एक वाहन विनिर्माण केंद्र बनाना है। उन्होंने कहा कि हम वाहन उद्योग को 25 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचाना चाहते हैं। केंद्रीय मंत्री ने यहां वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन में एक सेमिनार को संबोधित करते हुए वाहन विनमाताओं से स्वच्छ प्रौद्योगिकियों, खासकर इलेक्ट्रिक वाहनों में निवेश करने को कहा। उन्होंने कहा कि यदि वे ऐसा नहीं करेंगे, पीछे छूट जाएंगे। गडकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश को पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के अंतर्गत हम वाहन क्षेत्र को 25 लाख करोड़ रुपये का उद्योग बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, हमें नंबर एक बनना है। हमारा मिशन, हमारा लक्ष्य भारतीय वाहन उद्योग को दुनिया में नंबर एक विनिर्माण केंद्र बनाना है। गडकरी ने कहा कि जब उन्होंने मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला था, तब भारत का वाहन क्षेत्र दुनिया में सातवें स्थान पर था। उन्होंने कहा कि अब हमने जापान को पीछे छोड़ दिया है और हम तीसरे स्थान पर आ गए हैं। वाहन क्षेत्र में बहुत क्षमताएं हैं और यह सिर्फ घरेलू बाजार तक नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजार तक फैला है। भारत में वाहन उद्योग फिलहाल 12.5 लाख करोड़ रुपये का है। गडकरी ने कहा कि यह उद्योग देश में चार करोड़ नौकरियां पैदा कर चुका है। यह उद्योग राज्य और केंद्र सरकारों को माल एवं सेवा कर के रूप में सबसे ज्यादा राजस्व देता है। विद्युतीकरण पर उन्होंने कहा कि पिछले कुछ साल में भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री कई गुना बढ़ गई है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान करते हुए कहा, ईवी में निवेश करिए अन्यथा पिछड़ जाएंगे।

मोदी के आने के बाद कबूतर उड़ाने के दिन चले गए : सुधांशु

पटना। भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित हमारे सपनों के भारत विषयक परिचर्चा को सम्बोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व ख्यात विद्वान सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री के तौर पर नरेन्द्र मोदी के आने के बाद भारत को सॉफ्ट स्टेट वाली छवि दूर हुई और कबूतर उड़ाने के दिन गए तथा बाज उड़ाने के दिन आए। उड़ी के बाद बालाकोट भी हुआ और घर में घुस कर आतंकियों का सफाया भी किया गया। भारत ने तय किया और हुर्रियत तथा पाकिस्तान से बात करना बंद किया तथा अपनी कुटनीति से हुर्रियत जैसे संगठन को आतंकवादी घोषित कराया। श्री त्रिवेदी ने कहा कि इस महीने में अयोध्या में प्रभु श्रीराम के नव्य, भव्य मंदिर में उनकी प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा होने वाला है। यह वह स्थान है जहां कभी भारत का स्वर्णीम काल था। आज हम दुनिया के सबसे युवा देश है तो सबसे पुरातन सभ्यता भी है। आज मोदी के काल में उसी स्थान से एक लहर उठी है जहां से भारत पूरी दुनिया में प्रतिष्ठापित होगा उन्होंने कहा कि दरअसल 2014 में मोदी को जो जनादेश मिला वह भारत के नव अभ्युदय के लिए था।

इंदौर लगातार सातवीं बार देश का सबसे स्वच्छ शहर

राष्ट्रपति मुर्मू ने एम पी के मुख्यमंत्री को दिया पुरस्कार

प्रात : किरण

भोपाल/नई दिल्ली/एजेंसी। स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह में मध्यप्रदेश के इंदौर के लगातार सातवीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब पाने पर गुरूवार को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पुरस्कृत किया। नई दिल्ली में आयोजित इस समारोह में देश के सबसे स्वच्छ राज्यों की श्रेणी में मध्यप्रदेश ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस दौरान प्रदेश सरकार के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी एवं इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी उपस्थित रहे। इंदौर के साथ सूरत भी संयुक्त रूप से नंबर-1 के पायदान पर रहा। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि व्यापक भागीदारी के साथ किया गया स्वच्छ सर्वेक्षण और पुरस्कार समारोह भी स्वच्छता के स्तर को ऊंचा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने स्वच्छता से संपन्नता की राह पर आगे बढ़ने के लिए सभी की सराहना की। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि स्वच्छता अभियान महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता के अवसर पैदा कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे सफाई मित्र हमारे स्वच्छता अभियान के अग्रिम पंक्ति के सैनिक रहे हैं। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि सफाई मित्रों की सुरक्षा, सम्मान और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

पटना नगर निगम को वाटर प्लस एवं जीएफसी 1 स्टार रैंकिंग के लिए मिला सम्मान

पटना। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में पटना के प्रयास रंग लाये है। दिल्ली के भारत मंडपम में न सिर्फ पटना को स्वच्छता में स्टेट में 1 रैंक मिला है बल्कि वाटर प्लस और जीएफसी 1 स्टार के लिए सम्मिलित भी किया गया। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव मनोज जोशी के द्वारा पटना को अवार्ड दिया गया। उपलब्धियां : देश में 1 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में पटना 77वें स्थान पर है। कुल 446 शहरों ने इसमें भाग लिया है। स्टेट रैंकिंग में पटना पहले पायदान पर है। पटना को पहली बार वाटर प्लस के लिए चयनित किया गया है। गार्बेज फ्री सिटी के लिए पटना को 1 स्टार मिला है। स्वच्छता रिपोर्ट कार्ड : डोर टू डोर कचरा कलेक्शन 98 प्रतिशत, सोर्स सेग्रीगेशन 28 प्रतिशत, वेस्ट प्रोसेसिंग 66 प्रतिशत, पुराने कचरे का बायो रेमीडेशन 40 प्रतिशत, आवासीय क्षेत्र में साफ सफाई 99 प्रतिशत, व्यवसायिक क्षेत्र में साफ सफाई 99 प्रतिशत, वाटर बॉडीज सफाई व्यवस्था100 प्रतिशत, पब्लिक टॉयलेट की सफाई व्यवस्था 90 प्रतिशत। बता दें कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में पहली बार पटना को जीएफसी एवं वाटर प्लस की श्रेणी में शामिल किया गया है पटना नगर निगम द्वारा पहली बार सफाई कर्मियों को भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए दिल्ली पहुंचे।

रॉयल सऊदी नौसेना प्रमुख भारत यात्रा पर, गार्ड ऑफ ऑनर देकर हुआ स्वागत

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। रॉयल सऊदी नौसेना बलों के चीफ ऑफ स्टाफ एडमिरल फहद अब्दुल्ला एस अल-घोफैली चार दिवसीय आधिकारिक भारत यात्रा पर बुधवार को नई दिल्ली पहुंचे। उन्होंने गुरुवार को भारतीय नौसेना स्टाफ के प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार से मुलाकात करके दोनों देशों की नौसेनाओं के सहयोग को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। साउथ ब्लॉक लॉन में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर के साथ उनका स्वागत किया गया।रॉयल सऊदी नौसेना बल के चीफ ऑफ स्टाफ एडमिरल फहद अब्दुल्ला एस अल-घोफैली 13 जनवरी तक भारत की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। उनकी यह यात्रा सऊदी अरब और भारत की नौसेनाओं के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों का प्रमाण है। भारतीय नौसेना विभिन्न पहलों के माध्यम से रॉयल सऊदी नौसेना बल के साथ सहयोग करती है, जिसमें द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास अल मोहम्मद अल हिंदी, प्रशिक्षण और अन्य समुद्री रास्ते जैसी परिचालन बातचीत शामिल है। भारतीय नौसेना के जहाज नियमित रूप से सऊदी अरब के विभिन्न बंदरगाहों पर पोर्ट कॉल कर रहे हैं। भारतीय नौसेना विभिन्न बहुपक्षीय मंचों पर रॉयल सऊदी नौसेना बल के साथ भी बातचीत कर रही है। दोनों नौसेनाएं हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी, समुद्री अभ्यास मिलन, संयुक्त समुद्री बल और जिबूती आचार संहिता-जेद्दा संशोधन के जरिये क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा के लिए एक-दूसरे का समर्थन कर रही हैं।

राजौरी व पुंछ में आतंकवादी हमले चिंता का विषय: जनरल पांडे

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के पुंछ और राजौरी जिले में पिछले कुछ महीनों के दौरान आतंकवादी हमलों की घटनाओं में वृद्धि के बीच सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने गुरुवार को कहा कि राजौरी और पुंछ जिलों में स्थिति चिंता का विषय है और सेना इससे निपटने के लिए अनेक कदम उठा रही है। सेना प्रमुख ने कहा कि उत्तर में चीन के साथ लगती सीमा पर स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील बनी हुई है। जनरल पांडे ने गुरुवार को यहां सेना दिवस से पहले वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में कहा कि पिछले पांच छह महीने के दौरान की आतंकवादी घटनाएं चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में वर्ष 2017-18 तक शांति की स्थिति थी लेकिन सीमा पार से छद्म युद्ध के तहत विभिन्न तंजीमों को उकसाया जा रहा है और पड़ोसी देश की सेना इस क्षेत्र में आतंकवाद को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में पिछले वर्ष 70 से अधिक आतंकवादी मारे गए और 27 सैनिक शहीद हुए जिनमें से 20 अकेले राजौरी और पुंछ में शहीद हुए हैं। उन्होंने माना कि इन क्षेत्रों में आतंकवादी घटनाएं बढ़ने का कारण खुफिया जानकारी की कमी और स्थानीय लोगों के साथ सेना के जुड़ाव में कमी है। उन्होंने कहा कि इन कमियों को दूर करने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं और क्षेत्र में तैनात विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के साथ भी तालमेल बढ़ाया जा रहा है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम की स्थिति कायम है। उन्होंने कहा कि घुसपैठ की घटनाएं होती रहती है लेकिन सेना उनका मुंहतोड़ जवाब देती है और उन्हें विफल भी करती है।

4,000 पाठ्यक्रमों का हिन्दी में अनुवाद

नई दिल्ली। ऑनलाइन शिक्षण प्लेटफॉर्म कोसेर्रा ने 4,000 पाठ्यक्रमों का हिन्दी में अनुवाद करने के साथ ही छात्रों के लिए नया आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस फीचर भी लाँच करने की आज घोषणा की। कोसेर्रा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेफ मैगीऑनकाल्ड ने यहां संवाददाता सम्मेलन मे उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा तक पहुंच में सुधार और देश में छात्रों तथा संस्थानों की स्थानीय जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए कई नई पहलों की घोषणा की। उन्होंने नए एंटरप्राइज और कैम्पस ग्राहकों की भी घोषणा की, क्योंकि देशभर के संस्थान अपने कर्मचारियों और छात्रों को डिजिटल कौशल से लैस करने के लिए ऑनलाइन शिक्षण को अपना रहे हैं।

अन्याय के खिलाफ कांग्रेस का भारत जोड़ो न्याय यात्रा: आलोक

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। पिछले 10 सालों में हर क्षेत्र में अन्याय हुआ है। आर्थिक, सामाजिक एंव राजनीति क्षेत्र में भी अन्याय हुए हैं। राजनीतिक अन्याय चरम पर है। इसी के तत्वाधान में राहुल गांधी मणिपुर से लेकर मुंबई तक भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकालने जा रहे हैं। यह आपका 7 हजार किमी लंबी 15 राज्य से होते हुए 86 दिनों में पूरी होगी। बिहार प्रदेश में दो बार यात्रा गुजरेगी। उक्त बातें कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं लोस चुनाव के लिए बिहार के कॉर्डिनेटर आलोक शर्मा ने गुरूवार को सदाकत आश्रम में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने केन्द्र सरकार पर जमकर हमला बोला। कहा कि देश की स्थिति भयावह है। आर्थिक रूप से कमजोर कमजोर होता जा रहा है और अमीर अमीर होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2 करोड़ लोगों का रोजगार देने का वादा जुमला रहा। श्री शर्मा ने आगे कह कि दलितों व महिलाओं पर अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं। दलित पर अत्याचार 50 प्रतिशत बढ़ गए हैं। लोकतंत्र की हत्या हो रही है। चौथा स्तंभ को भी प्रभावित किया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि कहा कि14 तारीख से भारत जोड़ो यात्रा इंफाल से शुरू होगी। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि बिहार में दो प्रदेशों से यात्रा की इंट्री होगी।

योजना | बिहार कैलेण्डर 2024 में मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजनाओं को दर्शाया गया

प्रदेश में शराबबंदी से समाज में सद्भाव का वातावरण हुआ कायम

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार कैलेण्डर 2024 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उन महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई है, जिसका अनुसरण दूसरे राज्य की सरकार कर रही है। साथ ही कई योजनाएं ऐसी है, जिसकी प्रशंसा देश ही नहीं विदेशों में की जा रही है। बिहार कैलेंडर में समाज सुधार अभियान का भी जिक्र किया गया है। समाज में प्रचलित एवं पारंपरिक रूप से चली आ रही दहेज प्रथा एवं बाल विवाह जैसी कुरीतियों को दूर करने एवं नशा मुक्ति के लिए सरकार ने समाज-सुधार अभियान चलाया। महिलाओं की मांग पर राज्य सरकार ने पूरे बिहार में 5 अप्रैल, 2016 से शराब को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करने का निर्णय लिया, जिसके फलस्वरूप राज्य में आपराधिक विशेषकर महिला उत्पीड़न की घटनाओं में कमी आई तथा परिवारों में खुशहाली आई है इससे लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है तथा समाज में सद्भाव का वातावरण कायम हुआ है। कैलेंडर में हर घर तक नल का जल एवं हर घर तक पक्की गली-नाली योजना को दशार्या गया है। राज्य सरकार के सात निश्चय अन्तर्गत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रेरणा से वर्ष 2016 से राज्य भर में हर घर नल का जल निश्चय का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कैलेंडर स्टूडेंट क्रडिट कार्ड योजना को दशार्या गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति की नई इबारत लिख रही है। राज्य के आर्थिक रूप से कमजोर 10वीं एवं 12वीं पास छात्र-छात्राओं को उच्चतर शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 02 अक्टूबर, 2016 से स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की शुरूआत की गई। इस योजना के तहत छात्रों को 4 प्रतिशत साधारण ब्याज की दर से चार लाख रुपए की राशि ऋण स्वरूप उपलब्ध कराई जाती है।

स्मार्ट प्री-पेड मीटर लगाने में बिहार देश में पहले स्थान पर : कैलेंडर में स्मार्ट प्री-पेड मीटर योजना के बारे में बताया गया है। बिहार देश का पहला राज्य है, जहाँ बिजली उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट प्री-पेड मीटर लगाने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। अब तक 22 लाख 90 हजार से भी अधिक स्मार्ट प्री-पेड मीटर लगाकर बिहार देश में पहले स्थान पर है। जल जीवन हरियाली अभियान को दशार्या गया है। जल-जीवन-हरियाली अभियान की सराहना आज देश ही नहीं बल्कि विश्व के कई मंचों से की जा रही है। कैलेंडर में गंगा जल आपूर्ति योजना को दशार्या गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा परिकल्पित जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत गंगा जल आपूर्ति योजना के माध्यम से राजगीर, गया, बोधगया एवं नवादा शहरों को वर्षभर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। गयाजी डैम के बारे में बताया गया है। विश्व प्रसिद्ध गयाजी के विष्णुपद मंदिर के पास मोक्षदायिनी फल्गू नदी में पिंडदान के लिए बड़ी संख्या में हर वर्ष देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पहुँचते हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रेरणा से फल्गू नदी पर आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञों की देखरेख में 411 मीटर लंबे, 95 मीटर चौड़े और 03 मीटर ऊँचे रबर डैम का निर्माण करवाया गया।

संक्षिप्त खबरें

जगदेव बाबू की जयंती की तैयारी को हुई बैठक

पटना सिटी (प्राकि)। अमर शहीद जगदेव जागरूकता मंच की बैठक कोईरी हितकारिणी पंचित हाट, मुसल्लहपुर के अध्यक्ष उत्तम मेहता की अध्यक्षता में हुई। इसमें फरवरी माह में बिहार लेलिन अमर शहीद जगदेव प्रसाद की 102वीं जयंती मनाने की तैयारी को विशेष बैठक मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर 13 जनवरी को दोपहर एक बजे से हाट समिति के सभा भवन में दही-चूड़ा के साथ होगा। इसमें मुख्य अतिथि भूमि सुधार व राजस्व मंत्री आलोक मेहता और विधायक फतेह बहादुर सिंह एवं अन्य गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। बैठक की अध्यक्षता राजद के प्रदेश महासचिव सह पूर्व पार्षद प्रदीप मेहता ने की। बैठक में श्यामबाबू मेहता, सुरेंद्र कु मेहता, शिवनाथ मेहता, प्रदीप कुमार, उदय शंकर मेहता, राजेश कुमार, शेष नारायण मेहता, बैजनाथ मेहता, दिनेश कुमार, अशोक मेहता, अरुण कु विद्यार्थी, ओम प्रकाश कुशवाहा, अर्जुन महतो आदि प्रमुख उपस्थित थे।

मरीन ड्राइव पर एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त, फंसे चालक को निकाला

पटना सिटी (प्राकि)। आलमगंज थाना क्षेत्र के गायघाट मरीन ड्राइव पर एक एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस संबंध में ट्रेफिक थाना के दारोगा प्रह्लाद राय ने बताया कि पीएमसीएच से मरीज को लेकर मारुति वैन एंबुलेंस मोतिहारी को जा रहा था। वह रौंग साइड से आ रहा था। इस कारण से वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सूचना मिलने के बाद वे यहां पहुंचे। लोगों के सहयोग से किसी तरीके से स्टेयरिंग में फंसे चालक को निकाला गया। वह घायल हो गया था। बाद में उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। वहीं एंबुलेंस में रहे मरीज को भी इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। एंबुलेंस को जब्त कर ट्रेफिक थाना ले जाया गया है।

बाल ज्ञान सहयोगी कॉन्वेंट का धूमधाम से मनाई गई 18वीं वर्षगांठ

फतुहा। गुरुवार को आदिलपुर स्थित बाल ज्ञान सहयोगी कॉन्वेंट स्कूल का 18वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। वर्षगांठ कार्यक्रम में बच्चों संग शिक्षकों ने केक काटा साथ ही बच्चों को उपहार एवं मिठाई भी बांटे गए। स्कूल के निदेशक वीरेंद्र कुमार राय ने बताया कि शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग से ही हम इतनी दूरी तय कर पाएँ हैं। सहयोग मिलता रहें। हम सभी का आभार व्यक्त करते हैं। वहीं कार्टूनिस्ट व पत्रकार अमरेन्द्र ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को लेकर कई चुनौतियाँ सामने आती हैं, ऐसे में वीरेंद्र कुमार राय धन्यवाद के पात्र हैं हमेशा इसी तरह आगे बढ़ते रहें।

मोबाइल छीनकर डेढ़ लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिया गया

दानापुर नगर के। रूपसपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने एक यात्री से मोबाइल छिनकर उसके साथ मारपीट कर डेढ लाख रुपए ट्रांसफर करने वाले युवक को धड़ दबोचा। पुलिस ने उसके ऑटो को भी जप्त कर लिया। गिरफ्तार रूकनपुरा निवासी आदित्य कुमार उर्फ खुशी को पुलिस ने पुछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बताया जाता है कि विगत 05 जनवरी को रूपसपुर थाना क्षेत्र के कालीकेत नगर निवासी संजीव कुमार पाटलिपुत्र स्टेशन से ऑटो पकडके आ रहे थे। तभी बदमाशो ने संजीव के साथ मारपीट कर उसका मोबाइल छिन लिया। बदमाशो ने उससे अपने खाते में डेढ लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिया था। जिसमें छानबीन करते हुए पुलिस ने रूकनपुर निवासी आदित्य उर्फ खुशी को गिरफ्तार किया साथ ऑटो भी बरामद किया। थानाध्यक्ष रण विजय कुमार ने बताया कि संजीव से ऑटो सवार ने मोबाइल छिन उसके खाते से डेढ लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिया था।

देसी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

दिनारा (रोहतास) पुलिस ने देसी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वही थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के सरना गांव से 5 लीटर देसी शराब के साथ राजेश मुसहर को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया।

जीवन में अनुशासन, निष्ठा, लक्ष्य के प्रति समर्पण व ईमानदारी जरूरी : डॉ. आरके सिंह

रिया राज बनीं राजकीय महिला काले की ओवर ऑल चैंपियन

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

राजकीय महिला महाविद्यालय, गुलजारबाग, में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो(डॉ) आरके सिंह के द्वारा पौधारोपण कर किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ जयश्री एवं खेल प्रभारी श्रीमती उषा पासवान के साथ गुब्बारे उड़ा कर भी किया।

छात्राओं के लिए आज गोली-चम्मच रेस प्रतियोगिता तथा 100 मीटर दौड़ आयोजित की गई ।वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजित सभी खेलों का पुरस्कार वितरण कुलपति के द्वारा किया गया। छात्राओं को संबोधित करते हुए कुलपति प्रोडॉ आरके सिंह ने कहा कि

जीवन में अनुशासन, निष्ठा, लक्ष्य के प्रति समर्पण, ईमानदारी तथा समय का महत्व पर छात्राओं को बताया। साथ ही छात्राओं को नियमित रूप से महाविद्यालय आने को प्रेरित किया। कार्यक्रम के आरंभ में प्राचार्या ने कुलपति का स्वागत अंगवस्त्र तथा पुष्प गुच्छ देकर किया। प्राचार्या ने अपने संबोधन में बताया कि कुलपति के कुशल प्रशासकीय नेतृत्व में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय राज्य का पहला विश्वविद्यालय बना, जहां नई शिक्षा नीति के तहत चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम की शुरूआत की गई।

साथ ही आपके नेतृत्व में ही सभी सत्र नियमित किए गए। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में महाविद्यालय की सभी सहायक प्रोफेसर के लिए फ्रूटी रेस तथा अन्य कर्मचारियों के लिए कोको कोला रेस भी अयोजित की गई। ओवर ऑल चैंपियन का पुरस्कार रिया राज, बी एससी, गणित प्रतिष्ठा थर्ड ईयर को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ उषा यादव तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ कुमारी निमिषा ने किया। इस अवसर पर खेलकूद समिति के सभी सदस्य भी उपस्थित थे।

विद्यालय व शिक्षा विभाग के नियमों से छात्र के अभिभावकों को कराया अवगत

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। शहर के पुराने विद्यालयों में से एक एमएए उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें वर्ग पांच से आठ तक के छात्र-छात्राएं और उनके माता-पिता और अभिभावक शामिल हुए। संगोष्ठी में विद्यालय के प्राचार्य इम्तियाज अहमद ने कहा कि आजकल के शिक्षा जगत और शिक्षा की गुणवत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वह अपने बच्चों को समय पर हर दिन विद्यालय भेजें। तीन दिनों से अधिक अनुपस्थित रहे छात्रों का नाम काटने का भी आदेश विभाग के द्वारा मिल चुका है। छात्र-छात्राओं को इस बात से भी अवगत कराया गया कि स्कूल की परीक्षा में या बोर्ड की परीक्षा में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति 75 प्रतिशत होना जरूरी है। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकगण भी मौजूद थे। इस दौरान जाहिद तमीज, डॉक्टर अतिकुल हक, वसीम अहमद, श्रीमती खालिदा परवीन, नेहा परवीन, सुमैया फरहत, इम्तियाज आलम एवं मोहम्मद इरशाद तथा स्कूल के खेल शिक्षक मोहम्मद हसीन आदि ने अपने विचार रखे और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। यह जानकारी वरीय शिक्षक सैयद मुजफ्फर राजा ने दी।

सिटी व अजीमाबाद अंचल ने हटाया अवैध अतिक्रमण, वसूला जुर्माना

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

जिला प्रशासन और नगर निगम के सहयोग से गुरुवार को भी अजीमाबाद अंचल और सिटी अंचल के द्वारा अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। सिटी अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी आशुतोष कुमार ने बताया कि चलाए गए अभियान में पांच हजार बतौर जुमार्ना अतिक्रमणकारियों से वसूल किया गया है। इस दौरान ठेला पर दुकान लगाए दुकानदार सामान समेट कर भागने लगे। जो फुटपाथ पर दुकानदार दुकान लगाए थे, उन सबों ने भी अपना कारोबार समेट लिया। अभियान में अतिक्रमण प्रभारी रितेश कुमार भी शामिल थे। दूसरी ओर

अजीमाबाद अंचल के द्वारा खाजेकलां घाट से होते हुए खाजेकलां सब्जी मंडी और गुरहट्टा मोड़ से अभियान चलाया गया। इस दौरान खाजेकलां घाट, महावीर घाट, भद्र घाट मोड तक अभियान चलाया गया। अभियान में मो नुरूल हक शिवानी, सीएसआई राजीव कुमार, अतिक्रमण प्रभारी मिथिलेश कुमार आदि शामिल थे। अभियान के दौरान करीब 12 हजार बतौर जुमार्ना अतिक्रमणकारियों से वसूल किया गया। अभियान लगातार चलता रहेगा। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि अशोक राजपथ के पश्चिम दरवाजा से मच्छरहट्टा के घघा गली मोड़ के बीच फिर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा और इसकी मॉनिटरिंग की जाएगी। कारण कि एक दिन पहले चले अभियान के बाद फिर लोग फुटपाथ पर काबिज हो गए हैं।

महागठबंधन सरकार को जनता सत्ता से बाहर की रास्ता दिखाएगी : पारस

पटना। फुलवारीशरीफ में महादलित परिवार के दो बच्चियों के साथ दुष्कर्म की बच्ची की हत्या और बाद एक की हत्या तथा एक बच्ची अचेत अवस्था में एम्स में भर्ती हैं जो जीवन मौत से जूझ रही है। इस जघन्य घटना को लेकर राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उघोग मंत्री पशुपति कुमार पारस ने घटना की विस्तृत जानकारी के लिए युवा के प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र यादव के नेतृत्व में एक कमिटी का गठन कर घटना स्थल पर भेजा। प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि राष्ट्रीय लोजपा और दलित सेना के तरफ से रंजीत पासवान, राजेन्द्र विश्वकर्मा, राधाकान्त पासवान, पंकज दांगी, सूरज पासवान, अरूण शर्मा ने घटना स्थल का निरीक्षण किया तथा केन्द्रीय मंत्री को विस्तृत जानकारी दी। केन्द्रीय मंत्री पारस ने कहा कि बिहार में

महागठबंधन सरकार बनते ही पूरी विधि व्यवस्था पूर्ण रूप से चरमरा गई है। जहां प्रतिदिन दिन-दहाड़े दलित, महादलित, अतिपिछड़ों महिलाओं के साथ बलात्कार कर उनकी हत्या कर दी जा रही है। आगे पारस ने कहा कि जिस दर्दनाक घटना को लेकर ग्रामीण ने अपराधियों के पकड़ने के लिए प्रदर्शन कर रहे लोगों को पुलिस प्रशासन द्वारा लाठी दंडो से पीटकर भगा दिया गया। आगे पारस ने कहा कि 2024 लोकसभा के साथ ही 2025 के विधानसभा चुनाव में बिहार की जनता महागठबंधन की सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखायेगी।

प्रभातफेरी में कीर्तन व जयकारा से गुरु पर्व का अहसास

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 357वां प्रकाश उत्सव समारोह पर निकल रही प्रभातफेरी गुरुवार को तख्त साहिब के आसपास गई। पंज प्यारों की अगुवाई में अशोक राजपथ के रास्ते हाजीगंज के अरोड़ा हाउस, छोटी पटनदेवी, काली स्थान होते हुए बाड़े गली के रास्ते वापस तख्तश्री पटना साहिब लौटी।

शुक्रवार को तख्त साहिब से चल कर चमडोरिया, हाजीगंज, लक्की बिस्कूट रोड, छोटी पटनदेवी गली, हरिमंदिर गली होते हुए वापस लौटेगी। पंज प्यारे के नेतृत्व में निकली तख्तश्री हरिमंदिर साहिब से अरदास के बाद शुरू हुई प्रभातफेरी में संयोजक तेजिन्दर सिंह बग्गा, रणजीत सिंह, इन्द्रजीत सिंह बग्गा, प्रेम सिंह, दलजीत कौर, बिल्लू सिंह, गुरुसिमरन सिंह के साथ सिख श्रद्धालु कीर्तन और जयकारा करते चल रहे थे। प्रभातफेरी का समापन 15 जनवरी को बड़ी प्रभातफेरी से होगा।

दुष्कर्मियों को स्पीडी ट्रायल से मिले सजा

पटना सिटी (प्राकि)। पटना में महादलित समाज की दो छोटी बच्चियों के साथ जिस प्रकार से विधर्मियों के द्वारा रेप की घटना को अंजाम दिया गया और फिर उसकी हत्या की गई, यह खासा दुखद है। पटना महानगर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के संयोजक संजय चंद्रवंशी ने इस क्रूरता को अक्षम्य अपराध बताते हुए कहा कि बच्चियों को त्वरित न्याय मिले और ऐसी सजा मिले, जो एक नजीर बन सके। इससे बेटियों की ओर आंख उठाने की हिम्मत कोई नहीं कर सके। संजय चंद्रवंशी ने कहा कि सरकार और प्रशासन का इकबाल समाप्त हो गया है और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं, जिसका परिणाम यह है कि बेटियां असुरक्षित महसूस कर रही हैं।

भारत विकसित संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन

फतुहा। स्मथानीय महारानी चौक के पास गुरुवार को नगर परिषद द्वारा भारत विकसित संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित की गयी। इस कार्यक्रम के दौरान लोगों को भारत सरकार के सभी जनहित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी।

वैसे लाभुक जो किसी तकनीकी कारण वश योजना से वंचित हो जा रहे हैं, उनकी समस्याओं का निदान भी किया गया। नगर परिषद के द्वारा इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना व राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन पर विशेष फोकस किया गया। साथ ही राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत रेहड़ी व फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले दस लोगों को ऋण के लिए अनुमोदन भी किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान कई बैंको के प्रतिनिधियों द्वारा ऋण मुहैया कराने की स्कीम भी बताया गया। मौके पर मौजूद क्षेत्रीय सम्पर्क पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार की जनहित योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है।

मकान से दस लाख की चोरी, घरेलू महिला पर शक

पटना सिटी (प्राकि)। अगमकुआं थाना क्षेत्र के भूतनाथ रोड स्थित मकान से आठ लाख के आभूषण, सामान और दो लाख नगद चोरी हो गई है। चोरी के मामले में पीड़िता अर्चना राय ने थाना में मामला दर्ज कराई है। इसमें महिला ने कहा है कि वह घर से कुछ दिनों के लिए बाहर गई थी। इसी बीच घर में चोरी हो गई। आलमीरा से चोरी की गई है। घर में कार्य करने वाली महिला पर चोरी की आशंका जताई गई है। पुलिस ने बताया कि चोरी की प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।

प्रकाश पर्व में संगत की सुरक्षा में तैनात रहेंगे पुलिस पदा. व बल

श्रद्धालुओं को ठहरने वाले स्थान का आईजी गरिमा मलिक ने सिटी एसपी के साथ किया मुआयना

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

दशमेश पिता का प्रकाश पर्व में महज 4 दिन बचा है इसे लेकर सुरक्षा व्यवस्था और विधि व्यवस्था को देखने समझने और निर्देश देने के लिए आरक्षित महानिदेशक गरिमा मलिक गुरुवार को यहां पहुंचीं। सबसे पहले तक श्री हरि मंदिर की पटना साहिब पहुंचे यहां कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह और सूरज सिंह नलवा ने उनका स्वागत किया। आईजी के साथ टीएसपी ईस्ट सुदीप सिंह, एएसपी सरद आरएस भी थे। आईजी ने तक श्री पटना साहिब के रिहाइज इससे सटे बड़े की गली में स्थित रिहाइयों का निरीक्षण किया साथ ही विशेष डिमांड लंगर हॉल बनने वाले लंगर को भी देखा प्रकाश पर्व के दौरान आने वाली संगत के प्रवेश और निकास

की स्थिति को भी जाना और समझा विप मोमेंट के दौरान वाहनों के पार्किंग पर भी विमर्श किया गया इसके बाद वह कंगन घाट जाकर व्यवस्था को देखे यहां से वह गुरुद्वारा बाल लीला मनी संगत गई यहां बाबा सुखविंदर सिंह बाबा गुरविंदर सिंह ने इन सबों का स्वागत किया दरबार साहिब में मत्था टेकने के बाद उन्हें आशीर्वाद स्वरूप स्वरूप और प्रसाद भेंट किया गया यहां लंगर के लिए उमड़ने वाली भीड़ रिहाई के बारे में जानकारी ली इसके अलावा बाबा गुरविंदर सिंह और दीपक सिंह लांबा ने उन्हें गुरुद्वारा बाल लीला प्रबंधन के द्वारा आसपास में संतो को ठहरने के लिए लिए गए कम्युनिटी हॉल आदि की सूची उन्हें उपलब्ध है कराया यहां पर बाल लीला और एनआरआई भवन के पास खड़ी कुछ निजी गाड़ियों पर उन्होंने आपत्ति जताई और साथ में रहे थाना अध्यक्ष को इस संबंध में निर्देशित भी किया मौके पर बाबा गुरवंत सिंह बाबा मास्टर जी बाबा राम सिंहराजन सिंह आदि भी मौजूद थे इसके बाद आईजी गरिमा मलिक यहां से माल सलामी स्थित आप शाह सामुदायिक भवन के लिए प्रस्थान कर गई यहां भी ठहरी संगत और उसकी सुरक्षा को लेकर व्यवस्था को अच्छी और इस संबंध में उन्होंने निर्देशित भी किया। उन्होंने कहा कि प्रकाश पर्व में शामिल होने वाले संगतों की सुरक्षा में पुलिस पदाधिकारियों और बल की तैनाती की जाएगी। पुलिस टीम छापेमारी कर रही है। असामाजिक तत्वों पर निगरानी की जा रही है। वह प्रकाश पर्व में संगतों की सुरक्षा का जायजा और विधि-व्यवस्था संधारण का जायजा लेने पहुंची थीं। आईजी के साथ नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी संदीप सिंह, एएसपी शरथ आरएस भी थे। इन सबों ने दरबार साहिब में जाकर मत्था टेका, जहां पर गुरुघर का आशीष सिरोपा दिया गया।

आयुक्त के निर्देश पर पटना शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना कुमार रवि के निदेश पर सातवे दिन पटना शहर में अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाया गया। विभिन्न नगर निकायों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इस पर आयुक्त लगातार नजर रखे हुए हैं एवं नियमित समीक्षा कर रहे हैं।

प्रशासन, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, परिवहन, राजस्व, पथ निर्माण, स्वास्थ्य, पुलिस, अग्निशाम, पुल निर्माण निगम, दूरसंचार, वन प्रमंडल, विद्युत सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी अतिक्रमण हटाओ अभियान में शामिल हैं।

जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचना के अनुसार आज पटना नगर निगम के बांकीपुर अंचल में दस बजे पूर्वाह्न से चार बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ वैशाली गोलम्बर से दिनकर चौक गोलम्बर होते हुए मैकडोवल तक अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान 24 अवैध बैनर/पोस्टर हटाया गया एवं टूटा-फूटा ठेला, बांस, बल्ला जप्त किया गया। आज इस अंचल में 31,200/- जुमार्ना वसूला गया। अजीमाबाद अंचल में ग्यारह बजे पूर्वाह्न से चार बजकर तीस मिनट अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ गुड़हट्टा मोड़ से खाजेकलाँ घाट, महावीर घाट एवं भद्रघाट मोड़ तक अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान 15 अवैध बैनर/पोस्टर हटाया गया एवं एक टीपर बैनर, पोस्टर, बांस, बल्ला जप्त किया गया। आज इस अंचल में 12,000/- जुमार्ना वसूला गया। पटना सिटी अंचल में दस बजे पूर्वाह्न से तीन बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ गुरूद्वारा से चौक मोड़ होते हुए बाललीला हरिमंदिर गली तक अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान 35 अवैध बैनर/पोस्टर हटाया गया एवं टूटा-फूटा स्क्रैप जप्त किया गया। आज इस अंचल में 5,000/- जुमार्ना वसूला गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में विभिन्न अंचलों में 48,200/- रुपये जुमार्ना वसूला गया। सात दिनों के अभियान में कुल 3,55,500/- जुमार्ना वसूला गया।आयुक्त निदेश पर यातायात पुलिस द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया है। विशेष वाहन चेकिंग अभियान के दौरान आज 78 वाहनों से 1,40,500/- शमन की राशि वसूला गया। अब तक कुल 114 वाहनों से 2,08,000/- शमन की राशि वसूला गया।अधिकारियों को निदेश दिया कि कड़ाई से स्पेशल ड्राइव चलाएं।

अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई करें। पब्लिक न्यूसेंस हटाने के लिए पुलिस से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर दं.प्र.सं. की धारा 133 में नोटिस देकर कार्रवाई करें। प्रावधानों के अनुसार अर्थदंड लगाएं। पुनः अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करें। आयुक्त रवि ने कहा कि नगर निकायों को समुचित शक्ति प्रदत्त है।अस्थायी अतिक्रमण की स्थिति में 5,000/- रुपया तथा स्थायी अतिक्रमण की स्थिति में 20,000/- रुपये का दंड लगाने का अधिकार दिया गया है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण में प्रयुक्त सामानों की जब्ती की जाए तथा अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध नियमानुसार अर्थदंड लगाएं।

बालासोर ट्रेन दुर्घटना के हजारों प्रभावित लोगों को मिली राहत

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। ओडिशा के बहनागा बाजार रेलवे स्टेशन पर 2 जून, 2023 को कोरोमंडल एक्सप्रेस और दो ट्रेनों की भीषण टक्कर हुई थी। इस विनाशकारी दुर्घटना में लगभग 300 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी, वहीं 1,200 से अधिक लोग घायल हो गए थे। इस दुखद घटना के बाद तत्काल राहत पहुंचाने के लिए, डोनेटकार्ट ने स्वस्ति, द हेल्थ कैटलिस्ट के साथ मिलकर आपदा से प्रभावित लोगों की मदद आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई है। डोनेटकार्ट की बात करें तो यह एक सोशल एंटरप्राइज है, जो मौद्रिक योगदान प्रदान करने की बजाय दान की गई जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति करती है। वहीं स्वस्ति, द हेल्थ कैटलिस्ट सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ा एक अग्रणी गैर-लाभकारी संगठन है, जो हाशिये पर पड़े लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण की दिशा में काम करता है। स्वस्ति हेल्थ कैटलिस्ट के नेशनल सोशल प्रोटेक्शन को-ऑर्डिनेटर, भूपति पंडरीनाथन कहते हैं, ह्लस्वस्ति में हम समुदायों के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा फोकस विशेष रूप में संकट के समय में लोगों की मदद करने पर रहता है। डोनेटकार्ट के सहयोग से हमें बालासोर ट्रेन दुर्घटना में घायल लोगों को तत्काल मदद उपलब्ध कराने में बेहद जरूरी मदद मिली है। हमारा पूरा ध्यान घायलों की रिकवरी के लिए, उनकी अलग अलग जरूरतों के अनुसार तत्काल राहत उपलब्ध कराने से लेकर उन्हें हर प्रकार प्रदान उपलब्ध कराने पर रहा है। इस सहयोग के बारे में बात करते हुए, डोनेटकार्ट के सीईओ एवं सह-संस्थापक, सारंग बोबडे ने कहा, "हमारा मानना है कि समुदायों की सामूहिक शक्ति समाज में वास्तविक बदलाव लेकर आता है, स्वस्ति के साथ हमारा सहयोग इसी विश्वास को और भी मजबूती प्रदान करता है। हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ इस दिशा में प्रयास कर रहे हैं कि समाज में पारदर्शी संस्कृति का विकास हो, प्रभावशाली दान की संस्कृति बढ़े, संसाधन सीधे वहां पहुंचें जहां उनकी सबसे ज्यादा जरूरत है, यह सुनिश्चित हो कि मुश्किल पलों में पीड़ितों को भरपूर उम्मीद और समर्थन मिले।" डोनेटकार्ट के प्रोग्राम मैनेजर नागेंद्र बाबू कहते हैं, ह्लहमारा लक्ष्य है कि स्वस्ति के साथ मिलकर हम लंबे समय तक घायलों की रिकवरी में मदद कर सकें। आपात स्थिति को समझते हुए, हमने विश्वसनीय ऑन-ग्राउंड एनजीओ सहयोगियों के साथ कार्यान्वयन भागीदार के रूप में स्वस्ति के साथ तुरंत सक्रिय रूप से राहत कार्यक्रम शुरू किया। दो स्तर की रणनीति अपनाते हुए, शुरूआत में हमारा पूरा ध्यान आश्रय किट, दवा की आपूर्ति और हाइजीन संबंधी जरूरी वस्तुओं के साथ तत्काल आपातकालीन राहत सामग्री को वितरित करने पर था।

मदुरना पहाड़ी स्थित खेत के पास गड्ढा से सर कटा मिला युवती का शव

प्रात :किरण संवाददाता

कैमूरः चैनपुर के मदुरना पहाड़ी स्थित खेत के पास गड्ढा से सर कटा एक युवती का शव मिला है। सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस पहुंची पुलिस ने बताया कि अभी तक युवती का पहचान नहीं हुआ है जिसे अभी तक लावारिस है।

आगे उन्होंने बताया कि आज पहाड़ी पर मवेशी चरा रहे चरवाहा द्वारा सूचना दिया गया की मदुरना पहाड़ी के पूरब खेत के पास एक बड़ा सा गड्ढा में एक युवती का शव फेंका गया है। घटना की जानकारी लेने मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को देखा तो युवती का शरीर से सर कटा हुआ था।

वही पुलिस द्वारा लड़की के सर को खोजने के लिए काफी खोजबीन किया गया लेकिन सर उसका नहीं मिला।

पुलिस शव को कब्जे में लेकर आसपास के गांव के लोगों को एवं स्थानीय लोगों से पहचान कराने के लिए काफी कोशिश भी किया। लेकिन लड़की से शरीर से सर नहीं रहने से लड़की का पहचान नहीं किया गया। जो युवती का लगभग उम्र 19 वर्ष बताया गया है। उसके पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। जिस पर चैनपुर थानाध्यक्ष रणवीर कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंच गया तो घटनास्थल से लड़की के शव के अलावा अभी तक कुछ बरामद नहीं हुआ है ।लड़की के सर को लेकर खोजबीन की जा रही है अभी इस मामले को लेकर पुलिस जांच में जुटी हुई है। अभी तक लड़की की पहचान नहीं हो पाई है। घटना किस कारण कैसे हुआ अभी तक इसकी कोई जानकारी नहीं है पुलिस अपने स्तर से जांच में जुटी हुई है।

कैमूर में आरजेडी कार्यकर्त्ता संवाद कार्यक्रम का आयोजन

कैमूर : राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय जनता दल कैमूर के द्वारा जिला मुख्यालय भभुआ में स्थित लिच्छवी भवन में आयोजित कार्यकर्त्ता संवाद कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि उदघाटन कर्ता बिहार सरकार श्रम संसाधन विभाग मंत्री सुरेन्द्र राम , विशिष्ट अतिथि बिहार सरकार पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह, विधान परिषद अशोक पांडेय, विधायक राजवंशी महतो, विधायक मुकेश यादव,राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष मो अनवर आलम , प्रदेश उपाध्यक्ष मधु मंजरी तथा इस कार्यक्रम कि अध्यक्षता राजद जिला अध्यक्ष अकलू राम एवं संचालन कर्ता जिला प्रधान महासचिव भोला नाथ सिंह यादव ने किया ।इस कार्यक्रम में उपस्थित तमाम पदाधिकारीयों ने जिले का सभी राजद अधिकारियों को संदेश दिए कि आप सभी अगर अपने सभी प्रकोष्ठो का बूथ स्तर तक ईमानदारी पूर्वक विस्तार करते हैं तो आधी चुनाव इसी तरह जीत जाया जाएगा उसके बाद बोले कि बिहार का रोजगार सृजन कर्ता नौकरी मैन प्रदेश, देश युवाओं का भविष्य बिहार का उप मुख्यमंत्री माननीय श्री तेजस्वी यादव जी के कारवां को आगे बढ़ाने के लिए इनके द्वारा चालु कि गई योजना और शिक्षा, स्वास्थय, रोजगार आदि में हुई सुधार और एक साल के अंदर दिए हुए पांच लाख प्लस नौकरी का चौक चौराहे और गली मोहल्ला में चर्चा करें ताकि हिंदू मुस्लिम, मंदिर मस्जिद, अंधविश्वास को छोड़ सामाजिक मूलभूत सुविधाओं के प्रति जागरूक हो साथ हीं एनडीए कि सरकार जुमलेबाजो के खिलाफ जोड़दार हमला बोले इस सभा में उपस्थित प्रदेश नेता आशिफ मुन्ना खां,नंदकुमार यादव, इस्लाम अंसारी, पवन बिंद, रामब्यास बिंद, बबन लाल श्रीवास्तव, सलाउद्दीन अंसारी, मुन्ना सिंह, असलम अंसारी,आनंद सिंह, बबलू गोंड, मुकेश पटेल , सुबास यादव, जितेन्द्र यादव, संजय गौतम, सोनू सिंह, गोविंद यादव, सुरेन्द्र यादव, ब्रिजेश यादव आदि नेता कार्यकर्त्ता गण उपस्थित रहे।

केंद्र सरकार की अहम योजनाओं से लोग हुए अवगत

संझौली (रोहतास) पंचायत सरकार भवन संझौली व उदयपुर के प्रांगण में 11 जनवरी 2024 को भारत सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत, प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई दामोदर दास मोदी की गारंटी वाली एलईडी वैन, पंचायत सरकार भवन संझौली व उदयपुर पंचायत भवन पर पहुंचकर, प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विधिवत जानकारी दिया।

विशेष रूप से उज्जवला, आयुष्मान, किसान क्रेडिट कार्ड , विश्वकर्मा योजना, एन एफ एल द्वारा भारत में युवाओं का रजिस्ट्रेशन कर, योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ देना शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा कथित देश की चार जातियां युवा, महिला, किसान

मुख्यमंत्री ने ई-वाहन एक्सपो कार्यक्रम का फीता काटकर किया उद्घाटन

● एक्सपों में सीएम ने ई-वाहनों की प्रदर्शनी का किया अवलोकन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मौर्या होटल परिसर में आयोजित ई-वाहन एक्सपो कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान परिवहन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने पुष्प गुच्छ भेंटकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया तथा विभिन्न ई-वाहन कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भी मुख्यमंत्री का स्वागत किया।ई-एक्सपो में मुख्यमंत्री ने सभी स्टॉलों पर जाकर विभिन्न कंपनियों द्वारा लगायी गयी ई-वाहनों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उसकी कार्य पद्धति और उसकी विशेषताओं के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर परिवहन मंत्री शीला कुमारी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, परिवहन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, राज्य परिवहन आयुक्त असीमा जैन, जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा एवं विभिन्न ई-वाहन कंपनियों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

स्मृति ईरानी से सनातनी होने का प्रमाण पत्र नहीं चाहिए : मदन

● हमारे नेता वसुधैव कुटुम्बकम में विश्वास रखते हैं : शीला

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के बयान पर निशाना साधा है। बृहस्पतिवार को जनता दल यू मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री सहनी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के नेताओं को सनातनी और राम भक्त का प्रमाण पत्र देने का अधिकार स्मृति ईरानी के पास नहीं है। श्री मदन सहनी ने कहा कि हमें जब इच्छा होगा तब अयोध्या में भगवान राम का दर्शन करने जायेंगे। किसी के कहने पर किसी खास तारीख को ही हम क्यों जाएं? पत्रकारों द्वारा पूछे गए राजद कोटे के मंत्री आलोक मेहता के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्री मदन सहनी ने कहा कि हमारी पार्टी भारतीय सेना पर कभी भी प्रश्न चिन्ह नहीं लगती है। भारत की महान सेना सीमा की सुरक्षा के लिए तत्पर है। जिन लोगों ने भी सर्जिकल स्ट्राइक को फर्जी कहा है उनसे उनकी बातों का आधार या स्रोत पूछना चाहिए। परिवहन मंत्री शीला मंडल ने कहा कि इंडिया गठबंधन के शीर्ष नेता जल्दी ही मिल-बैठकर सीट शेयरिंग का काम पूरा कर लेंगे। श्रीमती शीला मंडल ने कहा कि हम सीताराम कहने वाले लोग हैं। मिथिला माता सीता की जन्म भूमि रही है। भगवान राम और माता सीता में हमारी अटूट आस्था है। धर्म व्यक्तिगत आस्था का विषय है। राम मंदिर के उद्घाटन समारोह में किसे जाना चाहिए और किस नहीं जाना चाहिए इस पर राजनीतिक टीका-टिप्पणी उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी और हमारे नेता सभी धर्मों का सम्मान करते हैं। हम वसुधैव कुटुम्बकम में विश्वास रखते हैं। इससे पहले समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी एवं परिवहन मंत्री शीला मंडल ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमलोगों के शिकायतों को सुनकर त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उक्त कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश महासचिव अरुण कुमार सिंह मौजूद रहे।

संविधान व लोकतंत्र को बचाने के लिए एकजुट होने की जरूरत : जयप्रकाश

● राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं : सुरेंद्र

पटना। राज्य स्तरीय कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन के दूसरे दिन गुरूवार को बांका सहित 12 जिलों में कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन में हो रहा है। प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि गुयवार को बांका जिला कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन में सहकारिता मंत्री सुरेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि केन्द्र में झूठे वादे और जुमलेबाजी करने वाली सरकार के कारनामा को जन जन तक पहुंचने का काम करें। उन्होंने कहा कि केन्द्र का दो करोड़ युवाओं को नौकरी देने का वादा सिर्फ जुमला रह गया, बढ़ती मंहगाई से जनता परेशान है। मंत्री ने आगे कहा कि बिहार मे उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के संकल्पों के अंतर्गत महागठबंधन सरकार के द्वारा युवाओं को नौकरियां दी जा रही है, उनके चेहरे पर मुस्कान आई है और बिहार का लगातार विकास हो रहा है, बिहार में जातिगत गणना का होना बिहार सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धि है, राज्य सरकार ने आंकड़ों के आधार पर जिसकी जितनी संख्या उसकी उतनी हिस्सेदारी तय करते हुए संख्या के आधार पर 75% आरक्षण की व्यवस्था की है। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सह पूर्व सांसद बांका जयप्रकाश नारायण यादव ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने संविधान और लोकतंत्र पर हमला कर बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के सपनों के साथ खिलवाड़ किया है, इसका जबाब हमें संविधान बचाओ, देश बनाओ का नारा के साथ मजबूत गोलबंदी के साथ करना है। उन्होंने कहा कि आम लोगों को भाजपा के इन नीतियों के खिलाफ एकजुट करते हुए हम दो हमारे दो की नीतियों को बताना है कि किस तरह से पूंजीपतियों के हाथों लाभ वाली कंपनियों को बेचकर युवाओं के रोजगार को समाप्त कर रही है और गरीबों को और गरीब बनाने की पॉलिसी पर चल रही है।एजाज अहमद ने बताया कि 12 जिलों में आयोजित संवाद कार्यक्रम में केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ तथा बिहार सरकार की उपलब्धियों की चर्चा की जा रही है। साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद एवं उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के विचारों तथा संकल्पों को आम लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। उन्होंने 24 जनवरी को जननायक जयंती समारोह के अवसर पर कार्यकर्ता साथियों से पटना पहुंचन का आह्वान किया। इस मौके पर वधायक विजय कुमार मंडल, अजय कुमार सिंह,डॉ उर्मिला ठाकुर पूर्व मंत्री जावेद ईकबाल अंसारी, विधायक भूदेव चौधरी, पूर्व विधायक रामदेव यादव , अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सत्येन्द्र गोंड के अलावा जिला के वरिष्ठ नेताओं ने भी जिला कार्यकर्ता संवाद को संबोधित किया।

इलेक्ट्रिक व्हीकल्स से इको फ्रेंडली परिवहन को मिलेगा बढ़ावा: करुणा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ करूणा सागर ने कहा कि राजधानी पटना में बृस्पतिवार से शुरू हुए इलेक्ट्रिक व्हीकल एक्सपो प्रदेश में इको फ्रेंडली परिवहन को बढ़ावा देने के साथ-साथ प्रदूषण नियंत्रण में भी कारगर साबित होगा। बिहार की महागठबंधन सरकार द्वारा लागू की गई नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति से जहां इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वालों को रियायत मिलेगी वहीं राज्य में निवेश का रास्ता भी खुलेगा। गुरूवार से शुरू हुए इलेक्ट्रिक व्हीकल एक्सपो के बारे में चर्चा करते हुए राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता व तमिलनाडु के पूर्व डीजीपी डॉ. करुणा सागर ने कहा कि महागठबंधन सरकार ने प्रदेश में पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण के साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित करने के लिए नई नीति लागू की है। बिहार इलेक्ट्रिक व्हीकल एक्सपो में ई साइकिल से लेकर ई बस तक का प्रदर्शन किया गया है। इस आयोजन के माध्यम से बिहार के लोगों के मन में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को लेकर उत्पन्न होने वाली जिज्ञासाओं का हल प्रदान करके आम लोगों को इलेक्ट्रिक वाहन का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल के लिए प्रोत्साहित करने में मदद मिलेगी। राजद प्रवक्ता ने आगे कहा कि प्रदेश में दोपहिया और चार पहिया इलेक्ट्रिक वाहन के इस्तेमाल से लोगों के ईंधन का खर्च बचेगा। लोगों को अपार्टमेंट्स के साथ साथ पेट्रोल पम्प पर भी चार्जिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति निवेशकों के लिए भी काफी बेहतर है। चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने पर बिहार सरकार निवेशकों को सब्सिडी मुहैया कराएगी। डॉ. करुणा सागर ने कहा कि एक्सपो में आने वाले लोगों को इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग, पर्यावरण अनुकूल परिवहन सुविधा, इलेक्ट्रिक वाहन तकनीक, बैटरी तकनीक समेत अन्य पहलुओं की जानकारी मिलेगी। इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति जागरूकता पैदा करने और इस उद्योग से जुड़े उद्यमियों को आकर्षित करने की दिशा में यह एक महत्पूर्ण आयोजन है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि बिहार में नीतीश-तेजस्वी की जोड़ी धरातल पर नीतियों के क्रियान्वयन के लिए लगातार काम कर रही है। इलेक्ट्रिक वाहन नीति को भी प्रभावी ढंग से लागू करने की पहल की गई है। जल्द ही इसके अच्छे नतीजे सामने आएंगे।

बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या जघन्य अपराध : सम्राट

● मांग : 24 घंटे के अंदर दोषियों को गिरफ्तार करे पुलिस

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी गुरूवार दानापुर पहुंचे और उस पीड़ित परिवार से मुलाकात की, जिनकी दो बच्चियों को अगवा कर दुष्कर्म और बाद एक की हत्या कर दी गई। एक बच्ची अभी भी जीवन और मौत के बीच झूल रही है। भाजपा अध्यक्ष ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि भाजपा उनकी न्याय की लड़ाई तब तक लड़ती रहेगी जब तक कि दोषियों को फांसी की सजा नहीं मिल जाती। उन्होंने कहा कि अपराध क्षम्य नहीं हो सकता। पुलिस थाना से करीब तीन किलोमीटर दूर गरीब, दलित परिवार के साथ ऐसी जघन्य घटना के 24 घंटे बाद भी अपराधी शहर में घूम रहे हैं, यह पुलिस के लिए भी शर्म की बात है। अब तक अपराधियों की पहचान तक नहीं हो पाई है। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि ऐसे अपराधियों को इनकाउंटर कर देना चाहिए और उनके घरों को ध्वस्त करना होगा। भाजपा अध्यक्ष श्री चौधरी ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि पीड़ित परिवार ने साफ तौर पर कहा कि उसे पैसा, दौलत कुछ नहीं चाहिए, दोषियों को सजा मिले यही न्याय है। उन्होंने कहा कि इस मामले को भाजपा स्वयं अपने खर्च पर लड़ेगी। उन्होंने पुलिस प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि 24 घंटे के अंदर दोषियों को गिरफ्तार करे और 48 घंटे के अंदर अदालत में फांसी की सजा के लिए जाए, नहीं तो भाजपा आंदोलन का रास्ता अख्तियार करेगी।

भाजपा नेता संजय खंडेलिया,उषा विद्यार्थि,योगेन्द्र पासवान, अनामिका पासवान भी अध्यक्ष सम्राट चौधरी के साथ उपस्थित थे।

आधे-अधूरे बने मन्दिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा अन्याय : राजीव

कहा- भाजपा की दखलंदाजी से साधू संतो में रोष

पटना। भाजपा पर राममन्दिर को राजनीतिक अखाड़ा बना देने का आरोप लगाते हुए जदयू के राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता श्री राजीव रंजन ने आज कहा है कि अपनी नाकामियों को ढंकने के लिए भाजपा फिर रसे राम नाम की चादर में छिपने के प्रयास कर रही है। आगामी लोकसभा चुनाव में राम मन्दिर का राजनीतिक इस्तेमाल करने के लिए यह इतने बेकरार हो चुके हैं कि आधे-अधूरे बने मन्दिर में ही रामलला की जबर्दस्ती प्राण प्रतिष्ठा कर रहे हैं। एक तरह से यह सीधे-सीधे भगवान राम के साथ अन्याय के समान है। जदयू महासचिव ने कहा कि भाजपा जिस तरह से इस पूरे प्रकरण को हाईजैक कर अपनी मनमर्जी कर रही है उससे साधू-संतों में भी रोष का माहौल है। कई धर्मगुरुओं जगन्नाथपुरी मठ के शंकराचार्य ने भाजपा की अनावश्यक दखलंदाजी और साधू संतो की उपेक्षा से आहत होकर इस कार्यक्रम में नहीं जाने तक का ऐलान कर दिया है। भाजपा से इस मामले में राजनीति न करने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा को समझना चाहिए भगवान राम देश के प्राण हैं और सभी देशवासियों के दिल में बसते हैं। 500 वर्षों के उपरांत हो रही इस प्राण प्रतिष्ठा को पारंपरिक विधि-विधानों का पालन करते हुए ही मनाना चाहिए। साथ ही इससे पहले उन्हें माता जानकी के मन्दिर के नवनिर्माण की पहली ईंट भी रख देनी चाहिए। तभी भगवान राम को वास्तविक खुशी होगी।

शास्त्री जी के जीवन से हमें सीख लेनी चाहिए : कुशवाहा

पटना। रालोजद के प्रदेश कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व लाल बहादुर शास्त्री को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता ई हेमन्त कुमार ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री उपेन्द्र कुशवाहा के सन्देश की जानकारी दी जिसमें उन्होंने कहा कि शास्त्री जी के बेदाग और सादगीपूर्ण जीवन से हमें सीख लेनी चाहिए, हमारी पार्टी शास्त्री जी के जय जवान जय किसान के आह्वान के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश प्रवक्ता नितिन भारती ने बताया कि इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं डॉ निर्मल कुशवाहा, वीरेंद्र दांगी, स्मृति कुमुद, विराट कुशवाहा, मो शाद, अभिषेक कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, मो आशिक और अंजली कुमारी ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रालोजद के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने किया वार रूम का गठन

प्रेमचन्द्र मिश्रा वार रूम के चेयरमैन नियुक्त

पटना। कांग्रेस ने 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी हे। इसी को ध्यान में रखते हुए बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह ने गुरूवार को बिहार कांग्रेस मुख्यालय में चुनाव के संचालन के लिए वार रूम के गठन की घोषणा की। पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधान पार्षद प्रेमचन्द्र मिश्रा को वार रूम का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। उनके नाम की घोषणा डा सिंह ने की। वार रूम सीधे तौर पर दिल्ली के 24 अकबर रोड स्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय से जुड़ा होगा। वार रूम का गठन आगामी लोकसभा चुनाव से संबंधित कांग्रेस पार्टी के अक्रामक प्रचार -प्रसार को धार देने की नीयत से किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने सदाकत आश्रम में आयोजित प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश नेतृत्व के साथ राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी की उपस्थिति में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी के साथ बैठक में यह तय हुआ था कि वार रूम का गठन किया जाय। इसमें प्रदेश प्रभारी मोहन प्रकाश के अलावा विधायक दल के नेता डा शकील अहमद खान भी प्रदेश अध्यक्ष के साथ मौजूद थे। प्रेसवार्त्ता का आयोजन राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा से संबंधित बुकलेट जारी करने के लिए किया गया था। प्रेस वार्ता को कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा ने भी सम्बोधित किया एवं मोदी के दस साल के शासन का काला चिट्ठा खोला। मीडिया के सवालों का जबाब देते हुए प्रदेश अध्यक्ष डा सिंह ने कहा कि इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग पर कोई पेंच नहीं है और वे बातचीत की प्रगति से संतुष्ट हैं। इसके साथ-साथ उन्होंने यह भी साफ किया कि किशनगंज कांग्रेस की सिटिंग सीट है और उसपर कोई विवाद नहीं है। सीट शेयरिंग में हो रही देरी पर मीडिया के सवाल का जबाब देते हुए कहा कि हमें कोई हड़बड़ी नहीं है और भाजपा में भी अभी सीट शेयरिंग नहीं हुआ है। प्रेसवार्त्ता में शामिल नेताओं में हैं कांग्रेस विधायक दल के नेता डा शकील अहमद खान, पूर्व अध्यक्ष डा मदन मोहन झा, पूर्व मंत्री वीणा शाही, विजय शंकर दूबे, प्रेमचन्द्र मिश्रा, विधायक विजेन्द्र चैधरी, विनय वर्मा, लाल बाबू लाल, ब्रजेश पाण्डेय, राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन इत्यादि।

110 साल पुराने बिहार एवं उड़ीसा लोक मांग वसूली अधिनियम 1914 को नये कलेवर देने पर मंथन

राजस्व पार्षद के अध्यक्ष सह सदस्य विवेक कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार एवं उड़ीसा लोक मांग वसूली अधिनियम 1914 के स्थान पर नया कानून बनाने की आवश्यकता को निरूपित करने एवं इस कानून में युक्तियुक्त प्रावधान हेतु गुरूवार को राजस्व पार्षद के अध्यक्ष सह सदस्य विवेक कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सहकारिता विभाग के अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव, मगध, सारण, भागलपुर एवं मुंगेर, तिरहुत प्रमंडलों के प्रमंडलीय आयुक्त, सचिव, राजस्व पर्षद, अपर समाहर्ता, पटना, उप सचिव, राजस्व पर्षद, जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी, समस्तीपुर, संयोजक, स्टेट लेवल बैंकर्स कमिटी, पटना, अवर सचिव, राजस्व पर्षद एवं राजस्व पर्षद, बिहार, पटना के प्रशाखा पदाधिकारीगण एवं सहायक प्रशाखा पदाधिकारीगण शामिल हुये। विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जिलों के जिला पदाधिकारी तथा अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी इस विचार-विमर्श में शामिल हुये तथा महत्वपूर्ण सुझाव दिया। बिहार एवं उड़ीसा लोक मांग वसूली अधिनियम, 1914 के अनुसार वर्तमान में सरकारी बकाये राशि की वसूली की जाती है। इस कानून के कई प्रावधान वर्तमान में अप्रासंगिक हो गया है। उदाहरण के लिये जमींदारी के उन्मूलन के बाद ज्मदनतम ध्वसकमत से वसूलनीय राशि की आवश्यकता नहीं है। इसी प्रकार छोटा नागपुर टीनेन्सी एक्ट बिहार एक्ट के संदर्भ में अप्रासंगिक हो गया है। नई परिस्थितियों में सरकारी बकाये की राशि को नये तरीके से परिभाषित करने की जरूरत है। लोक मांग संबंधित मामलों में अत्यधिक वृद्धि के बाद अंचल, अनुमंडल तथा जिला स्तर पर सुने जाने वाले मामलो के संबंध में पदाधिकारियों के अधिकारिता को परिभाषित करना आवश्यक हो गया है। राजस्व पार्षद के अध्यक्ष सह सदस्य द्वारा अधिनियम के संबंध में प्रारंभिक उदबोधन के राजस्व पर्षद के सचिव द्वारा अधिनियम प्रारूप के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। प्रस्तुतीकरण में पुराने प्रावधानों के अप्रासंगिक प्रावधानों को विलोपित किये जाने, नये प्रावधानों को समाहित किये जाने एवं कतिपय प्रावधानों को नये रूप में प्रतिस्थापित किये जाने के संबंध में तर्क सहित प्रस्तुति दी गई।

बैठक के महत्वपूर्ण बिन्दु :-चूँकि जमींदारी प्रथा का पूर्ण रूपेण उन्मूलन हो चुका है, इस कारण उससे संबंधित प्रावधानों को विलोपित कर दिया जाना श्रेयष्कर है। सरकारी सेवकों द्वारा सरकारी कार्य में किये गये गबन की उगाही हेतु आवश्यक प्रावधान नये कानून में प्रावधानित किया जाना चाहिए। नीलाम पत्र पदाधिकारी द्वारा निष्पादित किये जानेवाले नीलाम पत्रों से संबंधित वसूली की जानेवाली रकम का दायरा प्रशासनिक सुगमता के अनुरूप सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित किये जाने का प्रावधान समाहित किया जाना चाहिए। बिहार राज्य के सीमा के बाहर अवस्थित देनदारों से वसूली से संबंधित आवश्यक प्रावधान नये अधिनियम में समाहित किया जाना चाहिए। स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के मामले में वसूली हेतु स्टूडेंट के स्थान पर उनके गारंटर को बनाया जाय। सिविल प्रिजन को अधिनियम में स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाय। विचार किया गया कि नये कानून के संबंध में आम जनता से राय समय-सीमा के अंदर प्राप्त किया जाय तथा इस पर सक्षम स्तर पर स्वीकृति के लिये कार्रवाई की जाय। इस नये कानून के फलस्वरूप लंबित मांगो की समय पर वसूली होने से सरकारी राजस्व में बढ़ोतरी होगी। इससे लोक-कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में मदद मिलेगी।

जन सुराज कार्यालय में याद किए गए लाल बहादुर शास्त्री

पटना। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि जन सुराज के पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में मनायी गयी और उन्हें शिद्दत से याद किया गया। जन सुराजियों ने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय कुमार ठाकुर ने कहा कि हमें स्व शास्त्री की जीवन गाथा से प्रेरणा लेनी चाहिए। झोपड़ी का वह लाल जिस कठिन दौर से गुजर कर राजनीति के शिखर तक पहुंचे यह उनकी राष्ट्रभक्ति, त्याग, ईमानदारी,समर्पण, नैतिकता, चरित्र और कर्तव्य निष्ठा का प्रमाण है। स्व शास्त्री का विचार और कृतित्व आज के समय में और भी प्रासंगिक है। देश- प्रदेश के नेताओं को उनके जीवन संघर्षों से प्रेरणा लेने की जरूरत है जहां नैतिकता, चरित्र और संस्कार का तेजी से अवमूल्यन जारी है। मौके पर श्री ठाकुर के अलावा वरिष्ठ पत्रकार जन सुराजी शैलेश कुमार, कृष्णा सिंह,मन्टू सिंह, पाठक बाबा, पूर्व सैन्य अधिकारी सुरेश कुमार समेत अनेक लोग मौजूद थे।

भागवत ज्ञान विज्ञान सम्मत ग्रन्थ है : आचार्य चंद्रभूषण

पटना। मोदी परिवार द्वारा शक्तिधाम में आयोजित भागवत कथा में सातवें दिन शास्त्रोपासक आचार्य श्री डॉ चंद्रभूषणजी मिश्र बताया कि भागवत के अंत में थोड़ी सामाजिक, पारिवारिक एवं दैशिक राजनीति की चर्चा भी की गयी है। भगवान श्री कृष्ण ने सोलह हजार एक सौ अपहरण की गई लड़कियों को पत्नी का सम्मान दिया इसके लिए द्वारिका में किसी से राय नहीं ली। यहाँ तक की बड़े भाई बलराम तक से भी नहीं कहा। श्रीकृष्ण ने अपनी बहन सुभद्रा का अपहरण कराया। बलरामजी चाहते थे कि सुभद्रा का विवाह दुर्योधन से किया जाय परन्तु श्री कृष्ण ने अपने मित्र अर्जुन से सुभद्रा का अपहरण करा कर विवाह करा दिया।

आचार्य श्री ने बताया कि सत्राजीत को सूर्य के द्वारा प्राप्त मणि की चोरी तथा उसके भाई प्रसेनजीत के मर्डर की बदनामी भी श्रीकृष्ण को सहनी पड़ी। युधिष्ठिर के यज्ञ में अग्र पूजा के लिए शिशुपाल ने भी गिन गिन कर एक सौ गाली दिया। श्रीकृष्ण की सोलह हजार एक सौ मानवीय स्त्रियों को जब अर्जुन सुरक्षा के लिए द्वारका से ले जा रहे थे तो रास्ते में अभिरों ने छेड़छार हीं नहीं किया बल्कि सबको पकड़ पकड़ कर अपने घर ले गए । उनके सभी स्त्रियों से दस दस बच्चे हुए थे।

प्रदेश में अपराध और अपराधियों का मिल रहा संरक्षण : गुरु प्रकाश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार की राजधानी पटना के फुलवारी में दो दलित नाबालिग लड़कियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को लेकर भाजपा आक्रोशित है। भाजपा ने इस मामले को लेकर सरकार पर जमकर निशाना साधा है। प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में भाजपा के प्रदेश महामंत्री शिवेश राम ने कहा कि आज प्रदेश में एससी, एसटी, पिछड़े और समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े रहने वाले तथा पांच और आठ साल की बच्चियां सुरक्षित नहीं हैं। श्री राम ने कहा कि इस मामले में थाना ने भी अवहेलना की है। उन्होंने कहा कि इन दलित बच्चियों को जब तक न्याय नहीं मिलेगा भाजपा इस पीड़ित परिवार के साथ खड़ी रहेगी।

इधर, इस प्रेस वार्ता में प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता सह विधान पार्षद जनक चमार ने कहा कि पूरा बिहार फुलवारी में दो दलित बच्चियों के साथ जो घटना घटी है उससे शर्मसार है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब ये लड़कियां लापता हुई थी तब इनके परिजन थाना में गुहार लगाने पहुंचे थे, लेकिन कह दिया गया खुद खोज लें अगर 24 घंटे में नहीं मिलती है तो जांच पड़ताल किया जाएगा। राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरु प्रकाश ने इस प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में अपराध और अपराधियों का संरक्षण मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार जब ऐसे अपराधियों को पोषित ही नहीं संरक्षित करती है तो ऐसी स्थिति बनती ही है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन दलित विरोधी है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री दलित, पीड़ित, शोषित और वंचित के विकास की बात करते हैं। इस प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलू, कार्यालय सह मंत्री सुग्रीव रविदास तथा एससी मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष अनामिका पासवान भी उपस्थित रहे।

13 जनवरी को वाराणसी में होगा बिहार पर्यटन रोड शो का आयोजन

पर्यटन सचिव के नेतृत्व में बिहार पर्यटन का प्रतिनिधिमंडल आज होंगे रवाना

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार पर्यटन के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु वाराणसी, उत्तर प्रदेश में रोड शो का आयोजन शनिवार 13 जनवरी को किया जाएगा। वाराणसी के होटल रामाडा में यह कार्यक्रम सुबह दस बजे से आयोजित किया जाएगा। पर्यटन सचिव अभय कुमार सिंह कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के पर्यटन उद्योग से जुड़े सभी हितधारकों, जिसमें यूपी के ट्रैवेल एजेंट, टूर ऑपरेटर्स, होटलियर्स, रिवर क्रूज ऑपरेटर्स, ब्लॉगर्स और वीलागर्स आदि शामिल होंगे, को संबोधित करते हुए उनसे बिहार पर्यटन विभाग द्वारा संचालित किए जा रहे योजनाओं, कार्यक्रमों और नीतियों की जानकारी साझा करेंगे। पर्यटन सचिव के नेतृत्व में पर्यटन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की एक टीम शुक्रवार को वाराणसी के लिए रवाना होगी। इस दौरान शुक्रवार को बक्सर के ब्रह्मेश्वर स्थान और राम रेखाघाट में पर्यटकीय सुविधाओं के विकास को लेकर स्थल निरीक्षण किया जाएगा। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बिहार पर्यटन निदेशक विनय कुमार राय ने बताया कि बिहार में पर्यटन करने के लिए आने वाले पर्यटक उत्तर प्रदेश और उत्तर प्रदेश में भ्रमण के लिए आने वाले पर्यटक बिहार अवश्य आते हैं। चाहे वह बुद्ध सर्किट हो या फिर रामायण सर्किट। इसके साथ ही धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन के क्षेत्र में बिहार और उत्तर प्रदेश एक दूसरे के पूरक हैं।

जिस प्रकार बोधगया-वैशाली और केसरिया आने वाले बौद्ध पर्यटक सारनाथ व कुशीनगर पहुंचते हैं, उसी प्रकार राम जन्मभूमि अयोध्या आने वाले पर्यटक जानकी जन्मभूमि पुनौराधाम व महर्षि वाल्मिकी की भूमि वाल्मिकीनगर पहुंचे, इसे लेकर बिहार पर्यटन विभाग काम कर रहा है। बिहार के गयाजी धाम और पुनपुन में पूरी दुनिया से लाखों की संख्या में हिंदू धर्मावलंबी पितरों की मुक्ति के लिए पहुंचते हैं। इस वर्ष नवंबर तक तक बिहार में 7.12 करोड़ घरेलू और 4.35 लाख विदेशी पर्यटक बिहार पहुंचे हैं। हमें इस आंकड़े को और बेहतर करना है। इसके लिए उत्तर प्रदेश एक प्रमुख राज्य है, जहां हम अपने विभाग के रोडमैप से सभी संबंधित हितधारकों को अवगत कराएंगे ताकि ज्यादा से ज्यादा पर्यटक बिहार में आएं। कार्यक्रम में बिहार की नयी पर्यटन नीति, पर्यटकीय सुविधाओं के विकास की अद्यतन स्थिति को पावर प्वाइंटर प्रजेंटेशन के माध्यम से बताया जाएगा। इसके साथ ही सवाल-जवाब का सत्र भी आयोजित किया गया है, जिसमें सभी हितधारकों के सवालों के जवाब भी दिए जाएंगे।

पटना नगर निगम को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में वाटर प्लस एवं जीएफसी 1 स्टार रैंकिंग के लिए मिला सम्मान

पटना। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में पटना के प्रयास रंग लाये है। दिल्ली के भारत मंडपम में न सिर्फ पटना को स्वच्छता में स्टेट में 1 रैंक मिला है बल्कि वाटर प्लस और जीएफसी 1 स्टार के लिए सम्मिलित भी किया गया। श्री मनोज जोशी, सचिव, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा पटना को अवार्ड दिया गया। उपलब्धियां : देश में 1 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में पटना 77वें स्थान पर है। कुल 446 शहरों ने इसमें भाग लिया है। स्टेट रैंकिंग में पटना पहले पायदान पर है। पटना को पहली बार वाटर प्लस के लिए चयनित किया गया है।

गार्बेज फ्री सिटी के लिए पटना को 1 स्टार मिला है। स्वच्छ्ता रिपोर्ट कार्ड : डोर टू डोर कचरा कलेक्शन 98 प्रतिशत, सोर्स सेग्रीगेशन

संक्षिप्त खबरें

पछिया ने बढ़ाई कनकनी, न्यूनतम तापमान आया नीचे

मुजफ्फरपुर।पछिया हवा के कारण आज कनकनी बढ गई।पूरे दिन सूर्य के दर्शन नहीं हुए। आमलोग घरों में दुबके रहे।जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र, डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा द्वारा जारी आज के मौसम के बारे में बताया गया है कि आज अधिकतम तापमान 15.1 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया जो सामान्य से 5.1 डिग्री कम है। वहीं न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से1.3 डिग्री अधिक था। सुबह में सापेक्ष आर्द्रता 99 प्रतिशत और दोपहर बाद घट कर 78 प्रतिशत हो गई। वाष्पोतसर्जन 1.3 मिमी तथा पछिया हवा की गति 6.9 किमी प्रति घंटा रही।

डीलरों ने अपनी मांगों के समर्थन में हड़ताल पर डटे रहने का लिया फैसला

मधुबनी प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को बिहार फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के आह्वान पर स्थानीय जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं ने जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल को सफल बनाने के लिये हड़ताल के दसवें दिन संघ के प्रखंड अध्यक्ष योगेंद्र यादव की अध्यक्षता में एक बैठक की।बैठक में सभी जन वितरण प्रणाली विक्रता ओं द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक संगठन की मांगें सरकार द्वारा मान नहीं ली जाती है तब तक हड़ताल जारी रहेगा। जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं ने बताया कि मुख्य मांग मानदेय देने तथा अन्य छः सूत्री मांगें हैं जिस पर हमें सरकार द्वारा उचित फैसले लिये जाने का इंतजार है। बैठक में शिव कुमार यादव,रेखा देवी,कौशल साह, कुमारी गायत्री,ममता कुमारी,सुबोध पासवान,सतीश यादव,संजय कुमार रामा,श्रवण पासवान,जलेश्वर पासवान,सुनीता देवी,ब्रजेश कामत सहित कई अन्य जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं ने भाग लिया

माले विधायकों की एक टीम आज फुलवारी का करेगी दौरा

- 12 जनवरी को पटना जिलाधिकारी के समक्ष प्रदर्शन
- पटना ग्रामीण के विभिन्न इलाकों में हुआ प्रदर्शन

पटना। फुलवारीशरीफ में दो दलित नाबालिग बच्चियों के साथ सामूहिक बलात्कार व हत्या की बर्बर घटना के मामले में माले विधायक दल के उपनेता का. सत्यदेव राम व स्थानीय विधायक गोपाल रविदास कल 12 जनवरी को हिंदुनी सहित फुलवारी शरीफ के अन्य गांवों भूसौला आदि का दौरा करेंगे और वहां आयोजित प्रतिवाद मार्च में शामिल होंगे.फुलवारी विधायक गोपाल रविदास ने कहा है कि प्रशासन अपराधियों-बलात्कारियों की अविलंब गिरफ्तार करे, अन्यथा आंदोलन तेज किया जाएगा. उन्होंने कहा कि महादलित बच्चियों के साथ बलात्कार व एक की नृशंस हत्या ने हम सबको हतप्रभ कर दिया है. हम मुख्यमंत्री को इस मामले से अवगत करायेंगे. इस नृशंस घटना के खिलाफ भाकपा-माले और ऐपवा ने संयुक्त रूप से कल दिनांक 12 जनवरी को पटना में जिलाधिकारी के समक्ष प्रदर्शन का फैसला किया है. यह मार्च जीपीओ गोलंबर से निकलेगा और जिलाधिकारी कार्यालय तक जाएगा.भाकपा-माले व ऐपवा के संयुक्त बैनर से आज पटना ग्रामीण के विभिन्न इलाकों में प्रदर्शन किया गया. फुलवारीशरीफ सहित मसौढ़ी, दुल्हिनबाजार और धनरूआ में सैकड़ों की संख्या में माले कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया.प्रदर्शन के दौरान अपराधियों-बलात्कारियों की अविलंब गिरफ्तारी, जिंदा बच गई बच्ची के समुचित इलाज, उचित मुआवजा, दलित महिलाओं-बच्चियों पर बढ़ती हिंसा पर रोक लगाने तथा इस मामले में लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों पर कड़ी करने कार्रवाई की मांग की गई. फुलवारीशरीफ में इसोपुर से लेकर भगत सिंह चौक तक मार्च निकाला गया, जिसका नेतृत्व ऐपवा नेत्री नसरीन बानो, जितनी देवी, राजनीति देवी, माले नेता शरीफा मांझी, लेलिन पासवान, देवीलाल पासवान, साधुशरण दास, गुरुदेव दास, मालो देवी, रेणु देवी, जानकी मांझी, पप्पू मांझी, चतुर्गण मांझी आदि नेताओं ने किया.

एमडीए अभियान की सफलता में डीसीएम व डीएमएंडई की होगी अहम भूमिका : परमेश्वर प्रसाद

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भारत सरकार वर्ष 2030 के बदले अब वर्ष 2027 तक देश से फाइलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य को पाने के लिए हम सभी को सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान को जनआंदोलन के रूप में विकसित करना होगा। सर्वजन दवा अभियान की सफलता में डिस्ट्रिक्ट कम्युनिटी मोबिलाइजर (डीसीएम) और डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग एंड इवैल्यूएशन ऑफिसर (डीएमएंडई) की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होगी। डीसीएम की सशक्त भागीदारी से ही एमडीए अभियान को सफल बनाया जा सकता है। उक्त बातें गुरुवार को एक होटल में राज्य के 24 जिलों के डीसीएम और डीएमएंडई के लिए आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में फाइलेरिया के अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ परमेश्वर प्रसाद ने कहीं। डॉ परमेश्वर प्रसाद ने कहा कि उक्त अभियान के सफल संचालन के लिए पिछले चक्र में एमडीए की डेली रिपोर्टिंग स्वीकृत एप के जरिए हुयी थी। जिसका बेहतर परिणाम सामने आया था। इससे एमडीए डेटा कवरेज की गुणवत्ता में बढ़ोतरी हुयी थी। इसके अलावा इस एप के माध्यम से दवा संबंधी जानकारी भी मिलती है। सरकारी विद्यालयों एवं पीएचसी तथा मेडिकल कॉलेजों में लगाया जाएगा बूथ फाइलेरिया के अपर निदेशक सह एसपीओ डॉ परमेश्वर प्रसाद ने कहा कि 10 फरवरी से राज्य के 24 जिलों में चलने वाले सर्वजन दवा सेवा अभियान के शुरूआती के तीन दिनों तक स्कूलों में बूथ लगाया जाएगा । इसके लिए शिक्षा विभाग के संबंधित अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है।इसके अलावा सभी जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर और जिन जिलों में मेडिकल कॉलेज हैं। वहां लगातार 17 दिनों तक बूथ लगाया जाएगा। मेडिकल कॉलेजों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आशा दीदी की टीम नहीं जाएगी। बल्कि इन स्वास्थ्य केंद्रों व मेडिकल कॉलेजों के स्वास्थ्य कर्मी ही दवा खिलाएंगे। इस बार रेलवे स्टेशनों पर एमडीए अभियान का किया जाएगा प्रचार–प्रसार फाइलेरिया के अपर निदेशक सह एसपीओ डॉ परमेश्वर प्रसाद ने कहा कि सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान के प्रचार–प्रसार के लिए कई प्रकार के कार्यक्रम किए जाएंगे। इसी क्रम में इस वर्ष रेलवे स्टेशनों पर भी एमडीए अभियान की सफलता के लिए माइकिंग के द्वारा प्रचार–प्रसार कराया जाएगा। इसके लिए रेलवे के वरीय अधिकारी डीआरएम से बात की गई है। जल्द ही रेलवे स्टेशनों पर इसकी शुरूआत होगी। इसके अलावा ई–रिक्शा और माइकिंग के माध्यम से प्रचार–प्रसार किया जाएगा। एमडीए अभियान को सफल बनाने के लिए मजबूती से काम करेंगे डीसीएम एवं बीसीएम : डॉ वाइएन पाठक आशा सेल के अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. वाईएन पाठक ने कहा कि दस फरवरी से शुरू होने वाले एमडीए राउंड में सभी डीसीएम एवं बीसीएम मजबूती के साथ लग जाएं। ताकि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष और बेहतर परिणाम मिले। इसके अलावा उन्होंने आपेक्षित सहयोग पर विस्तार से चर्चा की। वहीं, आशा सेल के टीम लीड प्रणय ने आशा सेल एवं फाइलेरिया सेल के मध्य समन्वय पर चर्चा की प्रखंड स्तरीय रणनीति फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जरूरीः विश्व स्वास्थ्य संगठन के राज्य एनटीडी कोऑर्डिनेटर डॉ. राजेश पांडेय ने कहा कि एमडीए राउंड की सफलता के लिए प्रखंड स्तर के स्वास्थ्यकर्मियों का तकनीकी प्रशिक्षण एवं निरंतर संवेदीकरण जरुरी है। इसे ध्यान में रखते हुए एमडीए राउंड से पूर्ण प्रखंड स्तरीय रणनीति पर जोर दिया जा रहा है। इस क्रम में प्रखंड स्तर पर फाइलेरिया क्लिनिक का निर्माण, प्रखंड स्तर पर नाईट ब्लड सर्वे एवं एमडीए के दौरान इवनिंग मीटिंग पर जोर दिया जा रहा है। डॉ पांडेय ने कहा कि फाइलेरिया नेग्लेक्टेड ट्रॉपिकल डिजीज में एक प्रमुख रोग है। विश्व के 72 देशों में 85.9 करोड़ आबादी फाइलेरिया के खतरे में हैं। विश्व भर में फाइलेरिया विकलांगता का दूसरा प्रमुख कारण है। इससे विश्व भर में लगभग 200 करोड़ रुपये की आर्थिक क्षति होती है. बिहार में वर्ष 2004 से ही एमडीए राउंड चलाया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने रोग एवं एमडीए की कई अन्य तकनीकी पक्ष पर विस्तार से चर्चा की. इस दौरान पिरामल द्वारा एमडीए की डेली रिपोर्टिंग के लिए स्वीकृत एप पर विस्तार से जानकारी दी गयी. कार्यशाला में डब्ल्यूएचओ के डॉ माधुरी, राज्य फाइलेरिया सलाहकार डॉ अनुज रावत और प्रभात कुमार भी मौजूद रहे। कार्यशाला का संचालन पिरामल के डॉ इंद्रनाथ बनर्जी ने किया. साथ ही राज्य के 24 एमडीए जिलों से डीसीएम और डीएमएंडई के अलावा पीसीआई से डॉ पंखुरी मिश्रा, लेप्रा के राज्य समन्वयक डॉ रजनीकांत और सीफार के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी रणविजय सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए।

अंचल कार्यालय का एडीएम अरुण कुमार ने किया औचक निरीक्षण

प्रात : किरण, संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा) कुमारखंड अंचल कार्यालय का एडीएम अरुण कुमार ने गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अभिलेख पंजी, मापी पंजी, निर्गत पंजी, प्राप्त पंजी का बारीकी से जांच कर राजस्व अधिकारी शिखा कुमारी को प्रखंड के सहायक से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। एडीएम अरुण कुमार ने अंचल कार्यालय पहुंच कर जांच के दौरान अभिलेख पंजी में 23 दिसंबर 2023 के बाद कुछ चढ़ा हुआ नहीं पाया। संचिका संख्या पंजी पर चढ़ा हुआ नहीं पाया गया। मापी पंजी, निर्गत पंजी, प्राप्त पंजी में त्रुटि देखकर सभी अंचल कर्मी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। राजस्व अधिकारी शिखा कुमारी को निर्देश देते हुए कहा समय पर कार्यालय पहुंचकर आम लोगों की समस्या को निदान कर कार्यालय में प्रत्येक दिन का जानकारी रखना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा सभी हल्का का जांच कर पंजी उपलब्ध करना सुनिश्चित करेंगे। प्रखंड के बड़ा बाबू अवन कुमार से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। एडीएम अरुण कुमार ने बताया जांच के दौरान कार्यालय के सभी पंजी को अपडेट करने का निर्देश दिया गया है। सभी पत्रों का अनुपालन हेतु निर्देश दिया गया। प्रखंड सहायक से शोकेज किया गया है। आरओ को सभी हल्का का जांच कर सभी पंजी को अप टू डेट रखने का निर्देश दिया गया। मौके पर राजस्व अधिकारी शिखा कुमारी, प्रखंड सहायक अवन कुमार, मनिंदर कुमार, जितेंद्र कुमार,अली समेत सभी अंचल कर्मी मौजूद थे।

हस्ताक्षर अभियान में शामिल हो रहे लोगों ने कहा ओवर ब्रिज के बिना सहरसा में दिन ब दिन बढ़ रही है परेशानी

प्रात : किरण, संवाददाता

सहरसा। बंगाली बाजार ओवर ब्रिज निर्माण की मांग को लेकर नव निर्माण मंच द्वारा हस्ताक्षर अभियान चरम पर जारी है। इसके तहत अभियान के 19 वें दिन 1800, 20वें दिन 2500, 21वें दिन 2400, कुल- 6700 लोगों ने हस्ताक्षर कर अपना समर्थन दिया। इस दौरान सहरसा नगर निगम चुनाव में सबसे कम मतों से हारने वाले मेयर प्रत्याशी मो० नजीर ने कहा कि ओवरब्रिज के बिना सहरसा में परेशानी दिन व दिन बढ़ रही है। इसलिए इसके निर्माण हेतु चलाए जा रहे हैं आंदोलन में सभी को समर्थन करना चाहिए जिससे सरकार शीघ्र निर्माण की दिशा में कार्य कर सके। नया बाजार के सत्यम कुमार सिंह अपने परिवार के साथ मेला घूमने आये ने कहा कि मैं सेल्यूट सलामी करता हूं - नव निर्माण मंच के प्रयास को। जिस तरह से हस्ताक्षर अभियान को आगे ले जा रहे हैं। यह एक-एक बच्चों की जरूरत है आप बच्चे को विद्यालय ले जाते हैं हम अपने बाजार जाते हैं तो 30 से 40 मिनट हमारा बर्बाद होता है। हमेशा पूर्व से पश्चिम और पश्चिम से पूर्व जाने में रोंगटा खड़ा होता है जाम सहरसा का पहचान बन गया है। रहुआ के रहने वाली वसुंधरा कुमारी कहती है की बचपन से सुनता आया हूं कि अब ओवर ब्रिज बनेगा, लेकिन कब बनेगा पता नहीं। बचपन से आरओबी का इंतजार है कब जाम से मुक्ति मिलेगा भगवान जाने। उकही ही पंचायत के मुखिया अरुण कुमार यादव जी कहते हैं कि हस्ताक्षर अभियान बहुत ही सार्थक अभियान है। 21 दिन से यह अभियान चल रहा है गांव-गांव में आशा का संचार हुआ है कि इस अभियान से अब ओवर ब्रिज निश्चित बनेगा। जो लोग इसमें रुकावट कर रहे हैं वह इस अभियान से बेनकाब हो गए। उसे भी अब इस आंदोलन में साथ आना चाहिए जिससे आरोही का निर्माण हो सके,नहीं तो जनता वैसे लोगों को सबक सिखाएगा। तुलसीयाही निवासी अंशु कुमारी कहती है कि जाम बहुत ही दुखदाई है इससे मुक्ति के लिए यह अभियान सुंदर है। उपस्थित साथी- रोहित आनंद,अमित कुमार , नवनीत सिंह , रमन जी, प्रशांत कुमार , अविजीत आनंद ,राकेश , अमन सिंह , निखिल कुमार ,रौनक सिंह।

विभिन्न समस्याओं को लेकर छात्रों का प्रतिनिधिमंडल कुलपति से मिला

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।शिक्षा एवं छात्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एआईडीएसओ का प्रतिनिधिमंडल आज बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति से मिला। विगत 21 दिसंबर 2023 को 9 सूत्री मांगों को लेकर एआईडीएसओ की ओर से बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में किए गए छात्र प्रदर्शन के आलोक में कुलपति एवं सभी पदाधिकारियों से आज एआईडीएसओ के प्रतिनिधियों की बिंदुवार वार्ता हुई। कुलपति ने वार्ता के दौरान रिजल्ट की गड़बड़ी दूर करने, प्रमाण पत्र निर्गत करने सहित छात्रों की हर तरह की समस्याओं को दूर करने हेतु एक समय सीमा निर्धारित करने, कॉलेज में निर्धारित शुल्क से अधिक फीस लेने पर रोक लगाने, सभी जर्जर छात्रावासों को चुस्त दुरुस्त करने एवं वोकेशनल कोर्स में पढ़ रहे छात्रों के लिए उनके द्वारा जमा हॉस्टल फीस के मद से नए छात्रावास निर्माण करने एवं छात्राओं तथा एससी,एसटी छात्रों को निशुल्क शिक्षा सुनिश्चित करने, छात्रों की समस्याओं का ससमय समाधान कर भ्रष्टाचार बंद करने आदि मांगों पर अविलंब कार्रवाई करने के लिए पदाधिकारियों को निर्देश दिया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल एआईडीएसओ के मुजफ्फरपुर जिला अध्यक्ष शिव कुमार ने कहा कि मांगों पर अविलंब कार्रवाई नहीं होती है तो छात्रों को संगठित कर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन को तेज किया जाएगा। वार्ता में प्रतिनिधिमंडल के रूप में एआईडीएसओ के बिहार राज्य सचिव विजय कुमार, राज्य कमेटी सदस्य ललित झा, मुजफ्फरपुर जिला अध्यक्ष शिव कुमार एवं कमलेश कुमार शामिल थे।

सदर अस्पताल में नई पहल प्रतिमाह विभिन्न विभागों में सभी समस्याओं के बारे में चर्चा की जाएगी

प्रात : किरण, संवाददाता

मधुबनी सदर अस्पताल मधुबनी में एक नई पहल की जा रही है जिसके तहत 2024 से प्रतिमाह विभिन्न विभागों में उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की जाएगी। इस पहल की शुरूआत पिरामल फाउंडेशन की टीम के साथ हुई है।प्रतिमाह, लेबर रूम, इमरजेंसी वार्ड, महिला वार्ड, बच्चों का वार्ड, पुरुष सर्जिकल वार्ड, पुरुष ऑर्थो वार्ड, और विशेष नवजात देखभाल इकाई जैसे विभागों के लिए महत्वपूर्ण चर्चा की जाएगी। सभी स्टाफ नर्सेस अपने विभाग के विकास में शामिल होंगे। विभागीय मीटिंग में विभाग के इंचार्ज महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए सभी स्टाफ नर्सेस को विभाग को बेहतर बनाने के लिए समर्थन देने का समर्थन किया। मीटिंग के आधार पर एक स्पष्ट कार्यसूची तैयार की गई और उस योजना के अनुसार क्रियावली की जाएगी।इस पहल से सदर अस्पताल को बेहतर बनाने और रोगियों को उच्च गुणवत्ता के इलाज प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसमें पिरामल फाउंडेशन की टीम से नीता मारंडी, मुदित पाठक, ऋतिका सिंह, और स्वणार्भा बयाल ने पूर्ण समर्थन और मार्गदर्शन प्रदान किया है।

सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, सड़क जाम

प्रात : किरण, संवाददाता

चौसा (मधेपुरा) भटगामा में गुरुवार को हुई सड़क दुघर्टना में एक महिला की मौत हो गई। मृतक अरजपुर पश्चिमी पंचायत अंतर्गत वार्ड चार की रहने वाली थी। पुलिस शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम में भेजकर घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है। बताया गया कि अरजपुर पश्चिमी पंचायत अंतर्गत वार्ड चार के कटरिया टोला निवासी परमानंद पासवान की पत्नी अनीता देवी लगभग पांच दिन पूर्व घरेलू मामले को लेकर भागलपुर जिले के बिहपुर थाना अंतर्गत अपने मायके हरियो गई थी। भटगामा में घर वापस लौटने के दौरान विपरीत दिशा से आ रही ट्रक ने उसे कुचल दिया। जिससे घटना स्थल पर उनकी मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर भटगामा जीरो माइल से नवगछिया जाने वाली फोरलेन सड़क जाम कर दिया। हालांकि स्थल पर पहुंचे चौसा थानाध्यक्ष रमेश कुमार ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बूझाकर जाम हटा दिया।

पूर्व प्रखंड साधन सेवी राजीव कुमार के निधन पर शोक सभा आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड संसाधन केंद्र में पूर्व पद स्थापित प्रखंड साधन सेवी सह उत्क्रमित मध्य विद्यालय उजानी के सहायक शिक्षक राजीव रंजन कुमार के असामयिक निधन से शिक्षक समुदाय सहित उनके चाहने वाले के बीच शोक व्याप्त है। उनके निधन पर प्रखंड संसाधन केंद्र में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी निर्मला कुमारी की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित की गई। जहां दो मिनट का मौन रखकर उनको सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। वहीं बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ मधेपुरा के अनुमंडल पार्षद अमृता कुमारी ने बताया कि वे अच्छे व कर्मठ शिक्षक थे। उन्होंने बिहार सरकार से उनके परिवार को सरकारी नौकरी और मुआवजा देने की मांग की। वहीं अंचल प्राथमिक शिक्षक संघ के नवचयनित अध्यक्ष कुमार किशोर केशरी ने कहा कि राजीव जी का अचानक चले जाना शिक्षकों के लिए अपूर्णीय क्षति है। बताया गया दिवंगत राजीव कुमार लंबे समय से बीमार चल रहे थे। शोक सभा में रमन कुमार शर्मा, दिनेश प्रसाद सिंह, इंद्र देव मेहता, पवन रंजन, अविनाश कुमार, संजय कुमार, कुमार संजय प्रताप, रमेश यादव, प्रीतम कुमार, गौरव कुमार, कविता कुमारी, मनीष कुमार, राजीव साह सहित कई लोग शामिल थे। वहीं उनके निधन पर शैलेश कुमार चौरसिया, संजय कुमार पुतुल, वंदना कुमारी, प्रतिमा कुमारी, हीरा भारती, किरण भारती, विजय पासवान, ललन कुमार, दीनबंधु, उमेश यादव, महाली कांत झा, कुमोद दास, राज कुमार दास, सोनू रजक समेत कई शिक्षकों ने शोक-संवेदना व्यक्त किया।

बच्चे ही हमारे समाज एवं राष्ट्र के भविष्य हैं : डॉ. भूपेंद्र नारायण

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा । जिला मुख्यालय स्थित माया विद्या निकेतन के खेल मैदान में आयोजित दो दिवसीय एनुअल स्पोर्ट्स मीट के दूसरे दिन पहले सत्र में कई मैच खेले गए, जबकि दूसरे सत्र में पुरस्कार वितरण किया गया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध समाजसेवी-साहित्यकार एवं बीएनएमयू के पूर्व परीक्षा नियंत्रक डॉ. भूपेंद्र नारायण यादव ह्यमधेपुरीह्न ने कहा कि बच्चे ही हमारे समाज एवं राष्ट्र के भविष्य हैं। बच्चों के सर्वांगीण विकास से ही भारत का विकास होगा। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रतिभाओं को सभी क्षेत्रों में विकास का अवसर मिलना चाहिए। इस मामले में एनुअल स्पोर्ट्स मीट मील का पत्थर साबित होगा। इससे स्कूली बच्चों के बीच छिपी प्रतिभा को तराशने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपने पूर्वजों से प्रेरणा लेनी चाहिए और हमेशा के प्रत्येक क्षेत्र में बेहतर करने की कोशिश करते रहनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि बीएनएमयू के उप कुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा कि खेलकूद भी जीवन का एक अभिन्न अंग है। इससे हमारा शारीरिक, मानसिक एवं चारित्रिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि सभी महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में भी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित करने की जरूरत है। सम्मानित अतिथि के रूप में बोलते हुए निजी विद्यालय संघ के संयोजक चिरामनी प्रसाद यादव ने कहा कि दो दिनों के आयोजन में बच्चों ने अपनी प्रतिभा से लोगों का दिल जीत लिया। यहां के बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी अग्रणी है। कबड्डी संघ के जिला सचिव अरुण कुमार ने कहा कि यहां के बच्चों में संघर्ष की ललक है। ये सभी बच्चे काफी आगे जाएंगे।विद्यालय की संचालिका चंद्रिका यादव ने कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है। पठन-पाठन के साथ-साथ खेलकूद एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी और आशा व्यक्त किया कि इस आयोजन से निकले बच्चे विद्यालय से बाहर के आयोजनों में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे। विजेता और उपविजेता को ट्राफी और मेडल से किया गया सम्मानित खेल शिक्षक रौशन कुमार एवं कुणाल कुमार ने बताया कि दो दिवसीय एनुअल स्पोर्ट्स मीट के दूसरे दिन बॉलीबाल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, रेस, चेयर रेस, लॉन्ग जंप के मैच खेले गए। अलग-अलग राउंड के बाद विजेता एवं उपविजेता का निर्णय निर्णायकों द्वारा किया गया। समापन सत्र के अंत में अतिथियों द्वारा सभी टीम एवं खेलाड़ी को विजेता, उप विजेता की ट्राफी एवं मेडल से सम्मानित किया गया। ट्राफी और मेडल पाकर बच्चों के बीच अलग ही उमंग एवं उत्साह देखा गया। एनुअल स्पोर्ट्स मीट के समापन समारोह का संचालन हर्ष वर्धन सिंह राठौर ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मी, छात्र- छात्राएं एवं अतिथि उपस्थित रहे।

स्व. राम पद साहू की दूसरी पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

प्रात : किरण, संवाददाता

पटना। झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता एवम पांच परगना सुंडी संघ के संस्थापक संयोजक बीरेंद्र साहु ने अपने पिता स्व राम पद साहु की दूसरी पुण्यतिथि पर परिवार जनों के साथ रांची जगरनाथपुर मंदिर के सामने नयासराय रोड पर स्थित इंद्रानगर कुष्ठ कालोनी में जहां पर 126 कुष्ठ प्रभावित महीला पुरुष अपने परिवार के साथ रहते हैं वहा जरूरतमंद असहाय लोगों के उपयोग के लिए, उनके संस्था के कार्यालय में संस्था के सचिव सह मुखिया रघुनाथ महतो जी के हाथों में कंबल एवम फल सौप कर उनके माध्यम से शीत लहर से निजात पाने वाले जरूरतों के बीच वितरित कर अपने पिता स्व राम पद साहु को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस परिवारिक कार्यक्रम के आयोजन में बीरेंद्र साहु के साथ सुचित्रा साहु, बिरेन्दर प्रसाद, सुलेखा प्रसाद, कर्ण प्रसाद, सुमन साहु, किशोर साहु, संगीता साहु, बिगल प्रसाद साहु, भागवत प्रसाद ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में योगदान दिया। ज्ञात हो कि पिछले साल भी परिवार वाले ने रांची शहर के अनेक मुख्य मंदिरों के बाहर बैठे कुष्ठ प्रभावित रोगियों महिला पुरुष के बीच कंबल वितरित किया था । स्व राम पद साहु रांची जिला सिल्ली थाना के बंसिया गांव के रहने वाले थे तथा धुर्वा एच ई सी कारखाना रांची में वरिय प्रबंधक के पद पर कार्य कर सन 2000 में सेवा निर्वित हुए और 11 जनवरी 2022 को अपनी संसारिक यात्रा पूर्ण कर प्रभु जी के श्री चरणों में चले गए। कार्यक्रम की संयोजिका सुलेखा प्रसाद ने बताया कि परिवार जन उनके याद एवं सम्मान में आगे भी इस तरह का आयोजन जारी रखेंगे।

डीएम ने बढ़ते ठंड को देखते हुए सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने व कंबल वितरण करने का दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। डीएम के निदेश पर वरीय अधिकारियों द्वारा ठंड से बचाव कार्यों का लगातार अनुश्रवण किया जा रहा है। जिलाधिकारी भी समय-समय पर रात्रि में निकलकर अलाव स्थलों, रैन बसेरों तथा जरूरतमंदों के बीच कंबल के वितरण कार्य का निरीक्षण करते हैं तथा लोगों से फीडबैक लेते हैं। कई चौक-चौराहों, बाजारों, रैन बसेरों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, अस्पताल सहित भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर अलाव जलाया जा रहा है। पटना में 191 से अधिक स्थानों* पर अलाव जलाया जा रहा है। सभी अंचल अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत मुख्य स्थानों पर अलाव जलाया जा रहा है। पटना नगर निगम द्वारा शहर में 23 जगह पर स्थायी एवं अस्थायी रैन बसेरा तथा आश्रय स्थल का संचालन किया जा रहा है जिसमें अभी तक आश्रय लेने वालों की संख्या 13,394 है। रैन बसेरा में 3 शिफ्ट में केयर टेकर की तैनाती की गई है। इसके साथ ही सभी संबंधित पदाधिकारी एवं विभागों का हेल्पलाइन नंबर भी उपलब्ध कराया गया है। सभी रैन बसेरा में एक विशेष फीडबैक का रजिस्टर भी है जहां आश्रय लेने वाले लोग अपना फीडबैक दे सकते हैं। नगर निगम द्वारा पाँच विशेष रैन बसेरे में महिलाओं के लिए भी विशेष बेड की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही यहां केयरटेकर के रूप में महिला पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति भी की गई है। रैन बसेरा में आमजन के लिए निःशुल्क रहने की व्यवस्था की गई है। सभी रैन बसेरों में कार्पेट , चौकी, गद्दा, चादर, तकिया, तकिया कवर, कम्बल, कम्बल कवर, अग्निशामक यंत्र, ट्रंक, पीने का पानी, सीसीटीवी कैमरा, रजिस्टर ,टेबल, कुर्सी एवं ऐनक की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। ज़िलाधिकारी के निदेश पर सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा 4,635 कंबल प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पदाधिकारियों को उपलब्ध करा दिया गया है। सभी पंचायतों में तीव्र गति से कंबल वितरण का कार्य चल रहा है। डीएम डॉ सिंह ने प्रत्येक पंचायत में न्यूनतम 10 कंबल का वितरण करने का निदेश दिया है। जरूरतमंदों यथा रिक्शा चालकों, ऑटो चालकों, दिव्यांगजन, वृद्धजन के बीच कंबल का वितरण करने का निदेश दिया गया है। ज़िलाधिकारी द्वारा सभी अंचल अधिकारियों एवं नगर कार्यपालक पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत मुख्य स्थानों पर नियमित तौर पर अलाव की व्यवस्था करने एवं रैन बसेरों/ आश्रय घरों का संचालन करने का निर्देश दिया गया है ताकि ठंड के कारण किसी को कोई समस्या ना हो। डीएम डॉ सिंह ने आवश्यकतानुसार अलाव स्थलों तथा रैन बसेरों/ आश्रय घरों की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को इसका अनुश्रवण करने का निर्देश दिया है। डीएम ने आम जनता से भी बढ़ते ठंड के मद्देनजर एडवायजरी का अनुपालन करने का आह्वान किया है।

संक्षिप्त खबरें

मोबाईल छिनतई गिरोह के 2 सदस्य गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। पुलिस ने मोबाइल छीनने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उसके पास से स्मैक , मोटरसाइकिल, छिनतई का मोबाइल और एक चिलम बरामद हुआ है। एसएसपी कार्यालय से जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए बताया गया है कि बीते 9जनवरी को देवरिया थाना अंतर्गत रामचंद्रपुर स्थित नवल सिंह कॉलेज के पास मोटरसाईकिल सवार अज्ञात अभियुक्तों द्वारा एक युवती से झपट्टा मार कर उसका मोबाईल छीन लिया गया था।इसकी सूचना प्राप्त होते ही देवरिया थाना की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त बिट्टु पाठक उर्फ गौरव पिता स्व0 देवेन्द्र किशोर पाठक ग्राम धरफरी थाना-देवरिया को घटनास्थल पर ही छिनतई की गई मोबाईल, स्मैक एवं मोटसाईकिल सहित गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त बिट्टु पाठक के निशानदेही पर घटना में संलिप्त एक अन्य अभियुक्त राहुल कुमार पिता ललितेश्वर मिश्रा ग्राम माधोपुर बुजूर्ग थाना-देवरिया को भी गिरफ्तार किया गया। इस संबंध देवरिया थाना कांड सं0-08/24 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

ठंढ व शीतलहर के कारण स्कूलों के समय में परिवर्तन

मुजफ्फरपुर। जिले में बढ़ते ठंड एवं शीतलहर के कारण बच्चों के स्वास्थ्य एवं उनके जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूलों की समय सारिणी में बदलाव किया है। जिलाधिकारी सह दण्डाधिकारी, प्रणव कुमार ने भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों समेत निजी एवं सरकारी विद्यालयों में सभी कक्षाओं के लिए शैक्षणिक गतिविधियों को पूर्वाह्न 09:30 बजे से पूर्व एवं अपराह्न 03:30 तक ही संचालित करने का आदेश दिया है। मिशन दक्ष तथा बोर्ड परीक्षा हेतु संचालित किये जाने वाली विशेष कक्षाओं का संचालन इससे मुक्त रहेगा। यह आदेश 12जनवरी से लागू किया गया है जो 16जनवरी तक प्रभावी रहेगा।

ग्रा पं विकास योजना को ले जीपीपीएफटी टीम का हुआ गठन

प्रात : किरण, संवाददाता

चौसा (मधेपुरा) जिले के एकमात्र आकांक्षी प्रखंड चौसा के पंचायती राज चौसा पूर्वी में मुखिया सुलेखा देवी की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत विकास योजना को लेकर जीपीपीएफटी टीम का गठन हुआ और कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को पिरामल फाउंडेशन की टीम ने जीपीपीएफटी और जीपीडीपी पर जीपीपीएफटी दल को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से जीपीपीएफटी टीम की भूमिका और उसके कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यशाला में मुख्य रूप से विभिन्न विभागों और व्यक्तियों के आपस में पंचायत स्तर पर कोलैबोरेशन और कन्वर्जन के महत्व को समझाने का प्रयास किया गया। कार्यशाला में विभिन्न उदाहरण के माध्यम से यह समझाने का प्रयास किया गया कि कैसे जीपीपीएफटी टीम के मेंबर पूरी पंचायत के सर्वांगीण विकास में एक साथ मिलकर योगदान दे सकते हैं और एक बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।

साथ ही ग्राम पंचायत विकास योजना में सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण पर जोर देते हुए पंचायत में 9 थीम के आधार पर पंचायत की जरूरततो और समस्याओं के हिसाब से थीम का चयन करके कैसे पंचायत विकास में योगदान दिया जाए इस पर भी बात रखी गई।

कार्यशाला को फैसिलिटेट पिरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीड अमरनाथ ठाकुर, गांधी फेलो रोहित राय और शुभम प्रजापति ने किया। कार्यशाला में प्रखंड विकास पदाधिकारी ब्रजेश कुमार दीपक, मुखिया प्रतिनिधि मदन मंडल, पंचायत सचिव हिमांशु, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अरुण कुमार, शिक्षा विभाग से राजीव कुमार अग्रवाल, स्वच्छता पर्यवेक्षक संजय कुमार, सरपंच प्रतिनिधि चंद्र किशोर ठाकुर, उप मुखिया, उपसरपंच, वार्ड सदस्य साजन कुमार, सतीश कुमार, पंकज कुमार पासवान, मिथुन मंडल, खुशीलाल सिंह, मनिकान्त गुप्ता, पंच अमन कुमार, आईसीडीएस विभाग से ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, महिला पर्यवेक्षिका, आंगनबाड़ी सेविका, आशा, एएनएम, जीविका प्रतिनिधि, शिक्षक व पंचायत के अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे।

दहेज उडपीड़न को लेकर पत्नी ने थाना में गुहार लगाई

प्रात : किरण, संवाददाता

सहरसा। 30 वर्षिय महिला अपने पति पर दहेज उत्पीड़न मारपीट और दूसरी शादी करने को लेकर सदर थाने में दिया आवेदन।पुलिस जांच में जुटी। बिहार के सहरसा जिले से खबर आ रही है जहाँ आज बुधवार को 30 वर्षीय महिला अपने पति पर मारपीट दहेज उत्पीड़न और दूसरे लड़की से शादी करने को लेकर सदर थाने में आवेदन देकर लगाई न्याय की गुहार। मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला का नाम खुश्बू कुमारी है जिसकी उम्र तकरीबन 30 वर्ष है और ससुराल महिषी थानां क्षेत्र के राजनपुर गांव पड़ता है और मायके सलखुआ थानां क्षेत्र के सलखुआ गांव की रहने वाली बतायी जा रही ।खुश्बु कुमारी की शादी 18 मई 2015 को हिदू रीति रिवाज के मुताबिक लालकृष्ण साह से हुई थी।शादी के बाद से ही दहेज को लेकर बार बार पति के द्वारा मारपीट की जाती थी जैसा कि महिला द्वारा आरोप लगाया जा रहा है। वहीं पीड़ित महिला खुश्बु कुमारी ने बतायी की मेरे पति हमको टॉर्चर करते है मानसिक और शारीरिक रूप से।इसी बीच में मेरा बच्चा बीमार हो गया तो हमारे पति हमको बच्चा सहित मायके पहुंचा दिया।उसके बाद आज कल हमको सूचना मिली कि हमारा पति किसी दूसरे लड़की के साथ घर में रह रही है और आज राजनपुर से आकर कोर्ट जा रहा है शादी करने के लिए।सूचना मिलते ही जब मैं अपने ससुराल पहुंची तो लड़की और मेरा पति रूम में था।उसके बाद जब वीडियो बनाने लगे तो मेरे साथ सब मिलकर मारपीट कर भगा दिया।आज बुधवार को मेरा पति उक्त लड़की के साथ शादी करने को लेकर सहरसा कोर्ट आया।उसके बाद हमलोग भी कोर्ट पहुंचे और 112 न पर डायल कर पुलिस को सूचना दिए।सूचना मिलते ही पुलिस आयी और मेरे पति को हिरासत में लेकर थानां लायी।उसके बाद सदर थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। वहीं सदर थाना अध्यक्ष श्री राम सिंह ने इस मामले को लेकर बताया कि पीड़ित महिला के द्वारा आवेदन दिया गया है।जांच की जा रही है।

सौरबाजार में अंग्रेजी शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

प्रात : किरण, संवाददाता

सौरबाजार/सहरसा- थाना क्षेत्र के सहुरिया पुर्वी से बुधवार की देर संध्या को गुप्त सूचना पर सौर बाजार पुलिस ने 41.670 लिटर ब्लैक डॉट अंग्रेजी शराब के साथ दो कारोबारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया हैं। थाना अध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार की देर संध्या को सहुरिया गांव से दो कारोबारी को 90 बोतल 375 एमएल एवं 44 बोतल 180 एमएल का ब्लैक डॉट अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शराब कारोबारी की पहचान सहुरिया गांव निवासी मनीष यादव के पुत्र गोपाल कुमार एवं चंदेश्वरी यादव के पुत्र उमेश यादव के रूप में की गई है। गिरफ्तार दोनों कारोबारी के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया है।

प्रखंड प्रमुख और उप प्रमुख पर लगा अविश्वास प्रस्ताव,आठ सदस्यों ने लिया भाग

प्रात : किरण, संवाददाता

सौरबाजार/सहरसा- प्रखंड क्षेत्र के आठ समिती सदस्यों ने प्रमुख नजमुन निशा एवं उप प्रमुख धीरेन्द्र यादव के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लगाया है। आठ समिति सदस्यों ने बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी को इससे संबंधित आवेदन दिया है। प्रमुख एवं उप प्रमुख के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लगाने में चन्दौर पुर्वी पंचायत की समिति सदस्या रेखा देवी,अजगैवा पंचायत के समिति सदस्य सुधांशु शेखर एवं सहुरिया पुर्वी पंचायत के समिति सदस्य नारायण यादव समेत आठ समिति सदस्य ने हस्ताक्षर युक्त प्रस्ताव लगाया। सदस्यों ने प्रमुख पर सही समय से बैठक नहीं बुलाने का आरोप लगाया है। कहा की इसकी सूचना सदस्यों को नहीं दिया जाता है। पंचायत समिति सदस्यों को प्रमुख द्वारा मान सम्मान नहीं दिया जाता है। पंचायत समिति की बैठक में सही निर्णय नहीं लिया जाता है। जिस कारण बहुमत के लिए निर्णय का कोई औचित्य नहीं रह जाता है। प्रमुख अपने शक्तियों का खुलेआम दुरुपयोग करते हैं। कई पंचायत समिति क्षेत्र की 15वीं एवं षष्टम वित्त आयोग की राशि से क्रियान्वित होने वाले विकास की योजनाओ से वंचित रखा जाता हैं। सदस्यों की सलाह एवं सुझाव पर प्रमुख द्वारा विशेष ध्यान नहीं दिया जाता है। प्रमुख द्वारा सदस्यों के भावनाओं को नजर अंदाज करते हुए हम लोगों के साथ विश्वास घात किया जाता है। उप प्रमुख के खिलाफ भी सदस्यों ने यही आरोप लगाया है। कहां गया है कि उप प्रमुख द्वारा शक्तियों का खुला दुरुपयोग किया जा रहा है। पंचायत समिति की बैठक में उप प्रमुख द्वारा कोई रुचि नहीं लिया जाता है। उप प्रमुख द्वारा स्थाई समिति की बैठक नहीं कराया जाता है। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी नेहा कुमारी ने बताया कि प्रमुख एवं उप प्रमुख के विरुद्ध पंचायत समिति सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लगाया है। चुनाव का समय निर्धारित नहीं है निर्धारित की जाएगी।

विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर केपी यादव हुए हिंदी रत्न से सम्मानित

प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुरा । विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर बिहार के विशिष्ट साहित्यकारों को हिंदी रखो सम्मान से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष अनिल सुलभ एवं पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश संजय कुमार के द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर बिहार के कोने-कोने से आए हिंदीसेवी एवं प्रख्यात साहित्यकारों ने अपने काव्य पाठ से विश्व हिंदी दिवस की प्रासंगिकता को सिद्ध किया। कोसी के लाल एवं पूर्व प्रधानाचार्य टी. पी. कॉलेज मधेपुरा प्रो. डॉ. के. पी. यादव को प्रतिष्ठित हिंदी रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। इससे संपूर्ण कोसी-सीमांचल एवं मिथिलांचल में हर्ष व्याप्त है। मालूम हो कि डॉ. यादव अनवर साहित्य साधना में मन वचन एवं कम से संलग्न हैं। विभिन्न प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए भी उन्होंने कभी भी सरस्वती की आराधना नहीं छोड़ी।

राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह आज

मधेपुरा । ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के स्मार्ट क्लास रूम में पूर्वाह्न 11बजे से स्वामी विवेकानंद जयंती सह राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह का आयोजन किया गया है। दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं सेहत केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव करेंगे। अतिथियों का स्वागत मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर कुमार मिश्र और धन्यवाद ज्ञापन गणित विभागाध्यक्ष ले. गुड्डु कुमार करेंगे। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें युवाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी दी जाएगी।

अपने मेहनत से नित नई उच्चाई को करें प्राप्त : डॉ. अमरेन्द्र कुमार

प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुरा । बी एन एम यू के नॉर्थ कैंपस स्थित विश्वविद्यालय इतिहास विभाग में सत्र 2021-23 के फोर्थ सेमेस्टर के स्टूडेंट्स का विदाई समारोह आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विभाग के फोर्थ सेमेस्टर के स्टूडेंट्स के द्वारा सभी प्राध्यापकों को बुके से सम्मानित किया गया। भवेश और भूषण के साथ उषा, मोना, काजल और रिजु के द्वारा स्वागत गान की प्रस्तुति की गई। मौके पर एचओडी प्रो. (डॉ.) सीपी सिंह ने भारतीय पारंपरिक ज्ञान की महत्ता पर प्रकाश डाला तथा आधुनिक उपलब्धियां की चर्चा की तथा छात्रों को देश की प्रगति में अपना योगदान देने हेतु प्रोत्साहित किया। एसोसिएट प्रो. (डॉ.) विमल कुमार सिंह ने छात्रों को कम समय में बेहतर आयोजन के लिए बधाई दी तथा भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। असिस्टेंट प्रो. अनिल कुमार ने कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात छात्रों को अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। तथा एल्यूमिनि संगठन से जुड़कर अपनी उपलब्धियां के बारे में विभाग को जानकारी देते रहें। अस्सिस्टेंट प्रो. (डॉ.) अमरेंद्र कुमार ने कहा कि सभी स्टूडेंट्स इतिहास विभाग की धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि स्टूडेंट्स नित नई ऊंचाई को मेहनत से प्राप्त करें और विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें। डॉ. संजय कुमार ने कहा स्टूडेंट्स अनुशासित रहकर ही जीवन में सफल हो सकते हैं। मंच संचालन फोर्थ सेमेस्टर की छात्रा खुशबू कुमारी ने की। वहीं धन्यवाद ज्ञापन कुंदन कुमार मेहता ने किया। मौके पर अनिल कुमार, डॉ. अमरेंद्र कुमार, डॉ. संजय कुमार, मो. तौकीर हाशमी, शोधार्थी प्रकाश कुमार, सुभाष कुमार, नेहा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, सोनाली, रानी कुमारी, चंदन कुमार, आशीष कुमार, राजेश कुमार राम, बाबुल कुमार, संजीव कुमार, अमृत, नवीन आदि मौजूद रहे।

नए कानून के खिलाफ ट्रक चालकों ने की नारेबाजी, सड़कों पर उतरे ट्रक ड्राइवर

प्रात : किरण, संवाददाता

सौरबाजार/सहरसा- नए कानून के खिलाफ एक बार फिर से ट्रक चालको ने गुरुवार को बैजनाथपुर चौक स्थित ट्रक को सहरसा - मधेपुरा, सौर बाजार एवं घैलाढ मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे ट्रक को खड़ा कर जाम कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वाले ट्रक चालक नए नियमों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए नए कानून को वापस लेने की मांग कर रहे थे। नए कानून को ट्रक चालकों ने काला कानून बताया। चक्का जाम करने से सड़कों पर परिचालन पूरी तरह से ठप रहा। ट्रक और भारी वाहनों के अतिरिक्त बस और टेंपो भी सड़कों पर दौड़ती हुई कहीं नजर नहीं आई। जब सड़क पर कोई भी वाहन दौड़ती थी तो ट्रक चालक उन्हें आगे से रोककर चप्पल का माला पहना कर वाहन को जाने के लिए दे दिया करते थे। कड़ाके की ठंड के बीच सफर करने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सफर करने वाले लोगों को पैदल ही एक साधन था। ऐसी स्थिति में लोग अपने सामान को लेकर हाफ्ते हुए पैदल चलने को विवश था। मौके पर बैजनाथपुर पुलिस सदर बल के साथ जाम स्थल पहुंचकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं ट्रक चालकों को समझा बूझाकर करीब 5 घंटे बाद जाम को समाप्त करवाया।

जिला स्तर पर डाटाबेस किया जाना है संधारित

प्रात : किरण, संवाददाता

मधुबनी आगामी लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के क्रम में मतदान कार्मिकों का डाटाबेस तैयार से संबंधित कार्मिकों का जिला स्तर पर डाटाबेस संधारित किया जाना है। विदित हो कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 25 के अन्तर्गत सम्बधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी द्वारा पीठासीन पदाधिकारी एवं अन्य मतदान कर्मिकों की देयजानी है। जिला स्तर पर कार्मिको का डाटाबेस एन0आई0सी0 बिहार पटना के सॉफटवेयर पर ऑनलाईन तैयार किये जाने की व्यवस्था की गयी है। कर्मिकों की सूची संग्रहण संलग्न प्रपत्र में दिनांक 31.12.2023 तक कराकर इसे ऑनलाईन प्रविष्टि कराने का निदेश प्राप्त है, जिसके आलोक में इस कार्यालय के पत्रांक-2943/जि0स्था0, दिनांक-14.12.2023 द्वारा ससमय प्रपत्र-01 एवं प्रपत्र-02 में प्रविष्टि कर जिला कार्मिक कोषांग, मधुबनी में समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया था, परन्तु अद्यतन अधिकांश कार्यालय से डाटाबेस अप्राप्त है। उल्लेखनीय है कि समीक्षा के क्रम में पाया गया कि विभिन्न कार्यालय के पदाधिकारियों एवं अन्य कर्मियों का प्रपत्र-01 एवं प्रप.-02 समर्पित नहीं किया जा रहा है, जो नियमानुकूल नहीं है। विभगीय निदेश के आलोक में उनके विरूद्ध लोकसभा निर्वाचन अधिनियम के संगत प्रावधानों के तहत कार्रवाई करने का निदेश है।अतएव उपरोक्त के आलोक में पुनः अन्तिम रूप से निदेशित किया जाता है कि अपने कार्यालय/विभाग में कार्यरत/पदस्थापित पदाधिकारियों/कार्मिको का विहित प्रपत्र -01 एवं प्रपत्र-02 में डाटाबेस तैयार कर एक सप्ताह के अन्दर जिला कार्मिक प्रबंधन कोषांग, मधुबनी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा एक सप्ताह के अन्दर अपेक्षित डाटाबेस प्राप्त नहीं होने पर सम्बन्धित पदाधिकारियों के विरूद्धअनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

सीट शेयरिंग को लेकर तेजस्वी यादव से मिला भाकपा माले की टीम

प्रात : किरण, संवाददाता

मधुबनी पार्टी की बिहार राज्य कमिटी की ओर से लोकसभा चुनाव में सीट शेयरिंग को लेकर गठित भाकपा-माले की तीन सदस्यों की टीम ने आज बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से मुलाकात की और सीट शेयरिंग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की. इस टीम में पोलित ब्यूरो के सदस्य धीरेन्द्र झा राजाराम सिंह और केडी यादव शामिल हैं.टीम ने तेजस्वी यादव से मुलाकात के बाद कहा कि भाकपा-माले ने पूर्व में राजद को दी गई 5 सीटों की अपनी लिस्ट पर फिर से दावेदारी जताई है. कहा कि फासीवादी भाजपा के खिलाफ इंडिया गठबंधन को वैचारिक और आंदोलनात्मक धार देने के लिए दलित-गरीबों के आंदोलनों की मजबूत आवाज भाकपा-माले का सीट शेयरिंग में उचित समायोजन होना चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि जदयू नेताओं के गैरजरूरी वक्तव्यों से भ्रम की स्थिति बन रही है. जदयू के नेताओं को ऐसे वक्तव्यों से परहेज करना चाहिए जिससे इंडिया गठबंधन कमजोर होती हो. हम चाहते हैं कि राज्य में इंडिया गठबंधन की अविलंब बैठक हो. सामूहिक और पार्टी टू पार्टी बैठक के जरिए सीट शेयरिंग के मसले को जल्द हल कर लिया जाना चाहिए।

सीएचसी में मरीजों के बीच कंम्बल वितरण किया गया

प्रात : किरण, संवाददाता

मधुबनी तेज पछिया हवा बहने से अत्यधिक कड़ाके ठंड बढ़ने से खजौली बीडीओ लवली कुमारी ने वुधवार को संध्याकाल में सीएचसी खजौली में भर्ती महिला बध्याकरन मरीजों के बीच 19 कंम्बल वितरण किया गया.वही एक कंम्बल रेलवे स्टेशन पर ठंड से ठिठुर रहे गरीब गुरवा को दिया गया. बीडीओ लवली कुमारी ने कहा कि कड़ाके को ठंड को देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन के निदेर्शानुसार निः सहाय गरीब गुरवा लोग को ठंड से बचने को लेकर कंम्बल वितरण किया गया.उन्होंने कहा कि जब तक ठंड जारी रहेगा तब तक कंम्बल वितरण जारी रहेगा. उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन पर हास्पिटल चौक चौराहे पर रात बिताने वाले गरीब, गुरवा के बीच कंम्बल वितरण किया जाएगा. वही सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. जोतीन्द्र नारायण ने कहा कि ठंड के समय मे गरीब गुरवा मरीज की संख्या में बढोत्तरी होने से एक कंम्बल देने से वह गरीब की जान ठंड से बच सकता है.इस मौके पर सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. जोतीन्द्र नारायण, डा. जितेंद्र कुमार, डा. साहिद एकवाल,डाटा ऑपरेटर बबलू कुमार सहित हास्पिटल के गार्ड मौजूद थे।

सहरसा में लगा महायोगनी मेला हर दिन हजारों की संख्या में पहुंच रहे है लोग

प्रात : किरण, संवाददाता

सहरसा। हर साल कोसी और सीमांचल इलाके में एक बड़ा मेला के रूप में सहरसा मत्स्यगंधा रक्त काली 64 योगिनी मेला के रूप में जाना जाता है ,इस मेले की कई विशेषताएं है यह मेला सोनपुर मेला के तर्ज पर हर वर्ष लगता है, मेले में मनोरंजन के साथ-साथ कई झूले भी लगाए गए है साथ ही विभिन्न राज्यों से व्यापारियों का भी जमावड़ा इस मेले में लगता है व्यापारी विभिन्न खाने पीने से लेकर जरूरत के सामानों का स्टाल लगाते हैं वही महिला से संबंधित सिंघार का भी दुकान सजती है । सहरसा मत्स्यगंधा मेला कोसी क्षेत्र के लोगों के लिए सौगात बनाकर हर वर्ष आता है, इस मेले को यहां के लोग काफी पसंद करते हैं , यह मेला कोसी क्षेत्र के लोगों के लिए काफी रोमांचक रहता है , यहां हजारों की संख्या में रोजाना लोग मेला देखने आते हैं यह मेला सहरसा जिला के मत्स्यगंधा झील के किनारे होने के कारण और भी खूबसूरत लगता है। : यह मेला सहरसा स्थित 64 योगिनी रक्त काली मंदिर के समीप लगता है, जिसके कारण यह मेला यहाँ आने वाले लोगों के लिए श्रद्धा का केंद्र भी रहता है, लोग इस मंदिर में दर्शन के बाद मेला का लुफ्त उठाते हैं, वही मत्स्यगंधा झील और नौका विहार के कारण इस मेले की खूबसूरती में चार चांद लग जाता है । यहां मेला देखने आए लोग एक साथ मंदिर मैं दर्शन प्राप्त करते हैं साथ ही नौका विहार और मेला का भी लुफ्त उठाते हैं। ऐसे में यह कोसी क्षेत्र का सबसे सुंदर मेला रहता है, जहां हजारों की संख्या में रोजाना लोग मेला देखने आते हैं, यह मेल लगभग एक माह तक चलता है । यह सहरसा मधेपुरा सुपौल के अलावा नेपाल से भी लोग मेला देखने पहुंचते हैं । : इस मेले में सभी प्रकार के छोटे बड़े झूले लगे हैं, जहां लोग अपने परिवार के साथ काफी अच्छा समय बिताते हैं। वही जरूरत की सामानों के लिए भी यह मेला में काफी दुकानें लगी है, साथ ही खाने के लिए खाने-पीने के लिए काफी कुछ मौजूद है । इस मेले में खाने के बाद आप अलग-अलग तरह के पान भी खा सकते हैं। लेकिन इस वर्ष इस मेले में काफी अधिक संख्या में लोगों ने इस मेले का लुफ्त उठाया प्रतिदिन इस मेले में खचाखच लोगों की भीड़ देखी गई यह मेला 20 जनवरी तक चलेगा हर दिन यहां पर हजारों की संख्या में लोग घूमने आते हैं मेले का आनंद उठाते हैं वही इस बार व्यापारियों की माने तो हर साल से ज्यादा इस वर्ष उन्हें मुनाफा हुआ है इस वर्ष अधिक संख्या में लोग मेला में पहुंच रहे है । वही मेला व्यवस्थापक कुमार अमृतराज का कहना है कि मेले में प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के काफी अच्छे इंतेजामत किए गए हैं पुलिस बल भी यहां मौजूद रहती है और सीसीटीवी कैमरे से मेला की निगरानी की जा रही है ।

अज्ञात शराब धंधेबाज पर एफआईआर हुआ दर्ज

प्रात : किरण, संवाददाता

मधुबनी खजौली पुलिस ने थानाक्षेत्र के डाढा गांव स्थित आम बगीचे के समीप तालाब से 750 बोतल नेपाली देशी शराब बरामद दिया.एसआई मदन उराव के लिखित आवेदन पर खजौली थाना में अज्ञात शराब कारोबारी पर एफआईआर दर्ज हुआ है. दर्ज एफआईआर के अनुसार पुलिस को डाढ़ा गांव स्थित चेतनारायण सिंह के आम बगीचे में शराब होने की गुप्त सूचना मिली. पुलिस सूचना पुष्टि को वहां पहुंचा. आम के बगीचे में खोजबीन किया. इस क्रम में आम बगीचे के समीप तलाब से प्लास्टिक की पांच बोरी मिली. जिसमें 750 बोतल नेपाली देशी शराब पाया गया. पुलिस ने उसे जब्त कर लिया. शराब धंधा को ले अज्ञात शराब धंधेबाज पर एफआइआर की. थानाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने बताया कि अज्ञात शराब धंधेबाज को चिन्हित कर उस पर कार्रवाई होगी।

ब्लॉक परिसर में बने करोड़ो का जल मीनार बंद

प्रात : किरण, संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा) कुमारखंड प्रखंड परिसर में बने करीब करोड़ो रुपए का जल मीनार बनने के बाद भी आम लोगो को एक बूंद पानी नहीं मिलता। पीएचडी विभाग पूरी तरह लापरवाह है। वर्षो से बने जल मीनार सोभा की वस्तु बनी हुई है। कार्य एजेंसी द्वारा रंग रोगन समेत अन्य कार्य के लिए विभाग से लाखो रुपया की हर वर्ष उठाव कर विभाग और सरकार को धूल झुक रहीं है। बुधवार को बिहार सरकार ग्रामीण विकास विभाग सामाजिक अंकेक्षण सोसाइटी द्वारा जब जांच टीम के सदस्य सीआरपी कविता कुमारी ने बताया प्रखंड कार्यालय में बने जल मीनार बंद पड़ा हुआ है जगह-जगह पाइप पर लीक पाया गया और पानी बंद है जांच के दौरान ऑपरेटर बबलू ऋषिदेव मौजूद थे। उन्होंने बताया 12 जनवरी को प्रखंड कार्यालय परिसर में जनसुनवाई को लेकर शिविर रखा गया है। शिविर में जिला के वरीय पदाधिकारी समेत विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे लोगों की समस्याओं को सुनकर निदान किया जाएगा।

सम्पादकीय

आर्थिक संकट से अशांति

अभी तीन साल पहले तक यह सोचना कठिन था कि जर्मनी जैसे धनी देश में किसान प्रतिरोध का ऐसा का नजारा देखने को मिलेगा। लेकिन जर्मन सरकार की प्राथमिकताओं ने देश को संकट में फंसा दिया। उसका नतीजा सामने है। यूरोप में पसरते आर्थिक संकट का असर बढ़ती सामाजिक अशांति के रूप में दिख रहा है। बात अब महाद्वीप की सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था जर्मनी तक पहुंच चुकी है। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से जर्मनी की मुश्किलें बढ़ती चली गई हैं। जर्मनी भी रूस पर प्रतिबंध लगाने वाले देशों में उत्साह से शामिल हुआ। नतीजतन, रूस से सस्ती ऊर्जा का मिलना बंद हुआ, जिसका असर उसके उद्योग जगत पर पड़ा है। उत्पादन महंगा होने से जर्मनी के उत्पाद विश्व बाजार में पहले जैसे सस्ते नहीं रह गए हैं। इससे उनका बाजार गिरा है। दूसरी तरफ यूक्रेन युद्ध के कारण भड़की महंगाई का असर भी पड़ा। इस कारण कुछ महीने पहले जर्मनी सरकार को कमखर्ची का नीति अपनानी पड़ी। इसके तहत डीजल सब्सिडी में कटौती कर दी गई। उसका नतीजा है कि अब राजधानी बर्लिन समेत कई शहरों में किसान प्रदर्शन कर रहे हैं। खेती में काम आने वाली गाडिों में मिलने वाली टैक्स की छूट कम कर दी गई है। इसके खिलाफ किसानों के प्रदर्शन से कई जगहों पर हाई-वे जाम हो गए हैं। इस कारण बड़े स्तर पर यातायात-परिवहन के प्रभावित होने की आशंका पैदा हुई है। सात जनवरी से ही बड़ी संख्या में किसान बर्लिन आने लगे। वहां ऐतिहासिक ब्रैंडनबुर्ग द्वार के पास उन्होंने बड़ी संख्या में ट्रैक्टर खड़े कर दिए। किसान उनके हॉर्न बजाकर भी अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। देशभर में ऐसे सैकड़ों प्रदर्शन जारी हैं। उत्तरी और पूर्वी जर्मनी में भी कई जगहों पर यातायात और जनजीवन प्रभावित होने की खबर है। कई जगहों पर किसानों की रैलियां भी प्रस्तावित हैं। किसान संगठनों ने कहा है कि विरोध कार्यक्रम और रैलियां इस पूरे सप्ताह जारी रहेंगी और 15 जनवरी को बर्लिन में एक बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। सरकार ने कमखर्ची की नीति के तहत करीब 6, 000 करोड़ यूरो की बचत की योजना बनाई है। इसी का असर किसानों पर पड़ा है। अभी तीन साल पहले यह सोचना कठिन था कि जर्मनी जैसे धनी देश में इस तरह का नजारा देखने को मिलेगा। लेकिन जर्मन सरकार की प्राथमिकताओं ने देश को संकट में फंसा दिया। उसका नतीजा सामने है।

मंदिर-मंदिर खेल रहे हैं जग वाले

राकेश अचल

हमारे एक पुराने बजरंगी भाई हैं श्री जयभान सिंह पवैया। कहते हैं कि राम मंदिर की लड़ाई आजादी की लड़ाई से भी बड़ी लड़ाई है। जयभान को आजादी की लड़ाई का भान नहीं है लेकिन उनके पुरखों को शायद होगा। नहीं भी हो सकता, क्योंकि उनके नागपुरवंशी तो कभी आजादी की लड़ाई लड़े नही। उन्होंने तो केवल राम मंदिर की लड़ाई लड़ी है, इसलिए मुमकिन है कि वे दोनों के बीच का फर्क नहीं जानते। बहरहाल देश में आजकल एक बड़ी आबादी और उसके नेता मंदिर-मंदिर खेल रहे हैं और बाकी के लोग उसे झेल रहे हैं। रामलला का मंदिर भले ही आधा-अधूरा है लेकिन उसका इस्तेमाल सियासत के लिए पूरा-पूरा किया जा रहा है। आजादी की लड़ाई में कोई मंदिर नहीं था, तब गुलामी की बेड़ियों में जकड़ी भारत माता थी। तब भारत माता की गुलामी को खेल नहीं बनाया गया था। भारत माता की आजादी के आंदोलन में कामयाबी के बाद किसी चम्पत राय ने देश की जनता को आजादी के जश्न में शामिल होने के निमंत्रण नहीं बांटे थे, किसी से किसी ने ये भी नहीं कहा था की जश्न में शामिल होइए या न होइये। किसी ने इस जश्न के लिए पीले चावल भी नहीं बांटे थे। इसकी जरूरत ही नहीं थी। आजादी के जश्न और रामलला की प्राण -प्रतिष्ठा समारोह में जमीन-आसमान का अंत है, लेकिन दुर्भाग्य आज के नेता और भक्तमंडल इस भेद को समझना नहीं चाहते। रामलला भी हैरान होंगे कि उन्हें, उन्हीं के भक्तों ने एक तलवार की तरह इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। जो इस राजनीतिक जलसे में शामिल न हो, जो इस जलसे की धार्मिकता पर प्रश्नचिन्ह लगाए उसे राम का वैरी घोषित किया जा रहा है। ये अधिकार रामभक्तों को किसने दिया है ? आगामी 22 जनवरी 2024 देश के इतिहास में वैसे ही एक ऐतिहासिक दिन होगा जैसे कि 06 दिसंबर 1992 का दिन था। एक तारीख में अधबने मंदिर में रामलला कि नए विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा की जा रही है और एक तारीख में यहां बनी एक इमारत को ध्वस्त किया गया था। जिस इमारत को ध्वस्त किया गया था उसमेंकोई विग्रह नहीं था। रामभक्त इसे पांच सौ साल की लड़ाई का विजय घोष बता रहे हैं, जबकि राम तो हजारों साल से अजेय है। उनके मंदिरों को बड़ी से बड़ी राज सत्ताएं नहीं मिटा सकें, क्योंकि वे असंख्य भारतीयों कि मन में रहते है। वे हिन्दुओं के भी राम हैं, वे मुसलमानों कि भी राम है। यदि न होते तो मुस्लिम रचनाकार उनके भक्त कैसे होते ? बहरहाल बात मंदिर को तलवार बनाने की है, बात मंदिर की तलवार से अपने राजनीतिक विरोधियों का खात्मा करने की है। देश कि चारों शंकराचार्यों ने रामलला कि विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को सियासी जलसा बनाने का विरोध करते हुए समारोह कि बहिष्कार का ऐलान किया तो भाजपा की ट्रोल आर्मी उन चारों कि पीछे लग गयी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और श्रीमती सोनिया गांधी ने प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में आने से इंकार किया तो इन्हें सनातन विरोधी घोषित कर दिया गया। राम कि ठेकेदार भूल गए कि श्रीमती सोनिया गांधी के पति और तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी कि हस्तक्षेप से ही रामलला कि पुराने मंदिर कि दरवाजे पूजा-अर्चना कि लिए खोले गए थे, तब कोई भाजपाई मैदान में न था। बहरहाल पूरे देश में, विदेश में राम कि भक्त इस बात से मुतमईन हैं कि अयोध्या में राम मंदिर बन गया। लोग खुश हैं कि अयोध्या नया धार्मिक पर्यटन स्थल बन गया है। लोग खुश हैं कि वहां अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा बिना मांगे बन गया है, हालाँकि वहां कोई पुष्पक उतरने वाला नहीं है।, लेकिन लोग इस बात से दुखी भी हैं कि रामलला को एक राजनीतिक दल ने, एक तथाकथित सांस्कृतिक संगठन ने बंधुआ बना लिया है। नवनिर्मित राममंदिर कि बारे में संघ कि प्रचारक रह चुके कोई चम्पतराय कहते हैं कि राम मंदिर तो रामानंदी समर्प्दाय का है, तो प्रश्न उठता है कि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह कि निमत्रण पत्र चम्पत राय क्यों बाँट रहे हैं ? वे कौन हैं ? वे क्या रामानंदी समर्प्दाय कि शीर्ष गुरु हैं ? शंकराचार्य हैं ?शायद नहीं है। वे संघ की, भाजपा की एक कठपुतली हैं, उन्हें जैसा संघ और भाजपा चाहती है वैसा नचा लेती है। कायदे से उन्हें अब मंदिर से बाहर आ जाना चाहिए। लोग अयोध्या में तब से आ-जा रहे हैं जब देश में न कोई विश्व हिन्दू परिषद थी, न कोई आरएसएस था और न कोई भाजपा था। अयोध्या त्रेता में थी और आज भी है और कल भी रहेगी। लोग पहले की तरह यहां कल भी आएंगे, उन्हें अयोध्या आने कि लिए किसी कि पीले चावलों की जरूरत नहीं है। पीले चावल बांटने वाले राम जी कि अभिभावक नहीं है। वे राम जी कि सेवक हो सकते हैं, भक्त हो सकते हैं, अनुयायी हो सकते हैं किन्तु ये अधिकार उन्हें राम जी ने किसी को नहीं दिया की कोई उनके असंख्य भक्तों को पीले चावल देकर अयोध्या आने को कहे। राम जी को पता है कि पीले चावल देकर कौन, क्या उल्लू सीधा करना चाहता है ? राम जी को उनका मंदिर बनाकर देने का अहसान थोपने की कोशिश करने वाले बेंत कि पेड़ की तरह हैं। उनके हृदय में नफरत के साथ मूर्खता भरी हुई है और गोस्वामी तुलसी दास जी कह गए हैं कि मूर्ख हृदय न चेत, जो गुरु मिलहि विरंच सम, फूलहि-फरहिं न बेंत जदपि सुधा बरसहिं जलद। रामलला का भव्य -दिव्य मंदिर कलियुग का एक नायब शाहकार होगा, लेकिन इसकी नीव में देश भर के दो हजार से अधिक लोगों कि रक्तकण भी समाहित होंगे। भाजपा इन दिवंगतों को भी शहीद कहेगी, लेकिन मै इन्हें निदोर्षों का वध मानता हूँ। जो एक उन्माद में मारे गए। पुलिस की गोली से मारे गए या नफरत कोई आग में जलकर मारे गए। उन्हें श्रृद्धांजलि दी जाना चाहिए, क्योंकि उन्हें एक ऐसी लड़ाई में शहादत देने को उकसाया गया जिसके पक्ष में शायद भगवान राम कभी नहीं रहे होंगे। राम को मंदिर की जरूरत थी ही नहीं, वे तोउनके मन मंदिर में पहले से बसे हुए हैं जो बाल्मीक ने और तुलसीदास ने अपने ग्रंथों में उल्लेखित किये हैं। एक चौपाई मुझे भी याद है -निदरहिं सरित सिंधु सर भारी। रूप बिंदु जल होहिं सुखारी॥ तिन्ह कें हृदय सदन सुखदायक। बसहु बंधु सिय सह रघुनाय। कुल जमा सार ये है कि जो पीले चावल लेकर भी 22 जनवरी को अयोध्या जाने से रोके जा रहे हैं उन्हें हकीकत समझना चाहिए। इन पीले चावलों कि जरिये उन्हें रामलला नहीं माननीय नरेंद्र मोदी और माननीय अमित शाह बुला रहे है। ताकि आप उनका अहसान मानें और आगामी लोकसभा चुनाव में राम जी कि नाम पर उन्हें वोट देकर तीसरी बार सत्ता में वापस ले आएं, क्योंकि इस समय उनकी जमीन खिसकी हुई है। राजनीति में साम-दाम, दंड और भेद का इस्तेमाल करके भी वे देश की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे हैं और जबरन शंकराचार्यों से भी बड़े जगद्गुरु बनना चाहते है। जय सिया - राम सीता राम।

उच्च गुणवत्ता में भारत को दुनिया में अग्रणी बनाना

प्रतिस्पर्धी दरों पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की आपूर्ति 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के प्रधानमंत्री के मिशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठा रही है कि मेड इन इंडिया ब्रांड गुणवत्ता की गारंटी हो, जो भारतीय और विदेशी उपभोक्ताओं के लिए आनंद का परिचायक बने। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया है कि एक लाभदायक बाजार तभी कायम रह सकता है जब उत्पादकों और उपभोक्ताओं के हितों में संतुलन हो। इस रणनीति का एक प्रमुख घटक गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) पर जोर देना है। इसके जरिये क्यूसीओ यह सुनिश्चित करता है कि सभी उत्पाद भारतीय मानक ब्यूरो के निर्धारित मानदंडों के अनुरूप हों। यह उन उपभोक्ताओं के लिए एक वरदान है, जिससे उपभोक्ताओं को उत्पादों तथा व्यवसायों के संबंध में विश्वसनीय, सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता का भरोसा प्राप्त होता है। इसके जरिये घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में बढ़ती मांग व उपभोक्ताओं की आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद मिलती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की डिजिटल इंडिया पहल ने 140 करोड़ भारतीयों के परिवार को दुनिया से जुड़ने और सर्वोत्तम उत्पादों व व्यवहारों के बारे में जानने में मदद की है। वे किसी उत्पाद को खरीदने से पहले नियमित रूप से प्रदर्शन, स्थायित्व और निर्भरता के लिए ग्राहक समीक्षाओं की जांच करते हैं। यदि वे उत्पाद से असंतुष्ट हैं, तो वे सार्वजनिक रूप से कमियों को उजागर करते हैं।

श्री. पीयूष गोयल
केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और वस्त्र मंत्री

विनिर्माण क्षेत्र में जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट के संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान के अनुरूप उच्चतम वैश्विक मानकों को पूरा करने वाले उच्च गुणवत्ता के उत्पाद उपलब्ध कराने में भारत दुनियाभर में अग्रणी बनने की दिशा में अग्रसर है।

प्रतिस्पर्धी दरों पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की आपूर्ति 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के प्रधानमंत्री के मिशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठा रही है कि मेड इन इंडिया ब्रांड गुणवत्ता की गारंटी हो, जो भारतीय और विदेशी उपभोक्ताओं के लिए आनंद का परिचायक बने।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया है कि एक लाभदायक बाजार तभी कायम रह सकता है जब उत्पादकों और उपभोक्ताओं के हितों में संतुलन हो। इस रणनीति का एक प्रमुख घटक गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) पर जोर देना है। इसके जरिये क्यूसीओ यह सुनिश्चित करता है कि सभी उत्पाद भारतीय मानक ब्यूरो के निर्धारित मानदंडों के अनुरूप हों।

यह उन उपभोक्ताओं के लिए एक वरदान है, जिससे उपभोक्ताओं को उत्पादों तथा व्यवसायों के संबंध में विश्वसनीय, सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता का भरोसा प्राप्त होता है। इसके जरिये घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में बढ़ती मांग व उपभोक्ताओं की आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद मिलती है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की डिजिटल इंडिया पहल ने 140 करोड़ भारतीयों के परिवार को दुनिया से जुड़ने और सर्वोत्तम उत्पादों व व्यवहारों के बारे में जानने में मदद की है। वे किसी उत्पाद को खरीदने से पहले नियमित रूप से प्रदर्शन, स्थायित्व और निर्भरता के लिए ग्राहक समीक्षाओं की जांच करते हैं। यदि वे उत्पाद से असंतुष्ट हैं, तो वे सार्वजनिक रूप से कमियों को उजागर करते हैं। इसलिए, उत्पाद की गुणवत्ता, कीमत और नवीनता के बीच संतुलन बनाना समय की मांग है।

मोदी सरकार सुरक्षित, विश्वसनीय व बेहतर गुणवत्ता वाले सामान उपलब्ध कराने और भारतीय उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत गुणवत्ता इको-सिस्टम विकसित करने पर केंद्रित है। मई 2014 से पहले, 106 उत्पादों को कवर करने वाले केवल 14 क्यूसीओ जारी किए गए थे। सूची को अब 653 उत्पादों को कवर करते हुए 148 क्यूसीओ तक बढ़ा दिया गया है। इनमें एयर कंडीशनर, खिलौने और जूते जैसे घरेलू उत्पाद शामिल हैं।

निर्यात पर गुणवत्ता नियंत्रण

क्यूसीओ ने मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड के मिशन को गति दी है। क्यूसीओ के तहत कई उत्पादों का निर्यात किया जा रहा है। कच्चा लोहा उत्पाद, सौर डीसी केबल, दरवाजे की फिटिंग, छत के पंखे, हेलमेट, स्मार्ट मीटर, हिंजेस, एयर कूलर और एयर फिल्टर गुणवत्ता-नियंत्रित उत्पाद हैं, जो आयात किए जाने की तुलना में कहीं अधिक निर्यात किए जाते हैं। क्यूसीओ द्वारा कवर किए गए कास्ट आयरन उत्पादों का पिछले साल 535 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निर्यात हुआ था, जबकि आयात मुश्किल से 68 मिलियन अमेरिकी डॉलर था। लगभग 25 क्यूसीओ में ऐसे उत्पाद शामिल हैं, जहां आयात से अधिक निर्यात होता है। यह स्पष्ट रूप से दशार्ता है कि क्यूसीओ भारत में मजबूत गुणवत्ता चेतना के निर्माण पर केंद्रित हैं। इससे देश में खराब गुणवत्ता वाले सामानों की डंपिंग को कम करने में भी मदद मिलती है। उल्लेखनीय है कि सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली वस्तुओं तक पहुंच हमारे अमृत काल में प्रत्येक भारतीय नागरिक का अधिकार है।

क्यूसीओ लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। सस्ते इलेक्ट्रॉनिक्स के कारण आग लगने, खिलौनों में जहरीले रसायनों के कारण बच्चों के अस्पताल में भर्ती होने और बिजली के शॉर्ट-सर्किट जैसे जोखिमों के कारण घटिया उत्पाद घरों के लिए बेहद खतरनाक हो सकते हैं।

शानदार उदाहरण गुणवत्ता-नियंत्रण कैसे उपभोक्ताओं और निमार्ताओं की मदद के लिए विनिर्माण को आमूल रूप से उन्नत कर सकता है, इसका एक शानदार उदाहरण खिलौना उद्योग है। इस क्यूसीओ के कार्यान्वयन से पहले, भारतीय खिलौना बाजार सस्ते, घटिया उत्पादों से भरा पड़ा था।

वर्ष 2019 में भारतीय गुणवत्ता परिषद के एक सर्वेक्षण से पता चला कि मुश्किल से एक-तिहाई खिलौने प्रासंगिक बीआईएस मानकों का पालन करते हैं, और उनमें से अधिकांश बच्चों के लिए खतरनाक थे। यह मोदी सरकार के लिए पूरी तरह से अस्वीकार्य था, जिसने एक जनवरी, 2021 से इस क्षेत्र के लिए क्यूसीओ के साथ तेजी से हस्तक्षेप किया था।

इससे भारत में खिलौनों की गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ। एक हालिया सर्वेक्षण से पता चला है कि भारतीय बाजार में 84 प्रतिशत खिलौने बीआईएस मानकों का पालन करते हैं। क्यूसीओ ने न केवल भारतीय बच्चों को सुरक्षित, उच्च गुणवत्ता वाले खिलौने उपलब्ध कराए हैं, बल्कि 2018-19 की तुलना में 2022-23 में उनके निर्यात में 60 प्रतिशत की वृद्धि भी हुई है।

उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं और घरों में उपयोग होने वाले अन्य उत्पादों पर कई गुणवत्ता मानदंड लागू किए गए हैं। इनमें स्मार्ट मीटर, बोल्ट, नट और फास्टनर, छत के पंखे, अग्निशामक यंत्र, कुकवेयर, बर्तन, पानी की बोतलें, पाइप्ड नेचुरल गैस के उपयोग के लिए घरेलू गैस स्टोव, लकड़ी आधारित बोर्ड, इंसुलेटेड फ्लास्क और इंसुलेटेड कंटेनर आदि शामिल हैं। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए उद्योग प्रतिनिधियों सहित सभी हितधारकों से परामर्श करती है कि क्यूसीओ को लागू करने से पहले उनकी प्रतिक्रिया, तकनीकी इनपुट और व्यावहारिक सुझावों पर विचार किया जाए। यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान रखा जाता है कि सूक्ष्म एवं लघु इकाइयों को लंबी अंतरण अवधि देकर उनके हितों की रक्षा की जाए। सरकार उद्योग को अधिक प्रतिस्पर्धी बनने में मदद करने और उन निमार्ताओं का समर्थन करने के लिए हमेशा तैयार है, जो गुणवत्ता में सुधार करना चाहते हैं।

गुणवत्ता अभिशासन, गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उत्पादों को वैश्विक मानकों के अनुरूप उन्नत करने का अभियान 140 करोड़ भारतीयों के अपने परिवार के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के प्रधानमंत्री के व्यापक दृष्टिकोण से जुड़ा है। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा और बेहतर बुनियादी ढांचे के साथ-साथ रोटी, कपड़ा और मकान जैसी बुनियादी जरूरतें प्रदान करने के लिए कई निर्णायक कदम उठाकर उनकी आकांक्षाओं को पूरा किया है। उनके भावनात्मक, भ्रष्टाचार-मुक्त शासन ने विकास को गति दी है, मुद्रास्फीति को नियंत्रित किया है और भारत को विश्व स्तर पर उज्ज्वल बनाया है। उल्लेखनीय है कि पांच साल में करीब 13.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। लोगों ने हाल के विधानसभा चुनावों में अपने मतदान से प्रधानमंत्री के उच्च गुणवत्ता वाले प्रशासन के प्रति विश्वास व्यक्त किया है। यह भारतीय निमार्ताओं के लिए एक मजबूत संदेश है। जब लोग चयन करते हैं - अपने मत से या अपने बटुए से - तो वे सर्वोत्तम गुणवत्ता चुनते हैं। याद रहे कि क्वालिटी इज फ्री के लेखक फिलिप क्रॉस्बी ने एक बार कहा थाः यदि आप गुणवत्ता से बाहर हैं, तो आप व्यवसाय से बाहर हैं।

युवाओं के प्रेरणास्रोत है स्वामी विवेकानंद

बल्कि युवा वर्ग भी भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के इस दूषित माहौल में हताश व निराश है। ऐसे में युवा वर्ग सही मार्ग से न भटके, इसके लिए युवा शक्ति को जागृत कर उसे देश के प्रति कर्त्तव्यों का बोध कराते हुए सही दिशा में प्रेरित एवं प्रोत्साहित करना और उचित मार्गदर्शन बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे में राष्ट्रीय युवा दिवस की प्रासंगिकता बहुत बढ़ जाती है, जो प्रतिवर्ष स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर 12 जनवरी को मनाया जाता है। हमें भूलना नहीं चाहिए कि देश की आजादी की लड़ाई में अपना सब कुछ बलिदान कर लोगों में क्रांति का बीजारोपण करने वाले अधिकांश युवा ही थे। स्वामी विवेकानंद, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सुखदेव, राजगुरू इत्यादि देश के अनेक युवाओं ने देश की आन-बान और शान के लिए अपने निजी जीवन के समस्त सुखों का त्याग कर दिया था और अपना समस्त जीवन देश के लिए न्यौछावर कर दिया था लेकिन आधुनिक युग में हम स्वार्थी बनकर ऐसे क्रांतिकारी युवाओं की जीवन गाथाओं को भूल रहे हैं और हम सब धीरे-धीरे भ्रष्ट तंत्र का हिस्सा बन रहे हैं। ऐसे ही क्रांतिकारी युवा महापुरूषों की जीवन गाथाओं के जरिये देश की युवा पीढ़ी को समाज में व्याप्त गंदगी से बचाकर देश के विकास में उसका सदुपयोग किया जा सके, इसी उद्देश्य से आधुनिक भारत के महान चिंतक, दार्शनिक, समाज सुधारक, युवा सन्यासी स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी को ही प्रतिवर्ष ह्यराष्ट्रीय युवा दिवसह्न के रूप में मनाया जाता है, जो बहुत कम आयु में अपने विचारों के चलते समस्त जगत में अपनी एक विशेष पहचान बनाने में सफल हुए थे।

योगेश कुमार गोयल
लेखक वरिष्ठ पत्रकार है

वर्तमान परिवेश में समाज में चारों तरफ अपराधों तथा भ्रष्टाचार का जो मकड़जाल फैल चुका है, वह घुन बनकर न सिर्फ देश को अंदर ही अंदर खोखला कर रहा है बल्कि युवा वर्ग भी भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के इस दूषित माहौल में हताश व निराश है। ऐसे में युवा वर्ग सही मार्ग से न भटके, इसके लिए युवा शक्ति को जागृत कर उसे देश के प्रति कर्त्तव्यों का बोध कराते हुए सही दिशा में प्रेरित एवं प्रोत्साहित करना और उचित मार्गदर्शन बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे में राष्ट्रीय युवा दिवस की प्रासंगिकता बहुत बढ़ जाती है, जो प्रतिवर्ष स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर 12 जनवरी को मनाया जाता है। हमें भूलना नहीं चाहिए कि देश की आजादी की लड़ाई में अपना सब कुछ बलिदान कर लोगों में क्रांति का बीजारोपण करने वाले अधिकांश युवा ही थे। स्वामी विवेकानंद, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सुखदेव, राजगुरू इत्यादि देश के अनेक युवाओं ने देश की आन-बान और शान के लिए अपने निजी जीवन के समस्त सुखों का त्याग कर दिया था और अपना समस्त जीवन देश के लिए न्यौछावर कर दिया था लेकिन आधुनिक युग में हम स्वार्थी बनकर ऐसे क्रांतिकारी युवाओं की जीवन गाथाओं को भूल रहे हैं और हम सब धीरे-धीरे भ्रष्ट तंत्र का हिस्सा बन रहे हैं। ऐसे ही क्रांतिकारी युवा महापुरूषों की जीवन गाथाओं के जरिये देश की युवा पीढ़ी को समाज में व्याप्त गंदगी से बचाकर देश के विकास में उसका सदुपयोग किया जा सके, इसी उद्देश्य से आधुनिक भारत के महान चिंतक, दार्शनिक, समाज सुधारक, युवा सन्यासी स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी को ही प्रतिवर्ष ह्यराष्ट्रीय युवा दिवसह्न के रूप में मनाया जाता है, जो बहुत कम आयु में अपने विचारों के चलते समस्त जगत में अपनी एक विशेष पहचान बनाने में सफल हुए थे।

स्वामी विवेकानंद के वक्तव्यों का आम जनमानस और खासकर युवाओं के मनोमस्तिष्क पर कितना प्रभाव पड़ता था, इसका उनके शिकागो भाषण से बेहतर उदाहरण नहीं मिल सकता। 11 सितम्बर 1893 को जब शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में हिन्दू धर्म पर अपने प्रेरणात्मक भाषण की शुरूआत उन्होंने ह्यमेरे अमेरिकी भाइयों और बहनोंह्न के साथ की थी तो बहुत देर तक तालियों की गड़गड़ाहट होती रही थी। अपने उस भाषण के जरिये उन्होंने दुनियाभर में भारतीय अध्यात्म का डंका बजाया था। विदेशी मीडिया और वक्ताओं द्वारा भी स्वामीजी को धर्म संसद में सबसे महान व्यक्तित्व और ईश्वरीय शक्ति प्राप्त सबसे लोकप्रिय वक्ता बताया जाता रहा। यह स्वामी विवेकानंद का अद्भुत व्यक्तित्व ही था कि वे यदि मंच से गुजरते भी थे तो तालियों की गड़गड़ाहट होने लगती थी। उन्होंने 1 मई 1897 को कलकत्ता में रामकृष्ण मिशन तथा 9 दिसंबर 1898 को कलकत्ता के निकट गंगा नदी के किनारे बेलूर में रामकृष्ण मठ की स्थापना की थी। 4 जुलाई 1902 को इसी रामकृष्ण मठ में ध्यानमग्न अवस्था में महासमाधि धारण किए वे चिरनिद्रा में लीन हो गए।

स्वामी विवेकानंद सही मायनों में युवाओं के प्रेरणास्रोत और आदर्श व्यक्ति्व के धनी थे, जिन्हें उनके ओजस्वी विचारों और आदर्शों के कारण ही जाना जाता है। विवेकानंद सदैव कहा करते थे कि उनकी आशाएं देश के युवा वर्ग पर ही टिकी हुई हैं। वे आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि थे और खासकर भारतीय युवाओं के लिए उनसे बढ़कर भारतीय नवजागरण का अग्रदूत अन्य कोई नेता नहीं हो सकता। अपने 39 वर्ष के छोटे से जीवनकाल में स्वामी जी अलौकिक विचारों की ऐसी बेशकीमती पूंजी सौंप गए, जो आने वाली अनेक शताब्दियों तक समस्त मानव जाति का मार्गदर्शन करती रहेगी। उनका कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है। उन्होंने देश को सुदृढ़ बनाने और विकास पथ पर अग्रसर करने के लिए हमेशा युवा शक्ति पर भरोसा किया। उनका कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है। युवा शक्ति का आव्हान करते हुए उन्होंने अनेक मूलमंत्र दिए।

चुनाव में क्या आर्थिकी, माली दशा के मुद्दे होंगे ?

अजीत द्विवेदी

पिछले लोकसभा चुनाव की एक खास बात यह थी कि उसमें अर्थव्यवस्था से जुड़े मुद्दे चुनावी राजनीति का हिस्सा नहीं थे। चुनाव में व्यापक रूप से राजनीतिक, धार्मिक व राष्ट्रवाद के मसले हावी रहे थे। आमतौर पर जब चुनाव इस तरह के मुद्दों पर होते हैं तब यथास्थिति बनी रहती है। भारत में या दुनिया के दूसरे देशों में भी जब जनता के जीवन से जुड़े मुद्दे उठाए जाते हैं तभी सत्ता बदल की संभावना पैदा होती है। जैसे 2014 में नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा ने उठाया था। तब महंगाई सबसे बड़ा मुद्दा थी। भ्रष्टाचार का मुद्दा भी था लेकिन उसमें एक पहलू सबसे ज्यादा हावी था काले धन का। कहा जा रहा था कि दुनिया में भारत से भेजा गया चार सौ लाख करोड़ रुपए का काला धन जमा है, जिसे नरेंद्र मोदी जीते तो वापस ले आएंगे और उससे भारत की बरबाद हो चुकी अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकी जाएगी। लेकिन इसके बाद हुए चुनाव में यानी 2019 में विपक्ष प्रभावी तरीके से यह मुद्दा नहीं उठा सका कि चार सौ लाख करोड़ रुपए का काला धन कहां है? आर्थिक मुद्दों से जनता का ध्यान हट कर दूसरे मुद्दों पर चला गया था। जनता पुलवामा की घटना की बात कर रही थी या उरी व बालाकोट के सर्जिकल स्ट्राइक की चर्चा हो रही थी। राष्ट्रवाद के इन मुद्दों के अलावा देश मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई दर्जनों फैंसी योजनाओं में अच्छे दिन तलाश रहा था। पांच साल के बाद एक बार फिर चुनाव आया है तो अर्थव्यवस्था से जुड़े मुद्दे नदारद हैं। सब कुछ अयोध्या के राममंदिर, जम्मू कश्मीर के अनुच्छेद 370, संशोधित नागरिकता कानून व राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर की संभावना, काशी की ज्ञानवापी मस्जिद व मथुरा के शाही ईदगाह के सर्वेक्षण और लक्षद्वीप बनाम मालदीव के विवाद पर केंद्रित दिख रहा है। इन घटनाओं के बीच अर्थव्यवस्था को लेकर बड़ी खबर आई कि चालू वित्त वर्ष यानी 2023-23 में देश का सकल घरेलू उत्पादन यानी जीडीपी 7.3 फीसदी की रफ्तार से बढ़ेगी। राष्ट्रीय सांख्यिकी विभाग ने नए साल के पहले अग्रिम अनुमान के तौर पर यह आंकड़ा जारी किया है। यह आंकड़ा इसलिए अहम है क्योंकि इसका इस्तेमाल सरकार अगले साल का बजट बनाने में करती है। हालांकि अगले साल का पूर्ण बजट चुनाव के बाद आएगा फिर भी चुनाव और अंतरिम बजट से पहले आए इस अनुमान से सरकार को चुनाव के लिहाज से कुछ बड़े फैसले करने का मौका मिलेगा। ध्यान रहे दुनिया में बहुत कम देश हैं, जिनकी अर्थव्यवस्था छह फीसदी या उससे ज्यादा रफ्तार से बढ़ रही है। भारत उनमें से एक है। दुनिया की जीडीपी में भारत का हिस्सा करीब 15 फीसदी हो गया है। भारत में इस साल चुनाव होने वाले हैं और उससे पहले अर्थव्यवस्था के पटरी पर लौटने और अनुमान से ज्यादा 7.3 फीसदी की रफ्तार से बढे की खबर सत्तारूढ़ दल के लिए बहुत सुखद संकेत है। लेकिन क्या जीडीपी का यह आंकड़ा देश की अर्थव्यवस्था की सही तस्वीर दिखा रहा है? यह सवाल इसलिए है क्योंकि जब आप इन आंकड़ों की बारीकी में जाएंगे तो कई चिंता में डालने वाली चीजें दिखेंगी। जैसे राष्ट्रीय सांख्यिकी विभाग ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष में कृषि सेक्टर की विकास दर 1.8 फीसदी रहने का अनुमान है। पिछले वित्त वर्ष में यह चार फीसदी रही थी। सोचें, जीडीपी में कृषि सेक्टर का योगदान 15 फीसदी के आसपास है और अब भी सबसे बड़ी आबादी रोजगार और आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है, उस सेक्टर में विकास की दर सिर्फ 1.8 फीसदी है! जब हम आम लोगों के जीवन से जुड़े मुद्दों की बात करते हैं तो एक समस्या यहां दिखाई देती है। भारत के नौजवानों का मन खेती में नहीं लग र

संक्षिप्त खबरें

मूसा आलम बने राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष

रक्सौल। राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष शाहिद अख्तर के द्वारा मूसा आलम को रक्सौल के नगर अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। इनके मनोनयन से राजद रक्सौल टीम को और मजबूती मिलेगी। इनके मनोनयन पर राजद एमएलसी फारुख शेख, पूर्व प्रत्याशी सुरेश यादव, जिला अध्यक्ष शाहिद अख्तर, युवा राजद प्रखण्ड अध्यक्ष सैफुल आजम, युवा राजद नगर अध्यक्ष दुर्गेश साह, प्रदेश महासचिव फखरुद्दीन आलम, प्रदेश महासचिव मदन गुप्ता, प्रदेश महासचिव सोमेश्वर कुशवाहा, युवा राजद जिला महासचिव प्रदीप प्रेम, राजद नेता सुनील कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष रवि भारती, अनिल दास, अरविंद दास, एजाजुल हक, पप्पू साह, मनोहर राय, शमीम अहमद, आलम हवारी, अखिलेश साह सहित दर्जनों राजद कार्यकताओं ने बधाई एंव शुभकामनाएं दी।

चाकू घोप किया घायल

इसुआपुर स्थानीय थाना क्षेत्र से एक बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां बेखौफ अपराधियों ने चौकीदार के भाई को चाकू घोंप गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। जख्मी युवक इसुआपुर थाना क्षेत्र के आता नगर गांव निवासी द्वारिका मांझी का 25 वर्षीय पुत्र राजेश कुमार मांझी बताया जाता है। जो कि इसुआपुर थाना क्षेत्र के आता नगर गांव के चौकीदार संतोष मांझी का भाई है। गंभीर स्थिति में उसे छपरा सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर चिकित्सा के लिए उसे पीएमसीएच रेफर किया गया है। सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में घायल के भाई चौकीदार संतोष कुमार मांझी ने बताया कि घर के बगल के ही से कुछ लोगो से विवाद चला आ रहा था। जिसको लेकर पिछले कुछ दिनों से हमलोगों के परिवारों को भी धमकी भी दी जा रही थी।

शास्त्री जी की मनी पुण्यतिथि

छपरा।भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री सरलता, सादगी एवं कठोरता के प्रतीक महान नेतृत्वकर्ता लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि समाजसेवी अमरेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में मनाई गई। अपने संबोधन में अमरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि ताशकंद में साजिशपूर्ण हत्या नहीं होती तो पाक अधिकृत कश्मीर पूर्णरूपेण भारत में होता । देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का कृतित्व बेमिसाल है। कठिन समय में उन्होंने देश की बागडोर संभाली और भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाई। उन्होंने जय जवान जय किसान का नारा देकर भारत के भविष्य की राह तैयार की। श्रीनिवास सिंह पूर्व जिला महामंत्री भाजपा ने अपने संबोधित में कहा कि लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान जय किसान कि उद्घोषणा कर सैन्य क्षेत्र एवं खाद्यान्न क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने की आधारशिला रखी।डा॰सुरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री ने 1965 के भारत-पाक युद्ध में कम संसाधनों के बल पर भी पाक की घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था।

पुण्यतिथि पर शास्त्री जी को चित्रांशों ने किया याद, दी श्रद्धांजलि

छपरा कार्यालय।देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को कायस्थ परिवार से जुड़े चित्रांशों ने उनके पुण्यतिथि पर याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सभी ने कहा कि वे एक ऐसे प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किये जिन्हें आज भी सभी वर्गों व समाज के लोग उन्हें आदर्श व सादगी के साथ याद करते है।वे एक कर्मठ नेता थे । कायस्थ परिवार के वरीय सदस्य राजेश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में चित्रांश व अधिवक्ता अनूप कुमार श्रीवास्तव,दिलीप कुमार ,आनंद मोहित, राजीव श्रीवास्तव संदीप कुमार वर्मा, मनोज श्रीवास्तव सहित कई अन्य शामिल थे।

पूजित अक्षत का एकमा नगर व प्रखंड में किया गया वितरण

एकमा स्थानीय एकमा नगर पंचायत के सभी वार्डो एवं मुख्य बाजार में भाजपा कार्यकताओं के द्वारा गांजे बाजे के साथ जय श्री राम की जय घोष के साथ घर-घर व दुकानदारों के बीच अक्षत एवं रामचरितमानस का किताब वितरण किया गया । साथ ही 22 जनवरी को अयोध्या में निर्मित राम मंदिर में भगवान श्री राम का प्राण प्रतिष्ठा की जानकारी दी गई । तथा उसी दिन सूर्यास्त के बाद अपने-अपने घरों में दीपोत्स मनाने के लिए अपील किया गया । साथ ही नव निर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा दिन के उपरांत प्रभु श्री राम के दर्शन हेतु अयोध्या में परिवार सहित पधारने का निमंत्रण दिया गया । पूजित अक्षत वितरण में भाजपा नेता जिला उपाध्यक्ष चैतेन्दर नाथ सिंह मुकेश सिंह अविनाश उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार मिश्रा मंटू तिवारी बंटी ओझा अजय पंडित विजय साह आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

गणतंत्र दिवस-2024 के सफल आयोजन हेतु डीएम की अध्यक्षता में बैठक का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। गणतंत्र दिवस के सफल आयोजन हेतु परामर्शदात्री समिति की बैठक जिलाधिकारी सारण श्री अमन समीर की अध्यक्षता में सारण समाहरणालय सभागार में आहूत की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी महोदय के द्वारा बताया गया कि गणतंत्र दिवस समारोह को पूर्व की भांति पूरे उत्साह एवं उल्लासपूर्ण माहौल में मनाया जाएगा। इससे संबंधित सभी आवश्यक तैयारियाँ ससमय पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि गणतंत्र दिवस के पूर्व सभी प्रमुख सड़कों एवं चौराहों की साफ-सफाई के साथ राजेन्द्र स्टेडियम की भी सफाई का दायित्व नगर आयुक्त, नगर निगम छपरा को दिया गया है। कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल को बैरीकेडिंग, मंच की मरम्मति एवं रंगरोगन को ससमय पूर्ण करने का निदेश दिया गया। गणतंत्र दिवस के दिन 26 जनवरी के प्रातः काल में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के द्वारा दो टोलियों में प्रभात फेरी निकाली जाएगी। मुख्य समारोह स्थल राजेन्द्र स्टेडियम में झंडोतोलन का कार्यक्रम 09:00 बजे प्रातः काल में सम्पन्न किया जायेगा। इस अवसर पर पुलिस बल के विभिन्न टुकड़ियों के साथ एन०सी०सी० कैडेट, स्काउट गाईड के द्वारा परेड में भाग लिया जायेगा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के द्वारा जल-जीवन-हरियाली, शराब बंदी, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं, बाल-विवाह, दहेज प्रथा उन्मूलन, सात निश्चय, शिक्षक नियुक्ति आदि सरकार के प्रमुख जनपयोगी योजनाओं की आकर्षक झाँकी को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया जायेगा। झाँकी के निकालने संबंधी कार्य के लिए उप विकास आयुक्त, सारण की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। इस समिति को यह दायित्व होगा कि वे विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर झाँकी के थीम की जाँच कर लेंगे ताकि झाँकी गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदर्शित करने योग्य हो जाय। झाँकी प्रदर्शन एवं परेड में उत्कृष्टता प्रदर्शित करने वालों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि अतिविशिष्ट महानुभावों को अमंत्रण भेजा जाएगा। पूरे कार्यक्रम का लाईव प्रसारण जिला प्रशासन के फेस बुक पेज पर करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी को दिया गया है। पूर्व वर्ष की भांति सभी कार्यालयों में ससमय झंडोतोलन किया जायेगा। महादलित टोले में पूर्व वर्ष की भांति झंडोतोलन समारोह में सम्मिलित होने के लिए जिला स्तरीय पदाधिकारीगणों की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। दोपहर में राजेन्द्र स्टेडियम में फैन्सी जिला प्रशासन बनाब आम नागरिक / मीडिया के बीच 20-20 क्रिकेट मैच का आयोजन किया जायेगा। संध्या काल में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन प्रेक्षागृह छपरा में किया जायेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अपर समाहर्ता विधि-व्यवस्था के अध्यक्षता में कमिटी गठन करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में पुलिस अधीक्षक सारण डॉ गौरव मंगला, उप विकास आयुक्त, प्रियंका रानी, जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ गणतंत्र दिवस परामर्शदात्री समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

भूमि सम्बन्धी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में दो महिलाओं समेत कुल 10 लोग घायल

प्रात : किरण संवाददाता

माँझी। माँझी नगर पंचायत के जलाल बाबा मजार के समीप भूमि सम्बन्धी विवाद को लेकर गुरुवार को दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में दो महिलाओं समेत कुल 10 लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज माँझी सीएचसी में कराया गया। वहीं गम्भीर रूप से घायल नौ लोगों बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

एक पक्ष का कहना है कि अवैध तरीके से कुछ लोगों द्वारा योजना बद्ध तरीके से उनके हिस्से की जमीन की रजिस्ट्री करा ली गई है जबकि दूसरे पक्ष लोग इस तर्क को गलत बता रहे है। गुरुवार की सुबह दूसरे पक्ष द्वारा कथित रूप से उक्त विवादित भूमि में मिट्टी भराई किया जाने लगा जिसका विरोध करने पहुँचे पहले पक्ष के लोगों ने विरोध किया। दोनों पक्षों के बीच पहले कहा सुनी हुई और देखते ही देखते जमकर लाठी डंडे चलने लगे। जिसमें दोनों पक्षों से कुल 10 लोग घायल हो गए। मारपीट की घटना के बाद माँझी सीएचसी में दोनों पक्ष के लोगों का जमावड़ा होने के कारण घायलों के चल रहे इलाज के दौरान अफरा तफरी का माहौल बना रहा। घायलों में प्रथम पक्ष से धीरज कुमार साह,सौरभ कुमार,भगवान जी प्रसाद,उमेश प्रसाद,अभिषेक कुमार,युवराज कुमार एवम गुड़िया देवी शामिल है। वही दूसरे पक्ष से शंभू यादव,गुड्डू यादव एवं सुनैना कुंवर शामिल है।

राष्ट्रीय मानव तस्करी जागरूकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर पूर्वी चंपारण की परियोजना एक्सिस टू जस्टिस के तहत एवं मानव तस्करी रोधी इकाई क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया ऑफिस एसएसबी 47 वीं बटालियन पंटोका रक्सौल द्वारा 11 जनवरी राष्ट्रीय मानव तस्करी जागरूकता दिवस के अवसर पर ग्राम सिवान टोला स्थित नवसृजित राजकीय प्राथमिक विद्यालय प्रांगन में मानव व्यापार, बाल श्रम, बाल यौन शौषण, बाल विवाह जैसी मुद्दों पर स्कूली छात्र-छात्रा ग्रामीण महिला पुरुष को विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मानव तस्करी रोधी इकाई के इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने मानव तस्करी ट्रैफिकिंग के मुद्दों पर ग्रामीणों को अपने बच्चे बच्चियों के प्रति जागरूक होने की बात कही तथा कैसे हमारी बच्चियों को प्यार का झांसा देकर दूसरे देशों में तथा भिन्न-भिन्न महानगरों में ले जाकर देह व्यापार जैसी घृणित अपराध में धकेला जा रहा है, हमें अपने बच्चे और बच्चियों पर विशेष ध्यान देने तथा उन्हें शिक्षा से जोड़ रहने की आवश्यकता है, ताकि वह शिक्षित होकर अपने देश का नाम रोशन करें, चंद रूपए के लालच में बच्चों को एक जगह से दूसरे जगह पर भेज कर उनसे 12 से 15 घंटे तक काम कराए जाते हैं, ऐसे में हमारे देश के भविष्य अंधकार की ओर जा रही है। हम अपने बच्चे एवं बच्चियों को शिक्षित करके उन्हें भी देश की सेवा करने का मौका दे सकते हैं, इससे हमारे गांव समाज का नाम रोशन होगा। कार्यक्रम का संचालन प्रयास जूविनाइल एट सेंटर पूर्वी चंपारण के जिला समन्वयक आरती कुमारी एक्सिस टू जस्टिस परियोजना के तहत किया गया तथा मौके पर उपस्थित सभी ग्रामीण महिलाओं बच्चों पुरुषों को मानव तस्करी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं बाल यौन शोषण, बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों को दूर करने की आग्रह की गई। इस दौरान उपस्थित बच्चे-बच्चियों व ग्रामीण महिला-पुरुष को बाल विवाह नहीं करने की शपथ दिलाई गई तथा उन्हें बताया गया कि लड़कियों का उम्र 18 वर्ष लड़के का उम्र 21 वर्ष पार नहीं होता तब तक शादी नहीं करेंगे. अगर ऐसा करते हैं तो अभिभावक पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है. ऐसी कुरीति को अपने गांव से दूर करने में तथा अपने गांव को बाल विवाह मुक्त बनाने में मदद करने की अपील की गई।

कार्यक्रम में प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर पूर्वी चंपारण के सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता राज गुप्ता, एसएसबी मानव तस्करी रोधी इकाई से अनिल शर्मा, अरविंद द्विवेदी, टीनू कुमारी, स्कूल शिक्षक राजदेव प्रसाद, उपेन्द्र कुमार, मनोज पासवान, ग्रामीण महीला बेदामी देवी, उमराउती देवी, पार्वती देवी तथा स्कूली छात्र-छात्रा एवं ग्रामीण आदि उपस्थित थे।

माफियाओं ने मठ- मंदिर की जमीन पर भी कब्जा करने का किया प्रयास

प्रात : किरण संवाददाता

जिले में भूमाफिया अपना पैर पसार चुके हैं। वे लोग सरकारी बाबुओं की मिली भगत से लगातार जमीनों को कब्जाने में लगे हुए हैं। जिसको लेकर बीते सप्ताह जिले के मुफस्सिल थाना और गरखा थाना क्षेत्र में दो भू-माफियाओं पर फायरिंग की घटना हुई है। ताजा मामला सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र से सामने आया है। जहां भू-माफियाओं ने इस बार मठ-मंदिर की जमीन पर भी कब्जा करने का प्रयास किया है। उनके द्वारा रात के अंधेरे में मंदिर की जमीन को जेसीबी से खोदकर नींव डाल घेरने का प्रयास किया गया।मामला मशरक प्रखंड क्षेत्र के डुमरसन पंचायत के डुमरसन पोखरा अवस्थित शिव मंदिर का है। जहां मंदिर परिसर और छठ घाट के परिसर की जमीन पर भूमाफियाओं के द्वारा कब्जा करने की नीयत से नीव खोदने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने मशरक-महम्मदपुर एन एच 227 ए राम जानकी पथ को जाम कर आवागमन ठप्प कर दिया और विरोध प्रकट किया। मौके पर पहुंचे सीओ राहुल कुमार और थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने मामले का जायजा लिया और वरीय पदाधिकारी को मामले से अवगत कराया।मौके पर पंचायत के मुखिया बच्चा लाल साह समेत अन्य मौजूद रहें। सीओ राहुल कुमार ने बताया कि जमीन आम गैर मौजूरवा मालिकान हैं। अवैध तरीके से की गयी जमाबंदी रद्द करने की प्रकिया चल रही है। भू-माफिया के द्वारा नीव खोद कब्जा करने की कोशिश की गयी हैं। जिस पर प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएंगी। वहीं ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जेसीबी मशीन से खोदे गए नीव को भर दिया गया।

मांझी और सोनपुर को दूसरी बार और दिघवारा अस्पताल को पहली बार मिला कायाकल्प पुरस्कार

छपरा कार्यालय। जिले के अनुमंडलीय अस्पताल सोनपुर, सीएचसी मांझी और दिघवारा सहित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मासूमगंज और बड़ा तेलपा को कायाकल्प अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। बुधवार की देर शाम स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी सूची में सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया है। सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि सोनपुर के एमओआईसी डॉ हरिशंकर चौधरी, मांझी के एमओआईसी डॉ रोहित कुमार, दिघवारा के एमओआईसी डॉ रौशन कुमार, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ा तेलपा और मासूमगंज के एमओआईसी के अलावा सभी स्टाफ नर्स, एएनएम सहित अन्य कर्मियों के कठिन मेहनत और उनके लगन का फल मिला है। उन्होंने कहा कि इसके लिए चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों सहित स्टाफ नर्स को समय-समय पर उचित प्रबंधन को लेकर प्रशिक्षित भी किया जाता है।

क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक प्रशांत कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य संस्थान को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए स्थानीय चिकित्सकों एवं कर्मियों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है। मरीजों के साथ सहज व्यवहार, उचित प्रबंधन के अलावा सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों को संचालित करना अतिआवश्यक होता है। स्थानीय ग्रामीणों के बीच सभी तरह के सरकारी कार्यक्रमों और आयोजनों को लेकर समय समय पर जागरूकता अभियान भी चलाया जाता है। जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम अरविंद कुमार ने बताया कि अनुमंडलीय अस्पताल सोनपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मांझी और दिघवारा में लगातार सुधार हुआ है।

पुलिस दल पर हमला मामले में एक महिला समेत दो शराब कारोबारी गिरफ्तार

छपरा। सारण जिला अंतर्गत भेल्दी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक महिला समेत दो शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है।जो कि छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम पर हमला भी किए थे।इस मामले में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सारण एसपी डॉक्टर गौरव मंगला ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम रेपुरा स्थित नदी किनारे कुछ शराब कारोबारी द्वारा अवैध रूप से देसी शराब बनाने का कार्य किया जा रहा है।उक्त सूचना पर छापामारी करने गयी स्थानीय चौकीदार के साथ पुलिस दल पर शराब कारोबारियों द्वारा गाली-गलौज करते हुए लाठी डंडा से हमला किया गया।जिसमे कुछ पुलिस कर्मी घायल हो गये थे।इस संबंध में 04 नामजद एवं अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध भेल्दी थाना कांड संख्या 08/24, भा0द0वि0 अधि० दर्ज किया गया है।घटना में संलिप्त 02 नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।वहीं घटना में संलिप्त अन्य नामजद अभियुक्त फरार हो चुके हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

नैनी ने बसडीला टीम को 3-1 से किया पराजित

प्रात : किरण संवाददाता

रिविलगंज। लायंस क्लब नवादा के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय दिवा-रात्रि बॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच बुधवार की देर शाम बसडीला टीम बनाम नैनी टीम के बीच खेला गया। जिसमें नैनी टीम द्वारा बसडीला टीम को 3-1 से पराजित कर कप पर कब्जा जमा लिया। दुधिया रोशनी में नहायी एवं दर्शकों से खचाखच भरे नवादा गाँव के खेल मैदान में खिलाड़ियों ने खेल का बेहतर प्रदर्शन कर लोगों को खूब मनोरंजन कराया गया। इससे पहले प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल में कांटे की टक्कर बसडिला ने इनई को 3-0 हराया। दुसरा सेमीफाइनल नवादा बनाम नैनी टीम के बीच खेला गया। जिसमें नैनी टीम ने नवादा टीम को 3-0 से हराया। उसके बाद फाइनल मैच नैनी टीम बनाम बसडीला टीम के बीच हुआ। जिसमें नैनी टीम ने बसडीला टीम को 3-1 से पराजित कर शानदार जीत हासिल की। खेल संपन्न होने के पश्चात दर्शक दीर्घा में मुख्य अतिथि गणेश सिंह, ददन सिंह, टीम मैनेजर अमरेश नारायण सिंह, टीम कोच आनंद कुमार सिंह टिंकू, कामता सिंह, किशोर सिंह पप्पु, दीनबन्धु सिंह, धीरेन्द्र सिंह आदि के हाथों विजेता नैनी टीम एवं उप विजेता बसडीला टीम को कप एवं मेडल दिया गया। मैन ऑफ द मैच बसडीला टीम के खिलाड़ी निखिल कुमार को एवं मैन ऑफ द सीरीज नैनी के खिलाड़ी गोलू कुमार को दिया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की उदेश्य से लायंस क्लब नवादा द्वारा आयोजित एक दिवसीय मैच का सफल आयोजन में टीम कोच आनंद कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, रविकान्त सिंह, मोनू सिंह, संजय कुमार सिंह, राजा कुमार, राहुल कुमार, राजा कुमार, आर्यन कुमार, दिव्यांशु कुमार, आदर्श कुमार, रिन्जू कुमार, क्षितिज कुमार, बलवंत कुमार सिंह, नवनीत कुमार, सरंगी कुमार, प्रशांत कुमार, करण सिंह, रीशू कुमार, ऋषि कुमार, दिवाकर कुमार आदि महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

भारतीय महावाणिज्य दूतावास में कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। भारतीय महावाणिज्य दूतावास नेपाल स्थित बीरगंज द्वारा विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कर्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माँ की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसका शुभारम्भ सरस्वती बंदना से हुई। भारतीय महावाणिज्य दूतावास के महावाणिज्यदूत देवी सहाय मीणा ने पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर आगन्तुक कवियो का स्वागत किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महावाणिज्यदूत श्री मीणा ने कहा कि हिंदी न केवल हमारी अपनी राष्ट्रभाषा है, बल्कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी भाषा की अपनी विशिष्ट पहचान है।उन्होंने हिंदी के महत्व एवं प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी आम आदमी की संचार की भाषा है। उन्होंने हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के भारत सरकार के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। हिंदी दिवस की सबको शुभकामनाये दी। प्रधानमंत्री की सन्देश को पढ़ कर सुनाया। इस दौरान डॉ हरेंद्र हिमकर, सतीश चंद्र सजल, ऋतु राज, पिंकी मित्तल, आसनारायन अशोक, प्रिय मिश्रा, सिमा कर्ण, अस्मिता पटेल आदि कवि व कवियित्रियों ने अपनी कविता पाठ सुनाया। इस मौके पर वणिज्यदूत तरुण कुमार, वणिज्यदूत सतीश पट्टापु, वाणिज्यदूत शैलेन्द्र कुमार, वणिज्यदूत शशि भूषण कुमार, बिरगंज महानगरपालिका के शिक्षा समिति प्रमुख अरविंद लाल दास, वरिष्ठ पत्रकार चन्द्रकिशोर झा, मदेश विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार विजय यादव, मोनिका सिंह, महेश अग्रवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

मेयर पद को ले छपरा नगर निगम की चुनावी राजनीतिक हलचले तेज

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। नगर निगम,छपरा में आजकल उप चुनाव की सरगर्मी तेज है। सभी अभ्यर्थी अपने अपने स्तर से प्रचार व जन सम्पर्क अभियान में जुटे है।कोई संगठन या समाज का सहारा ले रहे है तो कई अपने अपने जातियों से जुड़े लोगों का हाथ पकड़ रहे है वही कई समाज के प्रबुद्ध नागरिकों का आशीर्वाद व समर्थन ले रहे है। दरअसल,नगर निगम के इस उपचुनाव में मात्र मेयर पद पर ही चुनाव हो रहा है जो आगामी 22 जनवरी को मतदान होना है।यह उप चुनाव नगर निगम की मेयर रही राखी गुप्ता को राज्य निर्वाचन आयोग ने गलत हलफनामा दिए जाने के कारण जांचोपरांत कार्रवाई कर पदच्युत कर दिया था जिसके कारण यह पद रिक्त था तथा उपमेयर रागिनी देवी कार्यवाहक मेयर के रूप में विगत छह माह से संभाल रही है।

बिहार में कुछ माह पूर्व जातीय जनगणना का रिपोर्ट प्रकाशित होने के बाद जातीय समीकरण का प्रतिफल है कि इस उपचुनाव में इसका एक प्रभाव यह रहा कि कुछेक जातियों को छोड़कर प्रायः प्रमुख जातीय से जुड़े लोग इस उपचुनाव में एक प्रयोग के रूप में अपना-अपना दांव लगाए है ताकि आने वाले बिहार विधान सभा या अन्य चुनाव में संभावना को तलाशा जाय। वैसे, इस चुनाव में कुल 19 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था जिसे दो अभ्यर्थियों शाकिर इकबाल एवं शत्रुध्न राय ने अपना नामांकन पत्र नाम वापसी के दूसरे दिन वापस ले लिया था जिस कारण कुल 17 उम्मीदवार चुनावी मैदान में पूरे दमखम के साथ डटे है ।इनमें छपरा नगर निगम की प्रथम मेयर रही स्व.प्रिया देवी के पति एवं समाजसेवी मिंटू सिंह,पूर्व मुख्य पार्षद सुनीता देवी, सोंनू कुमार,रवि रोशन उर्फ गुड्डू यादव, भाजपा नेता राजेश फैशन,मो.रफी इकबाल, वार्ड पार्षद सुशील कुमार सिंह,नंद किशोर जायसवाल,ज्ञानी कुमार शर्मा, ई.चांदनी प्रकाश, लक्ष्मी नारायण गुप्ता,अब्दुल क्यूम अंसारी,सियाराम सिंह,अमरेन्द्र कुमार सिंह,सन्नी कुमार ब्याहुत, संजू सोनी एवं राजीव रंजन उपाध्याय शामिल है।इस उपचुनाव के नामांकन में महिला सशक्तिकरण का कोई खास प्रभाव इस कारण नहीं दिखा कि नाम वापसी के बाद शेष 17 अभ्यर्थियों में मात्र तीन महिला प्रत्याशी ही है जिनमें दो सशक्त अभ्यर्थी है।

अमनौर प्रखण्ड प्रमुख उप प्रमुख की कुर्सी रही बरकरार

प्रात : किरण संवाददाता

अमनौर। प्रखण्ड प्रमुख फरीदा खातून उप प्रमुख बिबेकानन्द राय पर लगाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा को लेकर गुरुवार को बीडीसी सदस्यों की बिशेष बैठक आयोजित हुई। बैठक को लेकर प्रखण्ड मुख्यालय के आस पास समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी।प्रखण्ड मुख्यालय के सभागार भवन में पर्यवेक्षक भूमि समाहर्ता छपरा गौरव शंकर कार्यपालक पदाधिकारी मंजूल मनोहर मधुप सीओ अभिजीत कुमार थाना अध्यक्ष राजेश कुमार की उपस्थिति में बैठक प्रारम्भ हुई।

अविश्वास प्रस्ताव के चर्चा में 26 बीडीसी सदस्यों में मात्र प्रमुख उप प्रमुख के सिवा कोई सदस्य नही पहुँचे।जिसके कारण कोरम के अभाव में अविश्वास प्रस्ताव खारिज कर दिया गया।जिससे प्रमुख फरीदा खातून उप प्रमुख बिबेकानन्द राय पुनः अपने पद पर बने रहे।अधिकारियों ने बताया कि 15 बीडीसी सदस्यों के अभ्यावेदन के आलोक में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा को लेकर बैठक बुलाई गई थी।बैठक में सदस्यों की उपस्थिति समयानुसार नही होने से खारिज कर दिया है।अविश्वास प्रस्ताव को लेकर एक माह से क्षेत्र में चचाओं का बाजार गर्म था लेकिन बैठक में दूर दूर तक कोई प्रतिद्वंदी दिखाई नही पड़े।जीत के बाद अमनौर हरनारायण पंचायत सरपंच निर्मला देवी पति चंदेश्वर सिंह सरपंच प्रतिनिधि राहुल सिंह के आवासीय परिसर पूर्व पटी गाँव में किया गया।

बनियापुर प्रमुख ,उप प्रमुख के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव खारिज

बनियापुर (सारण) बनियापुर मे प्रमुख ,उप प्रमुख पर बीडीसी सदस्यों द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव सदस्यों के बैठक मे शामिल नही होने व कोरम के आभाव मे खारीज कर दिया गया है।बैठक के लिए अपर जिलाधिकारी ,दंडाधिकारी नीरज कुमार दास ,कार्यपालक पदाधिकारी सह बीडीओ कपूरी ठाकुर थानाध्यक्ष ओम प्रकाश चौहान के देख रेख मे सम्पूर्ण प्रशासनिक व्यवस्था मे बीडीसी की बैठक हेतु चाक चौबंद व्यवस्था की गयी थी,जहा बैठक हेतु बीडीसी के कुल 35 सदस्यों मे मात्र 15 सदस्य ही दी गयी समय पर ससमय उपस्थित होकर उपस्थिति पंजी पर अपना हस्ताक्षर कर चल दिए,हलांकि कार्यपाल्क पदाधिकारी द्वारा सदस्यों से बैठक हेतु एक सदस्य की अध्यक्षता करने की बात कही गयी,परन्तु सदस्यों ने हस्ताक्षर कर सदन से बाहर आ गए, इस प्रकार 35 सदस्यों मे बैठक की कोरम पुरा करने के लिए 18 सदस्यों का होना जरूरी होता है,बैठक मे मात्र 15 सदस्यों के आने से कोरम के आभाव मे अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा नही हो सकी,इस प्रकार प्रस्ताव गिर गया ,जिससे प्रखंड प्रमुख मंजूषा ओझा और उप प्रमुख दिवाकर कुमार तिवारी की कुर्सी बरकार रह गयी। बता दे कि पिछले दिनों प्रखंड प्रमुख मंजूषा ओझा पर सदस्यों द्वारा कई आरोप लगाते अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था,जिसको लेकर प्रखंड क्षेत्र मे काफी उहापोह की स्थिति थी।गुरुवार को निर्धारित बैठक बीडीसी सदस्यों के नही शामिल होने के कारण अविश्वास प्रस्ताव खारिज कर दी गयी।मौके पर कृषि पदाधिकारी अभय कुमार सहित कई कर्मी पदाधिकारी शामिल थे।

अपराधियों ने दुकानदार को लूटा, घटनास्थल पर पहुंची पुलिस, की छानबीन, जुटी भीड़

प्रात : किरण संवाददाता

दाउदपुर। बुधवार की देर शाम दाउदपुर में बाइक से पहुंचे अपराधियों ने दुकान बंद कर रहे एक दुकानदार के 60 हजार रुपए नकद व मोबाइल फोन लूट कर फरार हो गए। उसके बाद दुकानदार के द्वारा रात में हीं घटना की लिखित सूचना दाउदपुर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते हीं दाउदपुर पुलिस पहले घटना-स्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। उसके बाद अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी। वहीं गुरुवार को दाउदपुर थाने पर बहुत दुकानदारों ने पहुंच कर अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की। ततपश्चात घटना से आक्रोशित दुकानदारों ने दाउदपुर में छपरा-सिवान मुख्यमार्ग को कुछ देर तक जाम रखा।

हालांकि दाउदपुर थानाध्यक्ष बीरेंद्र राम ने पुलिस बल के साथ पहुंच कर समझाया तो दुकानदार मान गए और सड़क जाम को

संक्षिप्त खबरें

जिलास्तरीय भाजपा कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न

सासाराम (रोहतास) जिलास्तरीय भाजपा ओबीसी मोर्चा कार्यकारिणी समिति की गुरुवार आयोजित बैठक एक सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नवीन चंद्र शाह व संचालन जिला महामंत्री अजय चौहान ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ देश के वंदे मातरम गीत से हुई। बैठक में प्रदेश की ओर से महामंत्री साहब कुमार शाह, उपाध्यक्ष रमेश चौहान तथा जिला महामंत्री अशोक शाह उपस्थित थे। बैठक में चर्चा करते हुए पार्टी की सभी गतिविधियों पर चिंतन मंथन करने के पश्चात विकसित भारत संकल्प यात्रा श्री राम प्राण प्रतिष्ठा सेवा कार्यक्रम में पूर्ण सहभागिता के साथ साथ 24 जनवरी 2024 को स्वर्गीय जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। जिस दिन सभी कार्यकर्ता पटना मिलर हाई स्कूल के प्रांगण में चलेंगे।

पीडीएस, राशन दुकान में शार्ट सर्किट से लगी आग

आरा। जिले के कोइलवर थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया में पीडीएस और राशन दुकान में बिजली के शार्ट सर्किट से आग लगने से नगदी समेत करीब चार लाख रुपया मूल्य के समान का नुकसान हुआ है। भुक्तभोगी पीडीएस दुकानदार शिव शरण गुप्ता ने बताया कि बुधवार-गुरुवार की रात राशन और सरकारी पीडीएस दुकान में अचानक आग लग गयी। जिससे सरकारी राशि वितरण करने वाला ई-पॉश मशीन, आईरिस, बारह बोरा अनाज और राशन दुकान में रखे करीब अस्सी हजार नगदी समेत कुल चार लाख रुपये का समान काउंटर जलकर राख हो गया। घटना की जानकारी गुरुवार को सुबह मिली। जब अहले सुबह दुकान खोलने पहुँचे थे। दुकानदार ने बताया कि शायद बिजली के शार्ट सर्किट से आग लगा होगा। दो ई-पॉश मशीन, आईरिस मशीन जलने की सूचना प्रखण्ड आपूर्ति को दी गयी है साथ ही अगलगी की सूचना अंचल कार्यालय कोईलवर को भी दे दिया गया है।

आंगनबाड़ी केंद्र में चोरों ने की चोरी

नावानगर (बक्सर) सिकरौल थाना के नारायण पुर गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 74 का ताला अज्ञात चोरों ने तोड़ कर उसमें रखा सामान चोरी कर लिया गया है। इसको लेकर आंगनबाड़ी सेविका माधुरी देवी द्वारा सिकरौल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है सेविका ने अपने आवेदन में लिखा है कि जब सुबह केंद्र पर पहुची तो देखा की ताला टूटा हुआ है अंदर जाकर जब जांच किया तब अंदर रखा कई तरह का रजिस्टर के अलावे रखा गया चावल दाल चुरा लिया गया है।

राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को ले चौसा में किया जा रहा जागरूक

चौसा (मधेपुरा)। अयोध्या के राम मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अक्षत वितरण कर लोगों में जागरूक किया जा रहा है। गुरुवार को रसलपुर धुरिया पंचायत के अलग-अलग जगहों में रामलाला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर घर-घर लोगों में अक्षत वितरण कर आमंत्रण दिया गया। वहीं मोरसंडा पंचायत अंतर्गत धनेशपुर, त्रिवेणी टोला, परबत्ता टोला और तीन मुही सहित विभिन्न जगहों में अक्षत वितरण कर लाउडस्पीकर के जरिए राम मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर लोगों में जागरूक किया गया। मौके पर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार मंडल, मंत्री राणा प्रताप सिंह, अमर ज्योति कुमार, रविंद्र मेहता, भानु प्रताप भास्कर, महेश जयसवाल, बलराम मेहता, जयजय राम यादव, रुदल मंडल, वरुण कुमार मंडल, टुनटुन मंडल, विनोद सिंह, फुलेश्वर मंडल, मुकेश मिस्त्री आदि मौजूद थे।

गड़हनी में जदयू कार्यकताओं ने की बैठक

गड़हनी। स्थानीय नगर पंचायत स्थित गोला बाजार पर गड़हनी जदयू प्रखंड कमिटी के कार्यकताओं की एक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष अमरीश सिंह ने किया। अध्यक्ष ने कहा कि 18 जनवरी को दल गड़हनी प्रखंड में जदयू का प्रखंड स्तरीय बैठक होना है, जिसकी तैयारी के को ले आज बैठक की गई। साथ ही 24 जनवरी को पटना में अयोजिय कपूर्री ठाकुर के 100 वां जयंती में भी ज्यादा से ज्यादा लोगो को चलने के लिये अपील किया गया। वक्ताओं ने कहा कि जदयू कमिटी गड़हनी से ज्यादा से ज्यादा लोग जयंती में चले जिससे गड़हनी के कार्यकताओं का नाम हो। इस मौके पर जिला प्रवक्ता शंभु प्रसाद सोनी, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष डॉ. अकबर अली सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पीएनबी बैंक में खाता खोलने के नाम पर अवैध रुपए की हो रही मांग

नटवार शाखा प्रबंधक रवि कुमार पर लोगों ने लगाया आरोप, खाता खोलने के लिए महीनों से लोग लगा रहें चक्कर

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज/नटवार (रोहतास) रोहतास जिला के दिनारा प्रखंड क्षेत्र के नटवार थाना स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा में खाता खोलने के नाम पर अवैध रुपए की हो रही मांग पर लोग भड़के। इस पर रोष व्यक्त करते हुए बहुत से लोगों ने पीएनबी शाखा प्रबंधक रवि कुमार पर आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत वरीय अधिकारियों के संज्ञान में भी दे दिया है।

जो बैंक में खाता खोलने के नाम पर अवैध रुपए की वसूली को लेकर स्थानीय लोगों शाखा प्रबंधक को हटाने की मांग की है।

इस संबंध नटवार थाना क्षेत्र निवासी जय प्रवेश सिंह ने शाखा प्रबंधक रवि का पोल खोलते हुए बताया कि वह पंजाब नेशनल बैंक नटवार

में चालू खाता खोलने के लिए सभी कागजात उपलब्ध होने के बावजूद महीनों से चक्कर लगा रहें है। लेकिन शाखा प्रबंधक टाल मटोल करते हुए अबतक खाता नहीं खोला गया। लेकिन बैंक के सीएसपी संचालक के मिलीभगत से अवैध 2 से तीन हजार रुपए लेकर अन्य लोगों का खाता धड़ल्ले से खोला जा रहा है। पीड़ित ने बताया कि मेरे फार्म पर कैंसिल लिखकर शाखा प्रबंधक द्वारा लौटा दिया गया। जबकी नटवार ब्रांच में मेरा बचत खाता सं. 0809000100129019 पहले से उपलब्ध है। लेकिन ट्रांजक्सन अधिक होने के कारण मुझे चालू खाता खोलने की आवश्यकता थी। ताकि बैंक का लेन देन करने में सुविधा हो सके। जबकि इस संबंध में सैकड़ों लोगों ने ब्रांच मैनेजर रवि कुमार व अन्य मुकेश कुमार सहित दलालों द्वारा अवैध रुपए लेकर खाता खोलने की शिकायत क्षेत्रीय प्रबंधक महोदय क्षेत्रीय कार्यालय पंजाब नैनल बैंक औरंगाबाद (बिहार) सहित शिकायत एवं निवारण शाखा नई दिल्ली आंचलिक कार्यालय पटना व वित मंत्रालय,नई दिल्ली अंतर्गत लिखित आवेदन तक करते हुए उन्हें हटाने की सभी ने मांग किया है।

घर से बुला युवक की पीट-पीट कर हत्या, फेंका गया शव बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। शहर से सटे मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बारा बसंतपुर गांव के सरवरी पुल स्थित सूर्य मंदिर के समीप तेलहन के खेत से एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर फेंका गया शव बरामद हुआ है। शव के मिलने से गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थानाध्यक्ष घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई है। इसके पश्चात पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। परिजन द्वारा महज पांच सौ रुपये के विवाद को लेकर दोस्तों पर ही गला दबाकर एवं दोनों आंख में छुरा मार आंख निकाल कर हत्या कर शव को फेंकने का आरोप लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बारा बसंतपुर गांव निवासी लक्ष्मी नारायण सिंह का 20 वर्षीय पुत्र मोहन सिंह है एवं वह पेशे से मजदूर था। इधर मृतक के बड़े भाई राधा सिंह ने बताया कि गांव कहीं वकील महतो का लड़का बुधवार की रात करीब नौ बजे उनके घर पर आया और उसे बुलाकर ले गया था। पहले से कुछ और लड़के वहां पर मौजूद थे।उसने बताया कि वह जिस ठेकेदार के साथ मजदूरी करता था वहां से वकील महतो ने पांच सौ रुपये पहले ही उठा लिया थाम जब उसने मांगा तो

उसके द्वारा कहा गया कि अपना आधार कार्ड लेकर आओ तब मैं पैसा दूंगा। इसके बाद वे लोग उसे सरवरी पुल के पास ले गए और वहां उन्होंने पार्टी मनाया।इसके बाद उसकी गला दबाकर व दोनों आंख में छुरा मार आंख निकाल कर हत्या कर दी। गुरुवार की सुबह जब स्थानीय ग्रामीण खेत में गए तो उन्होंने उसके शव को वहां पड़ा देखा।इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन फौरन घटनास्थल पर पहुंचे। इसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। वहीं दूसरी ओर मृतक के बड़े भाई राधा सिंह ने वकील महतो के बेटे एवं उसके अन्य दोस्तों पर उसी पांच सौ रुपये के विवाद को लेकर उसकी गला दबाकर व दोनों आंख में छुरा मार कर आंख निकाल कर हत्या कर शव को फेंकने का आरोप लगाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई व एक बहन में छोटा था। मृतक के परिवार में मां शिवानी देवी व दो भाई राधा सिंह,बुटन सिंह एवं एक बहन टुंपा देवी है।

नया मछरहट्टा मार्केट का विस्तार को लेकर आरा नगर निगम के समक्ष एकदिवसीय दिया गया धरना

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। फुटपाथी मछली व्यवसायी से अवैध वसूली पर रोक लगाने, टैक्स वसूली के नाम पर अवैध वसूली करने वाले ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज करने,शहर के फुटपाथी मछली व्यवसायियों के लिए वेंडरजोन बनाकर मछरहट्टा मार्केट का विस्तार कर उन्हें दुकान आवंटित करने,फुटपाथी मछली व्यवसायियों का उत्पीड़न पर रोक लगाओ,फुटपाथी मछली व्यवसाय करने वाले जगह पर साफ-सफाई की गारंटी करो,फुटपाथी मछली व्यवसायियों को व्यवसाय के लिए ब्याज रहित लोन देने की गारंटी करो,मछरहट्टा मार्केट का व्यवसायियों के लिए टैक्स का निर्धारित करो,सिडिगेट स्थित मछरहट्टा मार्केट में साफ-सफाई,शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की गारंटी करने की मांग को लेकर फुटपाथी मछली व्यवसायी संघ आरा की ओर से आरा नगर निगम

के समक्ष एकदिवसीय विशाल धरना आयोजित किया गया!धरना की अध्यक्षता पांच सदस्यीय अध्यक्षमंडल ने की जिसमें अखिलेश बिंद,ओम बिंद,उमेश बिंद,मनोज कुमार,कामेश्वर बिंद ने की! संचालन भाकपा-माले जिला कमेटी सदस्य अमित कुमार बंटी ने की।

सम्बोधित करते भाकपा-माले नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने कहा कि आरा शहर में फुटपाथी मछली व्यवसाय करने का पुराना इतिहास रहा है!पहले आरा शहर का आबादी कम था उस समय से मछली व्यवसाय के लिए सिंडिकेट मार्केट के पास एक छोटा-सा मछरहट्टा मार्केट आवंटित है!लेकिन बाद के दौर में शहर की आबादी बढ़ती और मछली व्यवसाय का विस्तार होते गया!

बाद में आरा शहर की बढ़ती आबादी और बढ़ते फुटपाथी मछली व्यवसाय का विस्तार हुआ और लेकिन आरा नगर निगम या जिला प्रशासन की ओर से इन फुटपाथी दुकानदारों के लिए कोई मार्केट नया बनाया गया जिसके चलते लोग फुटपाथ पर ही अपना मछली का व्यवसाय कर गरीब आदमी अपना भरण-पोषण करने लगे!ये फुटपाथी मछली व्यवसायी हमेशा जिला प्रशासन या असामाजिक तत्वों के द्वारा उत्पीड़न का शिकार होते रहा है!अभी हाल के दिनों में आरा नगर निगम के द्वारा सिर्फ मछरहट्टा मार्केट का टैक्स वसूली के लिए टेंडर हुआ है लेकिन नगर निगम के मिलीभगत से ठेकेदार के द्वारा इसके नाम पर जबरन मनमाने तरीके टैक्स वसूल किया जाता है जो सरासर गलत है!जबकि सिर्फ सिंडिकेट मार्केट के पास मछरहट्टा मार्केट के लिए टेंडर हुआ बावजूद इसके शहर के सभी फुटपाथी मछली व्यवसायी से जबरन पैसा वसूला जा रहा है!जबकि इन फुटपाथी मछली व्यवसायियों का कोई स्थाई मार्केट आवंटित नहीं किया गया गया!इसलिए आज ये फुटपाथी मछली व्यवसायी संगठित है!धरना को सम्बोधित करने वाले भाकपा-माले राज्य कमेटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी,आइसा राज्य सचिव शब्बीर कुमार,आइसा जिला सचिव विकास कुमार,व्यवसायी संघ के नेता बब्लू गुप्ता,आइसा जिला सह सचिव रौशन कुशवाहा,अखिलेश बिंद,सत्येन्द्र बिंद,श्याम बाबू,हरेन्द्र बिंद, अर्जुन पासवान,मंगल बिंद,पांचरत्न बिंद,पुतुल देवी,राजेश बिंद शामिल थे!

नकली हैवेल्स कंपनी गिरोह के खिलाफ पुलिस ने की छापेमारी

राजपुर (रोहतास) थाना क्षेत्र में सुपर ब्रांड बिजली तार बनाने वाली हैवेल्स कम्पनी के नाम पर बाजार में नकली बिजली तार बेच रहे राजपुर के तीन दुकानों पर कम्पनी ने पुलिस के सहयोग से बुधवार को छापे मारी कर भारी मात्रा में नकली तार बरामद किया।सुपर ब्रांड बिजली तार हैवेल्स की जगह नकली तार बेचने की खबर सुन क्षेत्र के लोग हैरान हैं। कम्पनी के उप प्रबंधक मंगल उपाध्याय द्वारा राजपुर के तीन दुकानदारों के विरूद्ध राजपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।जिन दुकानदार पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है उसमें भगवान इलेक्ट्रॉनिक एण्ड इलैक्ट्रिक, गुप्ता रेडियो एण्ड टाइम सेंटर तथा तीसरा मुकेश लाइट एण्ड इलैक्ट्रिक का नाम शामिल हैं।पुअनि तनिक कुमार ने बताया कि लगभग ग्यारह बजे बिजली तार बनाने वाली हैवेल्स इण्डिया कम्पनी के उप प्रबंधक अपने टीम के साथ थाना पहुंच पुलिस को साथ ले कम्पनी के नाम पर नकली तार बेचने वाले दुकानदार पर छापेमारी करने सबसे पहले भगवान इलैक्ट्रिक एण्ड इलेक्ट्रॉनिक दुकान पहुंचे जहा पर 13 बंडल 15मीटर जबकि गुप्ता रेडियो एण्ड टाइम सेंटर दुकान से 2 बंडल तथा मुकेश लाइट एण्ड इलैक्ट्रिक दुकान से 3बंडल नकली तार बरामद किया गया।

उपमुखिया के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव को मुखिया ने किया खारिज

बिक्रमगंज (रोहतास) बिक्रमगंज प्रखंड क्षेत्र के नोनहर पंचायत के उपमुखिया विजय कुमार पटेल के विरुद्ध वार्ड सदस्यों द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के आवेदन को मुखिया आभा देवी ने त्रुटि पूर्ण बताते हुए अस्वीकृत कर दिया है। गौरतलब हो कि नोनहर पंचायत के उपमुखिया विजय कुमार पटेल पर अविश्वास से संबंधित आठ वार्ड सदस्यों का हस्ताक्षर युक्त एक आवेदन पिछले दिनों मुखिया आभा देवी को दिया गया था। मुखिया ने पंचायत सरकार भवन में वार्ड सदस्यों के बैठक में आवेदन को त्रुटि पूर्ण बताते हुए अस्वीकृत कर दिया। मुखिया ने बताया कि वार्ड सदस्यों द्वारा उपमुखिया पर दो आरोप लगाया गया है। जिसमें पहले आरोप में कहा गया है कि उपमुखिया द्वारा पंचायत के बैठक में वार्ड सदस्यों को किसी प्रकार का सहयोग नहीं किया जाता है।

बाइक सवार हथियारबंद अपराधियों ने पूर्व मुखिया को मारी गोली

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के दक्षिण एकौना गांव में गुरुवार की दोपहर हथियारबंद अपराधियों ने स्कॉर्पियो पर सवार पूर्व मुखिया को ताबड़तोड़ दो गोली मार दी। जख्मी पूर्व मुखिया को एक गोली बाएं हाथ में बांह पर एवं दूसरी गोली उसी हाथ में कलाई एवं केहुनी के बीच लगी है। इसके अलावा अपराधियों ने उनके स्कॉर्पियो पर भी ताबड़तोड़ तीन गोलियां बरसादी।

जिसके कारण स्कॉर्पियो क्षतिग्रस्त हो गई और टायर पंचर हो गया। गोली लगने के कारण वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद उनके साथ स्कॉर्पियो में रहे सहयोगी द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा शहर के बाबू

बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी पूर्व मुखिया गड़हनी थाना क्षेत्र के बगवां गांव निवासी स्व.गिरजा प्रसाद सिंह के 55 वर्षीय पुत्र सह गड़हनी प्रखंड के बगवां पंचायत के पूर्व मुखिया विनोद कुमार सिंह है। वही घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी बाइक पर सवार होकर आसानी से भाग निकले। उधर घटना की सूचना मिलते ही उदवंतनगर थानाध्यक्ष सुशांत कुमार अपने पुलिस बल के साथ फौरन घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए हैं। इधर पूर्व मुखिया विनोद कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों से पूर्व से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। उन्होंने इससे पहले भी उन लोगों पर उदवंतनगर थाना में कैसे किया था। जिसको लेकर वह जेल भी गए थे। उसी समय से वे लोग द्वारा उन्हें टारगेट किया जा रहा था।

गुरुवार की सुबह वह अपने पार्टनर मोहन से मिलने के लिए उदवंतनगर थाना क्षेत्र के दक्षिण एकौना गांव गए थे। जब वह उससे मिलकर वापस स्कॉर्पियो से गांव लौट रहे थे तभी दक्षिण एकौना गांव के समीप तीन की संख्या में पेड़ के पीछे पहले से अपराधी घात लगाए बैठे थे। जैसे ही वह स्कॉर्पियो वहां पहुंचे तभी उन लोगों ने ताबड़तोड़ उन पर फायरिंग कर दी। जिसमें दो गोली उन्हें लग गई और तीन राउंड फायरिंग उनके गाड़ी पर भी की गई।

जिससे उनकी गाड़ी पंचर हो गई। इसके बाद हवाई फायरिंग करते हुए अपराधी बाइक पर सवार होकर भाग निकले। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर जख्मी पूर्व मुखिया विनोद कुमार सिंह ने गायत्री नामक व्यक्ति के बेटे सहित अन्य अपराधियों पर पूर्व के विवाद को लेकर खुद को गोली मारने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

राष्ट्रीय जनता दल, भोजपुर द्वारा 'कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन सह सम्मान समारोह' का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। राष्ट्रीय जनता दल, भोजपुर द्वारा "कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन सह सम्मान समारोह" का आयोजन आरा के एक निजी होटल में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद के भोजपुर जिलाध्यक्ष श्री वीरबल यादव ने की वहीं संचालन प्रधान महासचिव श्री रामबाबू पासवान ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बिहार के खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री डॉ रामानंद यादव एवं अन्य वक्ता के तौर पर विधान पार्षद श्रीमती मुन्नी रजक, गोविंदपुर विधानसभा के विधायक मो. कामरान, लौकहा विधानसभा के विधायक श्री भरत भूषण मंडल, पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री महेंद्र प्रसाद विद्यार्थी, महुआ विधानसभा के विधायक डॉ. मुकेश रौशन, मखदुमपुर विधानसभा के विधायक श्री सतीश कुमार दास शरीक हुए।

उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बिहार सरकार के मंत्री डॉ रामानंद यादव ने कहा कि कार्यकर्ता बालू के अवैध खनन की जानकारी दे जांच कर कारवाई किया जायेगा; क्योंकि यह सरकार सुनवाई और कार्रवाई वाली

सरकार है। बिहार की महागठबंधन सरकार ने जो वादा किया उसे पूरा किया जा रहा है। भाजपा के लोग बाबा साहेब डॉ आंबेडकर के संविधान को खत्म कर आरएसएस पोषित बंच ऑफ थॉट्स को लागू करना चाहती है। उन्होंने कार्यकताओं को कहा की आगामी लोकसभा चुनाव के लिए तैयार रहना है।

वहीं विधान पार्षद श्रीमती मुन्नी रजक ने कहा की मणिपुर में महिलाओं को नग्न करा कर घुमाया जा रहा है; और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाले भाजपा के लोग चुप बैठे हैं। अगर इस सरकार को नही बदला गया तो पूरे देश की महिलाएं सुरक्षित नहीं बचेंगी। देश के आजादी में हिंदू मुस्लिम सिख सबने भूमिका निभाई थी। लेकिन आज हिंदू मुस्लिम को लड़ाया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा की पहले कपड़े का दाग धोते थे अब देश के ऊपर जो भाजपा नामक दाग है उसको साफ करेंगे।वहीं राजद के वरिष्ठ विधायक श्री भरत भूषण मंडल ने कहा की देश के प्रधानमंत्री ने भारत को सबसे निचले पायदान पर ला कर खड़ा कर दिया है। धर्म और जाति के बीच लोगो को बरगला कर अपने मतलब की राजनीत की जा रही है। जब भी देश संकट में रहा है तब तब बिहार ने आइना दिखाया है और मुखर हो कर लड़ाई लड़ी है। मोदी ने देश को कॉरपोरेट घरानों के हाथों बेच दिया है। जब देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तब पूरे देश में जातिगत जनगणना कराया जायेगा।

वहीं दूसरी ओर विधायक श्री सतीश दास ने कहा की भाजपा के लोग राजद को बदनाम करने में लगे है। क्या नौकरी देना जंगलराज है? क्या जनता का सुनना जंगलराज है? असल में यह जनता का राज है। भाजपा ने यह सर्वे कराया और जब पाया की सत्ता में गरीब का राज आने लगा इसलिए अनलोगो ने साजिशन गरीब के आवाजों को दबाना लगी। यूनिवर्सिटी पर भी हमला हो रहा है। 13 प्वाइंट रोस्टर लगा कर और लेटरल एंट्री के माध्यम से यूनिवर्सिटी के दरवाजे बंद किए जा रहे है। इस बात को समझने की जरूरत है। उन्होंने राहत इंदौरी की गजल सुनाते हुए भाजपा पर प्रहार किया की।

उन्होंने यह भी कहा की राजद सामाजिक न्याय में विश्वास रखने वाली पार्टी है। इंडिया गठबंधन की नीव बिहार से रखी गई है; और जब जब बिहार से कोई लड़ाई का आगाज होता है तब तब देश में परिवर्तन होता है। आगामी लोकसभा चुनाव में भी दिल्ली में तख्ता पलट होगा। बिहार में आर्थिक न्याय और सामाजिक न्याय की सरकार है और जो वादे बिहार की महागठबंधन सरकार ने जनता से किए थे वो पूरे किए जा रहे है। नौकरी पर नौकरी युवाओं को दी जा रही है। इसी से भाजपा घबराई हुई है। आनन फानन में राम मंदिर का किर्यावयन किया जा रहा है। वहीं विधायक डॉ. मुकेश रौशन ने कहा की बिहार की महागठबंधन सरकार युवाओं के प्रति काफी सजग है। नौकरी और रोजगार के अवसर के वादे पूरे किए जा रहे हैं। नियोजित शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा दे कर जो सम्मान दिया गया वो भाजपाइयों के वश की बात नहीं। बिहार में जनता का राज है। भाजपा के लोग राम मंदिर का अक्षत बांट रहे और बिहार की महागठबंधन सरकार नौकरियां बांट रही।

जरूरतमंद और लचारो की सेवा ही सच्ची सेवा है : पूजा कुमारी

प्रात : किरण संवाददाता

आर। नव बिहान एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा आज बढ़ती शीतलहर को देखते हुए जिला अतिथि गृह के पास गरीब, लाचार और जरूरतमंद सैकड़ों लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर ट्रस्ट के नए कार्यालय का उद्घाटन भी अध्यक्ष और अन्य गणमान्य अतिथियों के द्वारा किया गया। इस मौके पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि इस संस्था के द्वारा हर समय सामाजिक कार्यों को किया जाता है। ताकि समाज के लोगों को इसका लाभ मिल सके। इसी को लेकर आज जिस तरह से कड़ाके की ठंड पड़ रही है और लोगों के पास इस ठंड से निपटने के लिए एक कंबल भी नहीं है। जिसके बाद ट्रस्ट के सहयोगियों के माध्यम से तमाम लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वहीं

इस मौके पर कंबल पाकर कई सड़क पर गुजर बसर करने वाले लोग काफी खुश नजर आए। वहीं कंबल वितरण के मौके पर नव बिहान एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट की अध्यक्ष पूजा कुमारी, ट्रस्टी शिक्षा कुमारी, सोनू कुमार, कृषनंदन गुप्ता, अजित कुमार साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने में चंदन कुमार, विवेक कुमार, करिश्मा कश्यप, मनोज कश्यप, दिव्य प्रकाश, प्रियांश, सुशील सिंह टाइगर, ज्योति कुमारी, बाल भगवान प्रसाद, राजकिशोर और आरिफ थे।

डॉ. अंबेडकर आवासीय बालिका विद्यालय के छात्राओं से मिला भाकपा-माले और आइसा की टीम

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। अम्बेडकर आवासीय बालिका विद्यालय में कल दुसित खाना से 13 छात्राएं बीमार पड़ने की खबर सुनकर बीमार छात्राओं से मिलने भाकपा-माले के केंद्रीय कमेटी सदस्य सह अगिआंव से विधायक मनोज मंजिल,भाकपा-माले आरा नगर सचिव दिलराज प्रीतम,आइसा राज्य सचिव सबीर कुमार,आइसा जिला सचिव विकाश कुमार,जिला कमेटी सदस्य अमित कुमार बंटी,आइसा जिला सह सचिव रौशन कुशवाहा पहुंचे!इस दौरान छात्राओं ने बताया कि वार्डन रात में नहीं रहती है,कच्चा चावल खाने की वजह से छात्राओं की पेट में दर्द शुरू,13 लड़की ने बीमार पड़ी सबको सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया अभी सभी छात्राएं ठीक हैं लेकिन सभी को घर भेज दिया गया!छात्राओं के रहने वाला आवास ठीक नहीं है जर्जर और जानलेवा बनते जा रहा है काफी दिक्कत और परेशानी उठानी पड़ती है!कमरा जर्जर है ऊपर से पानी टपकता रहता है!क्लास रूम जर्जर छत से पानी टपकता हैं*

शौचालय जर्जर है शिलिंग टूट कर गिरता है!कई विषयों का शिक्षक नहीं है

जैसे हिंदी,फिजिक्स,केमेस्ट्री,बॉयलॉजी और भूगोल!आगे छात्राओं ने कहा कि समय पर कोर्स खत्म नहीं होता हैं!लड़कियां बीमार पड़ती है तो ऊहड ३१ मिलने नहीं आते हैं!छात्राओं ने ऊहड से अपने स्कूल के समस्याओं रखती है तो ६ङ्क ३१ बोलते हैं की पढ़ाई छोड़ दो!कंबल भी पतला मिला हुआ है कंबल से ठंडा नहीं जाता हैं कभी परेशानी होती हैं!सात घंटी पढ़ाई भी नहीं होता है!छात्राओं से बातचीत के दौरान अगिआंव भाकपा-माले के विधायक मनोज मंजिल ने भोजपुर जिला अधिकारी डीएम से मोबाइल फोन से बातचीत की और डॉक्टर अंबेडकर आवासीय बालिका विद्यालय की सभी समस्याओं बताया! मनोज मंजिल ने कहा कि कल्याण विभाग के डायरेक्टर से भी बात करूंगा और विधानसभा में भी छात्राओं की सवाल और समस्याओं को उठाऊंगा!

फुटबॉल के फाइनल मैच में बिहार ने यूपी को 3-0 से हरा विजेता बनी

नावानगर (बक्सर) स्थानीय गांव के प्लस टू हाई स्कूल के मैदान पर नवयुवक आजाद स्पोर्टिंग क्लब नावानगर सौजन्य से एक दिवसीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। आयोजित फुटबॉल मैच नवयुवक आजाद स्पोर्टिंग क्लब नावानगर बनाम फुटबॉल क्लब यूपी बलिया नवयुवक के बीच खेला गया। मैच का उद्घाटन भाजपा वरीय नेता मृत्युंजय सिंह और एमवीआई विनोद कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट किया। खेल

शुरूआत के बाद दोनों टीम के खिलाड़ी ने खेल का अच्छा प्रदर्शन करते हुए मध्यांतर तक एक दूसरे की टीम पर गोल करने के लिए दवाब बनाते रहे। जहां मध्यांतर के पहले बिहार की टीम लगातार पंद्रह मिनट के अंतराल पर विपक्षी टीम में दो गोल दाग दिया।वही लक्ष्य का पीछा करते हुए उत्तर प्रदेश की टीम गोल करने की कोशिश करती रही।साथ ही मध्यांतर के खेल के के बाद एक गोल और बिहार की टीम विपक्षी टीम में दाग कर 3झ0 की बढ़त बना ली। जिससे बिहार की टीम ने उत्तर प्रदेश की टीम को पराजित कर शील्ड पर कब्जा जमा लिया। मैच को देखने के लिए क्षेत्र के फुटबॉल प्रेमियों व दर्शकों से मैदान खचाखच भरा रहा।वही मैच में निर्णायक का कार्य मुख्य रेफरी जनार्दन सिंह,मनोज कुमार सिंह, ऋषल कुमार और रौशन अली ने किया। मैच में कोच वीरेंद्र प्रसाद, भोलू सिंह, केशलाल यादव,सुदर्शन यादव, दुर्गा पूजा समिति पड़ाव अध्यक्ष राजेश गुप्ता,रमेश वर्मा,अविनाश शर्मा, राहुल कुमार,रौनक सिंह,विनय गुप्ता, आकाश शर्मा सहित अन्य लोगों का योगदान रहा।

आरा ज़िले में चली 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' रथ

प्रात : किरण संवाददाता

आरा । केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाने और उनका लाभ आम जनता तक सुनिश्चित किये जाने की महत्वपूर्ण कार्यक्रम विकसित भारत संकल्प यात्रा रथगुरुवार (11जनवरी, 2024) को भोजपुर ज़िले के उदवंतनगर प्रखंड के मसाढ पंचायत में चली। विकसित भारत संकल्प यात्रा रथह्ल पहुँचते ही भारी संख्या में आम लोग और ग्रामीण, रथ को देखने और जानकारी लेने पहुंचे।

कार्यक्रम में डिस्प्ले वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री का विकसित भारत के संकल्प का वीडियो संदेश चलाया गया। जिसे आम जनों द्वारा देखा गया। साथ ही साथ कार्यक्रम में उपस्थित आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई।

विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी वीडियो के माधयम से दी गई, साथ ही, प्रचार सामग्रियों का निःशुल्क वितरण ग्रामीणों और अन्य लोगों के बीच किया गया

संक्षिप्त खबरें

लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि मनाई गई

गया ।राष्ट्रीय मानवाधिकार कार्यालय कालीबाड़ी न्यू कॉलोनी में महान स्वतंत्रता सेनानी देश के द्वितीय प्रधानमंत्री भारतरत्न से सम्मानित लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सह भाजपा नेता डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने उनके चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि शास्त्री जी जैसा व्यक्ति भारत के इतिहास में दूसरा नहीं हो सकता क्योंकि जब वे प्रधानमंत्री बने थे तब देश में गरीबी बेरोजगारी का दंश झेल रहा था उन्होंने देश में हरित क्रांति और स्वेत क्रांति का जनक भी कहा गया,उसी वक्त 1965 में भारत पाकिस्तान का युद्ध के दौरान उन्होंने देश में भोजन की कमी के बीच सैनिकों और किसानों को मनोबल बढ़ाने के लिए जय जवान जय किसान का नारा दिया उस समय उन्होंने वेतन तक नहीं लिया और उनके दृढ़ निश्चय के कारण भारतीय सैनिकों ने लाहौर तक कब्जा कर दिखा दिया कि शास्त्री के एक आवाज पर देश के नागरिकों ने एक वक्त का खाना छोड़ दिया उसी वक्त ताशकंद समझौते के दौरान उनकी मृत्यु ने उन्हें देश में उनका नाम अमर हो गया ।

अध्यक्ष ने उधोग मंत्री को किया सम्मानित

गया। बिहार सरकार के लोकप्रिय वैश्यो के नेता और उधोग मंत्री का गया के अतिथि निवास मे दिव्याग गया जिला अध्यक्ष रिता रानी ने उधोग मंत्री को साल औडकर सम्मानित की और भगवान कृष्ण का फोटो देकर ।इस मौके पर मंत्री ने रिता रानी के हाल चाल जाना और दिव्याग जनो के बारे में गया जिला के बारे में विस्तार से जाना।

केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा उच्च शिक्षा एवं विधि संकाय में क्रान्तिकारी परिवर्तन

गया ।नवादा विधि महाविद्यालय के प्राचार्य एवं मगध विश्वविद्यालय के विधि संकाय के डीन डॉ डीएन मिश्रा द्वारा बिहार के महामहिम राज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात कर बिहार में उच्च शिक्षा एवं विधि के क्षेत्र में हो रहे विकास पर ध्यान आकर्षित करने पर भाजपा नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा, राणा रंजीत सिंह, अमरनाथ पाण्डेय,वजीरगंज विधायक विरेन्द्र सिंह, क्षितिज मोहन सिंह, राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने हर्ष व्यक्त किया और कहा कि वर्तमान समय में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा उच्च शिक्षा एवं विधि संकाय में क्रान्तिकारी परिवर्तन हुआ है। जिसके कारण बिहार से पलायन करने वाले छात्रों में काफी कमी आई है।

बिक्रमगंज प्रमुख पर अविश्वास हुआ खारीज, कुर्सी सुरक्षित

बिक्रमगंज (रोहतास) प्रखंड प्रमुख राकेश कुमार उर्फ लाली के विरुद्ध अविश्वास को लेकर प्रखंड पंचायत राज्य पदाधिकारी द्वारा गुरुवार को बुलाए गए विशेष बैठक में पंचायत समिति सदस्य नहीं पहुंचे। जिसके कारण इस मामले को खारीज किया गया ।बीडीओ अमित प्रताप सिंह ने बताया कि अविश्वास प्रस्ताव पर सदस्यों के बीच चर्चा और मत विभाजन के लिए विशेष बैठक बुलाई गई थी। परंतु कुल 16 पंस सदस्यों में से प्रमुख सहित मात्र खैरा भूधर के ब्रजेश सिंह एवं मानपुर पंचायत के समिति सदस्य प्रमोद कुमार ही बैठक में उपस्थित हुए। जिसके कारण प्रस्ताव को निरस्त किया गया। बताते चलें कि एक तिहाई सदस्यों द्वारा बिक्रमगंज प्रखंड प्रमुख के कार्यो पर असंतोष व्यक्त करते हुए अविश्वास प्रस्ताव का पत्र कार्यपालक पदाधिकारी सह बीडीओ को विगत 3 जनवरी को दिया गया था। जिसके आलोक में अधिकारी ने गुरुवार को इसके लिए विशेष बैठक बुलाई थी।

पोक्सो कोर्ट जज बने न्यायधीश सुनील कुमार सिंह

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे सात सुनील कुमार सिंह को व्यवहार न्यायालय के स्पेशल पोक्सो कोर्ट के न्यायाधीश बनाया गया है। एडीजे चार ब्रजेश कुमार सिंह को एडीजे तीन बनाया गया है। जानकारी देते हुए अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद और अधिवक्ता संघ औरंगाबाद के अधिवक्ताओं ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि अब लम्बित मामलों के निष्पादन में तेजी आएगी।

डीएम ने गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के निदेशानुसार आगामी गणतंत्र दिवस 2024 की तैयारियों से संबंधित बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय पर्व के आयोजनार्थ उपस्थित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। जिले के मुख्य झंडोतोलन समारोह का आयोजन पूर्व की भाँति 26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस की गाँधी मैदान, अरवल में की जायेगी। गाँधी मैदान एवं समाहरणालय परिसर के चारो तरफ / जिला अतिथि गृह जाने का रास्ता / समाहर्ता आवास / सदर प्रखंड परिसर / अनुमंडल कार्यालय परिसर के सामने साफ-सफाई की व्यवस्था कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, अरवल द्वारा किया जायेगा।

प्रखण्ड परिसर में स्थित स्वतंत्रता सेनानियों के शिलालेख एवं डॉ० भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा के आस-पास के स्थलों की साफ-सफाई एवं रंग-रोगन कराने और माल्यार्पुखकाण हेतु पुष्प इत्यादि की व्यवस्था प्रखंड विकास पदाधिकारी, अरवल द्वारा किया जायेगा। गाँधी मैदान में परेड ग्राउण्ड तैयार करने एवं ध्वजारोहण स्थल पर मंच एवं परेड स्थल का निरीक्षण कर पूर्ण तैयारी का कार्यभार उप विकास आयुक्त, अरवल एवं कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य प्रमण्डल, अरवल को दी गई। जिला नजारत उप समाहर्ता, अरवल को निर्देशित किया गया कि गाँधी मैदान में सीटींग मंच तैयार करते हुए मंच पर पंडाल, कुर्सी, माईक सेट, बैनर, पानी एवं मंच के बगल में पंडाल तथा कुर्सी आदि की व्यवस्था के साथ आवश्यक वैरिकेडिंग कराना सुनिश्चित करेंगे।

साथ ही सभी कार्यक्रम की विडियोग्राफी / फोटोग्राफी की व्यवस्था जिला नजास्त उप समाहर्ता, अरवल सुनिश्चित करेंगे। राष्ट्रीय ध्वजारोहण के अवसर पर पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की व्यवस्था पुलिस अधीक्षक, अरवल अपने स्तर से करना सुनिश्चित करेंगे। पुलिस बल को पुलिस लाईन से परेड ग्राउण्ड एवं समाहरणालय तक लाने एवं ले जाने की जिम्मेवारी परिचारी प्रवर की होगी। परिचारी प्रवर ससमय परेड का पूर्वाभ्यास 21 जनवरी से 23 जनवरी तक अपने निगरानी में करायेंगे। अंतिम पूर्वाभ्यास दिनांक 24 जनवरी 2024 को होगा, जिसका निरीक्षण जिला पदाधिकारी / पुलिस अधीक्षक, अरवल द्वारा 11.00 बजे पूर्वाह में किया जायेगा। मुख्य समारोह स्थल गाँधी मैदान में एक एम्बुलेंस की व्यवस्था सिविल सर्जन, अरवल द्वारा किया जायेगा। फायर ब्रिग्रेड की एक टीम गाँधी मैदान, अरवल में जिला अग्निशाम पदाधिकारी, अरवल द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी। बैठक में माननीय अध्यक्षा जिला परिषद, उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन अरवल, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद के साथ जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जिप अध्यक्ष ने सभी विभागों के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के साथ किया सामान्य बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। जिला पदाधिकारी अरवल के निदेशानुसार जिला परिषद अध्यक्ष संध्या देवी, एवं उप विकास आयुक्त श रविन्द्र कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ सामान्य बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत किये गये विभिन्न प्रकार के बिंदूओं पर चर्चा की गई। इस दौरान सभी प्रखण्ड के प्रखण्ड प्रमुख, जिला परिषद सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित मामलें संबंधित पदाधिकारियों के सामने रखें एवं इसके निराकरण के बारे में भी जानकरी दी गई। बैठक में सभी विभागों के पदाधिकारी यथा पंचायती राज पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, मत्स्य पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी, कल्याण पदाधिकारी, परिवहन पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी विद्युत विभाग इत्यादि मौजूद हुए। इस दौरान शिक्षा पदाधिकारी से जनप्रतिनिधि द्वारा कुछ प्रखण्डों में भवन निर्माण हो चुका है पर विद्यालय संचालित नहीं है। जैसे मुद्दे उठाये गये जिसका जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा मामले को नोट करते हुए जाँच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। स्वास्थ्य विभाग से प्रतिनिधियों ने शिकायत की कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सक नियमानुसार नहीं पहुँचते है। ग्रामीण कार्य विभाग से पुल. सड़क एवं नहर से जुड़े मामलें पर भी चर्चा की गई। विद्युत विभाग के पदाधिकारी से जनप्रतिनिधियों ने शिकायत की कि बहुत सारे जगहों पर अभी भी बिजली की नंगी तारें हैं, जिनकों कवर कर सुरक्षित किया जाय। बैंकिंग क्षेत्र से भी फजीर्वाड़े एवं लोन की कार्यवाही शीघ्र करने जैसे मामलों पर वार्ता की गई। इस तरह से सभी विभाग के पदाधिकारियों से जनप्रतिनिधियों ने संबंधित मामलें उठाये जिसका सभी पदाधिकारियों द्वारा यथा प्रयास कर निष्पादन हेतु आश्वासन दिया गया।

सीयूएसबी के शारीरिक शिक्षा विभाग के 17 विद्यार्थियों का बीपीएससी 2.0 में शिक्षक के रूप में चयन

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय सीयूएसबी के शारीरिक शिक्षा विभाग के 17 विद्यार्थियों का हाल ही में बिहार सरकार द्वारा बीपीएससी 2.0 के जरिये शिक्षक के पद पर चयन हुआ है। जन सम्पर्क पदाधिकारी पीआरओ ने बताया कि मास्टर ऑफ फिजिकल एडुकेशन एमपीएड पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों ने परीक्षा में बाजी मारी है। उन्होंने बताया की विभाग के सफल छात्रों में निकिता शर्मा, अर्चना कुमारी, प्रीति कुमारी, रूद्र कुमार सिंह, आकाश कुमार, शशि रंजन, आनंद कुमार, दिलीप कुमार, सुमन कुमार, सिद्धांत कुमार, धीरज कुमार, संजुल कुमार, चंदन कुमार, अनुराग सुमन तथा त्रिलोकी नाथ तिवारी आदि शामिल हैं ।विभागाध्यक्ष डॉ. उषा तिवारी के साथ विभाग के अन्य प्राध्यापकों क्रमशः डॉ. आशीष कुमार सिंह, डॉ. राहुल कुमार सिंह, डॉ. गौरव कुमार सिंह एवं डॉ. पिंटू लाल मंडल ने विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी है ।सभी प्राध्यापकों ने अन्य विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत और लगन के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उत्साहित भी किया है । विस्तृत जानकारी देते हुए शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यक्ष डॉ. ऊषा तिवारी ने बताया कि बिहार सरकार द्वारा आयोजित शिक्षक बहाली परीक्षा में प्रथम बैच 2022-24 के विद्यार्थियों ने पहले ही प्रयास में अपने ज्ञान का लोहा बनवाया है ।प्रथम बैच के 24 में से 12 विद्यार्थियों का चयन हुआ है जबकि वर्तमान बैच 2023- 25 से कुल पांच विद्यार्थियों का चयन हुआ है जो बड़ी उपलब्धि है।

जननायक कर्पूरी ठाकुर के सच्चे अनुयायी बिहार के मुख्यमंत्री : डॉ. चन्दन यादव

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।पटना से नवादा पहुंचे जनता दल यूनाइटेड, बिहार के प्रदेश सचिव सह नवादा जिला प्रभारी डॉ. चन्दन यादव का नवादा में भव्य स्वागत पूर्व विधानपरिषद सह नवादा जदयू जिला अध्यक्ष सलमान रागिब के नेतृत्व में किया गया गौरतलब हो कि जनता दल यूनाइटेड की ओर से आगामी 24 जनवरी को जननायक कपूर्री ठाकुर जी की 100वीं जयंती पर 'जन्म शताब्दी समारोह' का आयोजन किया जाना है इसके तहत जदयू ने सभी जिला प्रभारियों को विशेष अभियान पर लगा रखा है, समारोह की तैयारी को लेकर नवादा में बैठक रखा गया था जहाँ नवादा जिला प्रभारी डॉ चन्दन यादव का भव्य स्वागत किया गया है,इस मौके पर यादव ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जननायक कपूर्री जी के सच्चे अनुयायी है, इनके नेतृत्व में सभी समाज को उसका अधिकार और प्रतिनिधित्व मिल रहा है, जातीय और आर्थिक गणना को रोकने के लिए कितनी शक्तियों ने काम किया मगर ये बिहार के आम अवाम की जीत है और बिहार के मुख्यमंत्री का कुशल नेतृत्व और इच्छाशक्ति की आज बिहार इसका जीवंत उदाहरण बना है,आज पूरे देश में जातीय एवं आर्थिक गणना करने की मांग आ रही है, सभी इसके पक्ष में बात कर रहें है, डॉ. यादव ने कहा कि जननायक कपूर्री जी के बाद अगर कोई है जो समाज में सामंजस्य बना कर उसके विकास के लिए कार्य कर रहें है तो वो पूरे देश में मात्र एक नेता है। नीतीश कुमार जो कि आदरणीय कपूर्री जी के सपनों को अपने इच्छाशक्ति से पूरा कर रहें है,डॉ.यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर यह पार्टी का पहला कार्यक्रम है और इसके सफलता के लिए सभी जदयू साथियों को एकजुटता के काम कर सफल बनाना चाहिए, जिस पर नवादा के सभी साथियों ने अपनी सहमति जाहिर करते हुए अधिक से अधिक संख्या में पटना वेटनरी मैदान में पहुंचने का संकल्प लिया है ।

जन वितरण प्रणाली द्वारा आज होगा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

गया। जिला अंतर्गत सभी अनुमंडल के अनुमंडल अध्यक्ष प्रखंड अध्यक्षों,सचिवों एवं सभी जन वितरण विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि आज हड़ताल का दसवां दिन है और आगे भी हड़ताल अभी जारी है पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कल को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के माध्यम से आयुक्त मगध पर मंडल गया एवं जिला पदाधिकारी गया के समक्ष अपनी मांग पत्र को समर्पित करने का निर्णय लिया गया है जो कार्यक्रम अभी भी जारी रखा गया है धरना प्रदर्शन है । अनुमंडल पदाधिकारी सदर गया के द्वारा धारण प्रदर्शन की अनुमति मिल गया है । इसलिए आप सभी साथी 11:00 बजे दिन में गांधी मैदान स्थित धरना स्थल गेट नंबर 5 पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे ताकि आगे हड़ताल जारी रखने एवं आंदोलन को समाप्त करने पर विचार विमर्श किया जाएगा।

गया के पुलिसकर्मियों के लिए एसएसपी ने जिम का किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

गया। पुलिस कर्मियों के बेहतर स्वास्थ्य और उन्हें तनाव मुक्त रखने की चिंता जिले के एसएसपी को अब सताने लगी है। यही वजह है कि एसएसपी ने पुलिस लाइन में एक अत्याधुनिक जिम का उद्घगाटन किया है। उनके मातहत और जवान न केवल स्वस्थ्य रहें बल्कि तनाव मुक्त भी रहें। यही नहीं एसएसपी आफिस में एक लाइब्रेरी और पुलिस लाइन में पार्क का भी निर्माण कराया है। इसके अलावा एसएसपी आशीष भारती 50 पुलिस कर्मियों की विशेष टीम तैयार कर रहे हैं जो क्लोज प्रोटेक्शन ओर विशेष मौके पर ला एंड ऑर्डर को पटरी पर बनाए रखने में विशेष दक्ष होंगे। उस 50 में 40 जवान और 10 पुलिस अफसर होंगे।

एसएसपी ने बताया कि कानून व्यवस्था को बेहतर तरीके से लेकर चलने के अलावा पुलिस वेलफेयर भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। पुलिस के जवान स्मार्ट और स्वस्थ दिखें साथ ही तनाव मुक्त हों। इसके लिए जिम का खोला गया है। जिम में सभी बेसिक चीजें मुहैया कराई गई है। सुबह और शाम के वक़्त जिम खुला रहेगा। अपनी सुविधा के अनुसार पुलिस कर्मी यहाँ आएं और खुद को स्वस्थ रखने के लिए जिम का लाभ उठाएं। इस जिम का महिला पुलिस कर्मी भी बेहिचक लाभ उठा सकती हैं।

इसके अलावा उन्होंने बताया कि 50 पुलिस कर्मियों की विशेष टीम तैयार की जा रही है। उन्हें अलग से विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है। ये पुलिस कर्मी वीआईपी सुरक्षा, ला एंड ऑर्डर को कंट्रोल करने में इस्तेमाल किए जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि ये 50 पुलिस कर्मी सामान्य पुलिस कर्मियों से न केवल अलग दिखेंगे बल्कि विषम परिस्थियों को भी कम समय में काबू करने में दक्ष होंगे।

एसपी से भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं को मुक्त करने की बात की

गया ।बृहस्पतिवार को अनुसूचित जाति के विभिन्न संगठन एवं राजनीतिक दलों के नेताओं ने कल भीम आर्मी के कार्यकताओं द्वारा उग्र प्रदर्शन एवं पुलिस झड़प में मारपीट एवं गिरफ्तारी के लेकर गया के वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती के कक्ष में सिटी एसपी हिमांशु,सिटी डीएसपी पी एन साहू,विधि व्यवस्था डीएसपी खुर्शीद आलम से मिलकर वार्ता किया है। वार्ता में जिला अंबेडकर सेना के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं जदयू के वरीय नेता डॉ जितेंद्र कुमार,देवानंद पासवान, देवानंद देवर्षी,संजय रविदास,प्रभात राउत, बहुजन समाज पार्टी के पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र दास इत्यादि नेताओं ने कहा कि भीम आर्मी द्वारा प्रदर्शन एवं जुलूस की निन्दा करते हुए कहा कि जुलूस के पहले जिला प्रशासन द्वारा अनुमति ले लेना चाहिए था ।इस घटना में कई निर्दोष लोगों का भी नाम आया है। जिसे जॉच कर आरोप मुक्त करने की मांग की और एक शिष्टमंडल मिलकर अनुसूचित जाति की समस्या सरल पूर्वक रखनी चाहिए। जिससे समस्या का समाधान होता है ।डॉ जितेंद्र कुमार ने कहा कि जिला पदाधिकारी डॉ त्याग राजन एस एम और एसएसपी आशीष भारती के कुशल नेतृत्व में एससी,एसटी अत्याचार निवारण के तहत गिरफ्तारी के लेकर गंभीर होकर कार्य कर रही है। इसी का परिणाम रहा की डीएम एवं कल्याण विभाग द्वारा राज्य के जिले के पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने में जिला का कार्य अच्छा रहा है। मिलने वाला में कमलेश कुमार, रवि पासवान, किशोर दास,सुरेंद्र पासवान, शंकर दास अन्य लोग शमिल थे।

15 से 22 जनवरी तक शिक्षा संवाद कार्यक्रम का होगा

प्रात : किरण संवाददाता

गया। जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने समाहरणालय सभा कक्ष में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक करते हुए बताया कि 15 जनवरी से 22 जनवरी तक बिहार के सभी सभी जिलों के सभी उच्च विद्यालयों में शिक्षा विभाग की लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में छात्र छात्राओं एवं अभिभावकों को जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से शिक्षा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। शिक्षा संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि शिक्षा विभाग से संबंधित लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को समुचित जानकारी उपलब्ध कराना है साथ ही उन्होंने कहा कि योजनाओं की जानकारी नहीं रहने की स्थिति में आए दिन उन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में काफी असुविधा होती है और कभी-कभी उन योजनाओं को लाभ लेने से वंचित भी रह जाते हैं। ऐसी स्थिति में आवश्यक है कि शिक्षा विभाग की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में सभी विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावकों को समुचित जानकारी प्रदान किया जाए। यह कार्यक्रम जनसंवाद कार्यक्रम के तर्ज पर शिक्षा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। शिक्षा संवाद कार्यक्रम जिले के सभी माध्यमिक उच्च माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित किया जाएगा। शिक्षा संवाद में महत्वपूर्ण योजनाओं मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना, मुख्यमंत्री बालक साइकिल योजना, मुख्यमंत्री किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना, बिहार शताब्दी मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, सिविल सर्विसेज प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना, प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना सहित अन्य जितने भी विभागों के छात्र-छात्राओं से संबंधित योजनाएं हैं उन सभी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से अभिभावकों के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को जानकारी देंगे ताकि सभी लोग उन योजनाओं से लाभान्वित होंगे। श्रम संसाधन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, उद्योग विभाग इत्यादि भी अपनी योजनाओं के बारे में बताएंगे। जिला पदाधिकारी ने बताया कि सरकार की कई सारे कल्याणकारी योजनाएं अन्य राज्यों के मुकाबले इस राज्य में संचालित हैं। हाल के महीना में कई सकारात्मक परिवर्तन भी देखा गया है ।गया जिले में 385 उच्च विद्यालय संचालित है। उन सभी विद्यालयों में शिक्षा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाना है।

डिप्टी डायरेक्टर डॉ. शोभा गुप्ता ने लिया स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।विकास के कई पैमाने पर पिछड़े प्रखंडों को आगे लाने की कोशिश की जा रही है. इसके लिए अब आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत चयनित प्रखंडों में मौजूद सुविधाओं का विभिन्न सूचकांकों के आधार पर अनुश्रवण करते हुए समीक्षा की जा रही है. इनमें स्वास्थ्य तथा पोषण, शिक्षा, कृषि व जल संसाधन, वित्तीय समावेशन व कौशल विकास जैसे सूचकांकों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

नीति आयोग द्वारा कुल 39 सूचकांक निधार्रित किये गये हैं जिनमें सात सूचकांक स्वास्थ्य से जुड़े हैं ।जिला के चार प्रखंडों को भी आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम में शामिल किया गया है ।इस क्रम में बुधवार को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की शिशु स्वास्थ्य ईकाई की डिप्टी डायरेक्टर डॉ शोभा गुप्ता द्वारा फतेहपुर तथा वजीरगंज प्रखंड का भ्रमण किया गया है ।यहां पहुंच कर उन्होंने प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद स्वास्थ्य सेवाओं तथा आधारभूत संरचनाओं का जायजा लिया. इसके बाद जिला पदाधिकारी गया डॉ त्यागराजन एसएम तथा सिविल सर्जन डॉ रंजन कुमार सिंह से मुलाकात कर आवश्यक सहयोग के विषय में बातचीत किया गया है ।इस मौके पर राज्य एवं जिला स्तरीय स्वास्थ्य पदाधिकारी सहित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार, यूनिसेफ से संजय कुमार एवं पीरामल प्रतिनिधि राकेश ठाकुर भी मौजूद रहे हैं ।स्वास्थ्य के सात सूचकांकों पर की समीक्षा ।जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम नीलेश कुमार ने बताया कि जिला के फतेहपुर तथा वजीरगंज सहित कोंच एवं इमामगंज प्रखंडों को नीति आयोग के आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम में शामिल किये गये हैं. फतेहपुर तथा वजीरगंज प्रखंड को डॉ शोभा गुप्ता द्वारा गोद लिया गया है ।बुधवार को उन्होंने यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मौजूद सेवाओं का समीक्षा किया है ।यह समीक्षा स्वास्थ्य के लिए निर्धारित सात सूंचकाकों पर आधारित हैं ।नीति आयोग द्वारा यह सात सूचकांक प्रसव पूर्व जांच, संस्थागत प्रसव, कम वजन दर, टीबी स्क्रीनिंग, रक्तचाप तथा मधुमेह जैसे रोग संबंधी गैर संचारी रोग स्क्रीनिंग तथा नेशनल क्वालिटी एश्यूरेंस स्टैंडर्ड आदि जैसे सूचकांक शामिल हैं ।डीएम और सिविल सर्जन से सहयोग की अपील

डॉ शोभा गुप्ता द्वारा इन स्वास्थ्य केंद्रों में मौजूद सुविधाओं और संरचनाओं का जायजा लेते हुए इसमें आवश्यक सुधार संबंधी सलाह भी दिये गये है। इसके साथ ही एक्शन प्लान पर चर्चा किया गया है और बताया कि जिला आकांक्षी कार्यक्रम की सफलता को देखते हुए नीति आयोग ने प्रखंड आकांक्षी कार्यक्रम की शुरूआत की है। राज्य में 61 प्रखंड का चयन आकांक्षी प्रखंड के रूप में किया गया है ।इनमें गया जिला के चार प्रखंड शामिल हैं ।गया जिले में 5 साल से कम उम्र के वैसे बच्चे जो बहरेपन से ग्रसित हैं ।उनका समुचित इलाज श्रवण श्रुति के माध्यम से करवाया जा रहा है। श्रवण श्रुति प्रोजेक्ट के बारे में जानकर काफी खुशी प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि गया जिला स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष कर छोटे बच्चों के भविष्य के बारे में काफी बढ़िया काम कर रहा है। जिले में 3 लाख 25 हजार 925 बच्चो को स्क्रीनिंग किया गया है। जिनमे 739 बच्चो को बेरा टेस्ट किया गया हू। 87 बच्चे बेरा टेस्ट पॉजिटिव पाए गए हैं। इनमें अब तक 39 बच्चे को कोकिलर इंप्लांट मशीन लगाया गया है।

गया जिला को मॉडल मानते हुए राज्य स्वस्थ्य समिति ने पूरे बिहार में बाल श्रवण योजना के नाम से अडॉप्ट किया है।

दुर्गावती के कवि कुमुद कुमार मिश्रा को विश्व हिंदी दिवस पर किया गया सम्मानित

दुर्गावती । विश्व हिंदी दिवस समारोह में दुर्गावती के युवा कवि कुमुद कुमार मिश्रा को बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन पटना में बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ अनिल सुलभ के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बता दे की युवा कवि कुमुद कुमार मिश्रा दुर्गावती प्रखंड के ग्राम डहला के रहने वाले हैं इनके पिता डॉ चंद्र कुमार मिश्रा इनको बचपन से ही प्रोत्साहित करते रहे तथा आगे बढ़ाने की प्रेरणा देते रहे हिंदी साहित्य सम्मेलन में सम्मानित किए जाने के बाद दुर्गावती का नाम एक बार फिर रोशन हुआ है। आज के परिवेश में दुर्गावती प्रखंड में इस उम्र का कोई भी युवा हिंदी साहित्य कला के क्षेत्र में अभी तक प्रतिभा बनकर सामने नहीं आ सकी। ईनके सम्मान से दुर्गावती का सम्मान बढ़ा है और दुर्गावती में खुशियों की लहर है। यह सम्मान पटना के विश्व हिंदी साहित्य सम्मेलन कदम कुआं पटना में बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन में दिया गया। साथ ही इनके द्वारा लिखी गई पुस्तक जल रहा मेरा चमन का विमोचन भी किया गया ।इस अवसर पर पटना हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश श्री संजय कुमार वर्तमान में अध्यक्ष उपभोक्ता संरक्षण आयोग तथा तथा बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के कैमूर के अध्यक्ष प्रदीप पांडे भी उपस्थित थे जिनके द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

विश्व हिंदी दिवस पर साहित्यिक संध्या का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय के सत्येंद्र नगर स्थित सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय के अवकाश प्राप्त प्रोफेसर डॉ शिवपूजन सिंह के आवास पर औरंगाबाद जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन एवं समकालीन जवाबदेही परिवार के संयुक्त तत्त्वावधान में विश्व हिंदी दिवस के मौके पर साहित्यिक संध्या का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर शिवपूजन सिंह तथा संचालन उक्त संस्था के महामंत्री धनंजय जयपुरी द्वारा किया गया। संरक्षक मंडल सदस्य प्रो रामाधार सिंह ने कहा कि हिंदी को विश्व स्तर पर स्थापित करने में जिन साहित्यसेवियों ने अपनी अहम भूमिका का निर्वहण किया उनके द्वारा कृत कार्यों से प्रेरणा लेकर हमें अबाध गति से इसकी उन्नति के लिए तत्पर रहने की जरूरत है। सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि हिंदी को सुदृढ़ बनाने के लिए बोलचाल की भाषा में दुरूह शब्दों के बजाय सरल शब्दों का प्रयोग अपेक्षित है, जिससे जन सामान्य इसके उच्चारण में जटिलता महसूस न करे। संचालन के क्रम में धनंजय जयपुरी ने अंग्रेजी के प्रति लोगों के बढ़ते रुझान एवं हिंदी के प्रति उदासीनता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा सिंहासन पर बैठकर अंग्रेजी मुस्काए, बैठ देहरी रो रही देखो हिंदी माय। देखो हिंदी माय सोच निज दशा बिचारी, बच्चों को है आज माय से मम्मी प्यारी। समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि मुझे खुशी है कि हिंदी विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली तीसरी भाषा के रुप में प्रतिष्ठित है। परंतु अत्यंत खुशी तब होगी जब यह प्रथम स्थान पर प्रतिष्ठा प्राप्त कर ले। डॉ रामा

संक्षिप्त खबरें

जरूरतमंदों के बीच किया कंबल बितरण

प्रातः किरण संवाददाता। नवगछिया (भागलपुर)। कपकपाती भीषण शीतलहर ठंड को देखते हुए लायन्स क्लब नवगछिया टाउन के द्वारा अपने संस्था की स्थापना दिवस एवं मकर संक्रांति के अवसर पर स्थानीय उर्दू प्राथमिक विद्यालय उजानी के प्रांगण में गरीब असहाय व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत क्लब अध्यक्ष ला. कमलेश कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में संचालन क्लब डायरेक्टर ला. प्रवीण केजरीवाल ने किया। कार्यक्रम के संयोजक के रूप में गारोदीया ट्रेडिंग कंपनी कटिहार के संयोजक शिव प्रकाश गारोदीया मौजूद थे। इस मौके पर ला. भगवती पंसारी, ला. रतन लाल डोकानियां, ला. मनोज कुमार सर्राफ, प्रो. इस्राफील एवं स्थानीय ग्रामीणों के अलावा अन्य मौजूद थे। अंत में डिस्टिक चेयरपर्सन ला. पवन कुमार सर्राफ, ला. अजय कुमार रुंगटा सभी ला. साथियों एवं स्थानीय ग्रामीणों को धन्यवाद दिया।

क्रियान्वित योजना स्थिति का जिलाधिकारी ने लिया जायजा

भागलपुर। शहरी क्षेत्र इलाके से सटे भोलानाथ पुल के समीप क्रियान्वित कार्य योजना का जिलाधिकारी व एसएसपी ने जायजा लेने के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान यह तथ्य उभर कर सामने आया कि भोलानाथ पुल जो काफी पुराना है, ब्रिटिश शासन काल से संबंधित है, इसके ऊपर आर. ओ.बी. की मांग बहुत सालों से की जाती रही है। विगत 2022 में जब मुख्यमंत्री का कार्यक्रम भागलपुर में हुआ था तो उन्हे इस समस्या से अवगत कराया गया था। जिसकी स्वीकृति मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा तत्काल दे दी गई थी। तदनुसार ड्राइंग, डिजाइन और सभी प्रक्रिया अर्थात टेंडर प्रक्रिया पूर्ण करते हुए विगत वर्ष से इस पर निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। वही जानकारी दी गई कि इस पर निर्माणकार्य हेतू तेजी से पुल निर्माण निगम द्वारा संचालित किया जा रहा है। वही निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी को जानकारी दी गई कि लगभग 27 पाईल का कार्य पूरा हो गया है, जिसके ऊपर कैपिंग का काम भी चल रहा है। जिस पर पी.क्यू.सी. रोड बनना (ऑल वेदर रोड) है, ताकि पानी वगैरह के कारण रोड के खराब होने की समस्या जो रहती है तो वह स्थिति नहीं हो पायेगी। रोड के ढलाई का काम भी इस सप्ताह या अगले अगले सप्ताह से प्रारंभ हो जायेगा।

ग्रामीणों का हस्ताक्षरयुक्त बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

नवगछिया (भागलपुर)। नारायणपुर प्रखंड के राजकीय कृत मध्य विद्यालय आशाटोल में कार्यरत दो ग्रामीण शिक्षक के अन्यत्र तबादले को लेकर आशाटोल के रंजीत कुमार ने सैकड़ो ग्रामीणों के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन नारायणपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा गया है। शिक्षा समिति सदस्य सरिता देवी, मुन्नी देवी, पूजा देवी, आशा देवी, निभा देवी, श्रवण शर्मा, हरिकिशोर शर्मा, वार्ड सदस्य नकुल कुमार, रंजीत कुमार, मुरली शर्मा, अमन, सागर, राजेश, प्रवेश, सुभाष समेत सैकड़ो ग्रामीणों के हस्ताक्षर करके शिक्षक को हटाने की मांग की है। आवेदन में लिखा है कि राजकीय कृत मध्य विद्यालय आशाटोल के दो ग्रामीण शिक्षक के विद्यालय में रहने से पठन पाठन कार्य बाधित होती नजर आ रही है। वही ग्रामीण शिक्षक बच्चों को शिक्षा देने का काम नही करते और समय काट कर शिक्षा के बीच बाधा उत्पन्न करते हैं। विद्यालय के निकटवर्ती क्षेत्र के रहने के कारण उनकी अपनी मर्जी चलती है। दोनो ग्रामीण शिक्षक कार्यशैली को लेकर आशाटोल के ग्रामीण काफी आक्रोशित दिख रहे है। वही बीडियो को दिये ज्ञापन में लिखा है कि बाहर से जो शिक्षक आते है उसे भी अपने आदत की ओर आकर्षित कर लेता है। ग्रामीण शिक्षकों का इस विद्यालय में 12 वर्ष से अधिक समयकाल पूरा हो गया है।

नवनिर्मित भवन का नामांकन भी अपने बेटियों के नाम से करें, ताकि उन्हें आत्म बल मिल सके: डीएम

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर । क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा असरगंज एवं तारापुर प्रखंड सभागार में मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना अंतर्गत चयनित लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र वितरित किए। असरगंज में 41, तारापुर में 60, संग्रामपुर में 50, टेटिया बम्बर और हवेली खड़गपुर में क्रमशः 102 और 98 लाभुकों को स्वीकृत पत्र दिया गया।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। डीएम ने सभी लाभुकों को योजना का लाभ लेते हुए कम से कम 45 दिनों के अंदर गृह निर्माण कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि आप अपने नवनिर्मित भवन का नामकरण भी अपनी बेटियों के नाम से करें ताकि उन्हें और भी आत्मबल मिले, साथ ही उन्हें हर हाल में शिक्षित कराएं। आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी सफलता का परचम लहरा रही हैं। उन्हें शिक्षित कराएं और अपने तथा समाज और राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दें। आपको जो स्वीकृति पत्र दिया गया है वह भी घर की महिला मुखिया के नाम से ही दिया गया है, इस लिए घर का नामकरण भी अपनी पुत्रियों के नाम से कराएं। उन्होंने कहा कि सरकार आपके लिए जितनी भी योजनाएं चला रखी है उसका शत प्रतिशत लाभ लें। सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी लें ताकि उससे भी आप लाभान्वित हो सकें।

उन्होंने कहा कि आपको किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो तो संबंधित पदाधिकारी से मिले, उनके द्वारा तत्काल आपकी समस्या का समाधान किया जाएगा। जिला प्रशासन आपको हर सहयोग देने हेतु सदैव तत्पर है। इसके पूर्व जिलाधिकारी द्वारा असरगंज प्रखंड के अमिया पंचायत स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 5 चाखंड तथा केंद्र संख्या 71 अमैया के लिए नए भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन सह शिलान्यास भी किया गया। तारापुर प्रखंड परिसर में जिलाधिकारी ग्रामीणों से रूबरू हो उनकी समस्याओं को सुन तत्काल संबंधित पदाधिकारी को उस पर संज्ञान लेते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने प्रखंड कार्यालय का भी निरीक्षण किया तथा वहां कार्य कर रहे सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निष्ठा पूर्वक कार्य करने और स-समय कार्यालय आने का निर्देश दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी के साथ आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक करते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि पेंशन चालू करने को ले आज करेंगे डीएम के समक्ष प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

खगड़िया। बिहार प्रदेश पंच सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह खगड़िया जिला अध्यक्ष एवं त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि महासंघ के सहसंयोजक किरण देव यादव, वार्ड सदस्य संघ के जिला अध्यक्ष मिथिलेश कुमार, वार्ड सदस्य संघ, अलौली के प्रखंड अध्यक्ष उदय कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि 12 जनवरी 2024 को समाहरनालय खगड़िया के समक्ष पंच सरपंच संघ एवं वार्ड सदस्य संघ के संयुक्त बैनर चले त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि को 2000 ई से पेंशन चालू करने एवं पंच व वार्ड सदस्य का वेतन दुगुनी करने के सवाल को लेकर जुझारु प्रदर्शन किया जायेगा। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि वार्ड सदस्य एवं पंचों के साथ सौतेलापन व्यवहार किया गया है एवं त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों को लॉलीपॉप दिखा झुनझुना थमाया गया है, जिससे असंतोष व्याप्त है। कहा कि जहां एक ओर कई बार एमएलए एमपी बनने पर कई बार का पेंशन दिया जाता है। वहीं 2006 से त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों को पेंशन नहीं देकर सौतेलापन व्यवहार किया जा रहा है। जबकि जिस वोट से एमएलए एमपी जीत कर आते हैं उसी वोट से अपने बलबूते त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि के सदस्य गण जीतकर आते हैं एवं सच्चे अर्थों में समाज एवं जनता का विकास धरातल पर करते हैं एवं सरकारी योजनाओं को सरजमीन पर अक्षरशः लागू करते हैं। श्री यादव ने सरकार को सलाह देते हुए कहा कि पेंशन चालू करने से सरकार का वोट बैंक बढ़ेगा। माननीय मुख्यमंत्री का नारा- सामासिक न्याय के साथ समाज का सर्वांगीण विकास करने, में पंचायत प्रतिनिधि सरपंच, मुखिया, वार्ड सदस्य , पंच धरातल पर महतीं कार्य करते हैं। एवं चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जो त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का पेंशन देने की बात करेगा वही बिहार एवं केंद्र में राज करेगा। त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों ने माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, पंचायती राज मंत्री मुरारी गौतम, परबत्ता विधायक संजीव कुमार, एमएलसी राजीव कुमार, खगड़िया विधायक छत्रपति यादव, अलौली विधायक रामवृक्ष सदा, सरपंच संघ के संरक्षक विधायक नीतू सिंह का ध्यान आकृष्ट करते हुए सहानुभूति पूर्वक विचार कर पेंशन चालू करने एवं पंच वार्ड सदस्य को दुगनी वेतन वृद्धि करने हेतु पर्याप्त समय रहते मांग पूरा करने की मांग किया है, अन्यथा पूरे बिहार में त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि महासंघ जुझारू आंदोलन करने का रणनीति जल्द ही तैयार करेगी । तथा 22 फरवरी 2024 को पूरे बिहार का वार्ड सदस्य, पंच, सरपंच सामूहिक इस्तीफा देने को मजबूर होगा। जिसकी जिम्मेवारी सरकार की होगी।इधर, वार्ड सदस्य संघ के जिला अध्यक्ष मिथिलेश कुमार, अलौली वार्ड सदस्य संघ के प्रखंड अध्यक्ष उदय कुमार एवं पंच सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष किरण देव यादव ने सभी पंच, उपसरपंच, सरपंच एवं वार्ड सदस्यों व उपमुखिया तथा माननीय मुखिया से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का अपील किया।

जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभुक निश्चित रूप से लाभ प्राप्त करें: डीएम

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को जिला प्रखण्ड पंचायत और ग्राम स्तर पर संचालित विकासात्मक महत्वपूर्ण एवं कल्याणकारी योजनाओं की जाँच के लिए क्षेत्र भ्रमण किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस संबंध में जिला पदाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने भी निर्देश अपने अधीनस्थ को दिए हैं । इस संदर्भ में बुधवार को मुंगेर जिलान्तर्गत उद्योग विभाग द्वारा मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 के लाभुकों द्वारा संचालित उद्योग की स्थलीय जाँच प्रखण्ड वार पदाधिकारियों ने किया।

सदर प्रखंड मुंगेर का आनंद प्रकाश, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, जमालपुर प्रखंड का अनिमेष कुमार चन्द्र, सहायक निदेशक, बाल संरक्षण इकाई, मुंगेर, धरहरा प्रखंड का मोहम्मद इरफान अकबर, जिला योजना पदाधिकारी, बरियारपुर का नृपेन्द्र कुमार निराला, जिला कल्याण पदाधिकारी, असरगंज प्रखंड का शेखर कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी, तारापुर प्रखंड का पंकज कुमार सिंह, सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, संग्रामपुर प्रखंड का रामजन्म पासवान, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, टेटिया बम्बर प्रखंड का शशिभूषण कुमार शशि लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी तथा हवेली खड़गपुर प्रखंड का मनीष रस्तोगी, जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा विभिन्न पंचायतों में संचालित मुख्य मंत्री उद्यमी योजनाओं की जांच किए।

जिलाधिकारी ने बताया कि सरकार की संकल्पना है कि विकासपरक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से अर्हित लाभुकों को निश्चित रूप से उसका लाभ दिया जाय। इसी क्रम में आज विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया है।

निरीक्षण का उद्देश्य उद्यमी योजना के तहत जीतने भी लाभुकों द्वारा उद्योग लगाया गया है उसकी जांच करना है। जांच में उनके द्वारा लगाए गए उद्योग से उन्हें किस तरह से लाभ हो रहा है, उसका सही संचालन किया जा रहा है या नहीं, उनके अलावे और किन किन लोगों को उससे लाभ मिल पा रहा आदि की जांच करनी है। आज की जांच से जहां सभी उद्यमियों का उत्साह वर्धन भी हुआ है और उनके द्वारा अपने उद्योग को और भी बेहतर तरीके से संचालित करते हुए उसमें वृद्धि करने का निर्देश दिया गया।

जिलास्तरीय प्रशिक्षण अभियान शुरू

नवगछिया (भागलपुर) । कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा भागलपुर के द्वारा मधुमक्खी पालन एवं प्रसंस्करण का जिलास्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन का आयोजन बिहपुर के प्रगतिशील किसान संजय कुमार चौधरी के आवास पर आयोजित किया गया। इस मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार यादव, परियोजना निदेशक आत्मा प्रभात कुमार सिंह, अभय कुमार मंडल सहायक निदेशक उद्यान भागलपुर मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत में सहायक निर्देशक उद्यान द्वारा मधुमक्खी पालन की योजनाओं की जानकारी संजय कुमार चौधरी प्रगतिशील किसान के द्वारा मधुमक्खी पालन के विषय के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि मधुमक्खी कितने परवेज हैं। मधु उत्पादन की विधि विभिन्न स्त्रोतों से जैसे कि सरसो, लीची, आम, जमुन, तुलसी से प्राप्त मधु के उपयोग एवं प्रसस्करण की विधि मधु एवं उसके अन्य स्त्रोत रॉयल जेली, मॉम आदि के रख रखाव एवं इसके उपयोग की जानकारी दी गई। प्रयोग के तौर पर सभी उपस्थित किसान को मधु डब्बा एवं मधुमक्खी को विस्तार से दिखाया गया। रानी मधुमक्खी, नर मधुमक्खी व श्रमिक मधुमक्खी को दिखाकर समझाया गया है। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंड से कुल 206 किसान सहित एटीएम हिमांशु, गौरव, अजय, सन्नी, गौतम, प्रमेश्वर कुमार सिंह आदि ने भाग लिया।

ट्रिपल हत्या वारदात से गांव में दहशत का माहौल

- पूरे गांव में नहीं जला चूल्हा, पुलिस कर रही है लगातार पेट्रोलिंग
- घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुटी

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। गोपालपुर थाना क्षेत्र के नवटोलिया गांव इलाके में गोलीबारी की घटना में दामाद, बेटी एवं नतिनी की निर्ममता से हत्या की वारदात घटित होने के बाद पूरे गांव इलाके में दहशत का माहौल व्याप्त है। घटना के बाद गांव में पुलिस लगातार कैंप कर रही है। एक साथ तीन हत्या से मर्माहत गांव में एक भी घर में चूल्हा नहीं जला। घटना से पूरे गांव इलाके में सन्नाटा पसरा हुआ है। हर ओर पूरा दहशत का माहौल फैला दिख रहा है। पुलिस के द्वारा हत्या के आरोपी पिता पप्पू उर्फ प्रमोद सिंह और पुत्र धीरज कुमार को गिरफ्तार करने के लिए संभावित कई जगहों पर छापेमारी कर रही है। वही पुलिस के द्वारा देर रात नवगछिया अनुमंडल अस्पताल में मृतक चंदन कुमार उर्फ चांद व चांदनी देवी उर्फ चंदा एवं उसकी डेढ वर्षीय पुत्री रोशनी का पोस्टमार्टम कराया गया था। मिली जानकारी के अनुसार चंदन की आंख एवं सर में दो गोली मारी गई थी। पत्नी की कनपटी में एक गोली व तीन गोली बच्ची के शरीर एवं सर पर मारी गई थी। प्रतिष्ठा के दरिंदों ने गोली पिस्टल से योजनाबद्ध तरीके से हत्या की वारदात को अंजाम दे फरार चल रहा है। वही पुलिस पूरे मामले की जांच हर बिन्दु पर कर रही है। वही पुलिस ने मृतक के भाई केदार सिंह के बयान के आधार पर गोपालपुर थाने में मामला दर्ज किया गया है। मामले में मृतक के ससुर पप्पू उर्फ प्रमोद सिंह एवं उसके साले धीरज के विरुद्ध हत्या करने का नामजद प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है। वही घटना को लेकर गोपालपुर थाना के थानाध्यक्ष नीरज कुमार स्वयं नवटोलिया गांव इलाके में कैंप कर रहे हैं। वही उन्होंने कहा कि पूरे मामले को लेकर कडी निगरानी की जा रही है। हत्यारोपी जल्द ही गिरफ्तार होगा। गांव से निकली एक साथ तीन अर्थी, फैली शोक की लहर, गोपालपुर थाना क्षेत्र के नवटोलिया गांव में प्रेम विवाह के कारण बेटी-दामाद व नतिनी की निर्दयता पूर्वक हत्या की वारदात को योजनाबद्ध तरीके से आरोपी पिता व उसके पुत्र के द्वारा किये जाने के बाद एक ही परिवार से एक साथ तीन अर्थी उठने से पूरे गांव में शोक की लहर दौर गयी है।

सड़क किनारे गिरे बाल पर फिसलने से बाईक सवार आया ट्रक की चपेट में, हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता

अलीगंज । नवादा -सिकंदरा मुख्यमार्ग स्थित अलीगंज के स्टेट बैंक के आगे सड़क किनारे गिरे बालू से फिसलने के कारण एक अनियंत्रित बाईक सवार विपरीत दिशा से आ रही ट्रक की चपेट मे आने से बाईक सवार युवक सन्नी कुमार (20) वर्ष की मौत घटना स्थल पर ही हो गया। जानकारी के अनुसार पुरसंडा गांव निवासी सन्नी कुमार अपने साथी के साथ सिकंदरा की ओर से अलीगंज बाजार जा रहा था तभी विपरीत दिशा से आ एक बालू लदा ट्रक के चपेट मे आ गया जिससे उसकी मौत घटना स्थल पर हो गया,जबकि बाईक पर सवार एक और युवक बाल-बाल बच गया। प्रत्यक्ष दर्शियो ने बताया कि बाईक सवार सड़क किनारे अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से आ रही ट्रक की चपेट मे आ गया जिससे कुचलकर उसकी मौत हो गया। मृतक युवक पुरसंडा गांव निवासी सुनील पासवान का पूत्र सन्नी कुमार के रूप मे हूई है। घटना के बाद ट्रक चालक व उपचालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद आक्रोशित परिजनो ने अलीगंज सिकंदरा मुख्यमार्ग स्थित स्टेट बैंक के आगे सड़क जाम कर दिया जिससे लगभग घंटो सड़क जाम लगी रही, और सड़क जाम होते ही दोनो तरफ वाहनो की लंबी कतार लग गई। जाम की सूचना मिलते ही चंद्रदीप थानाध्यक्ष अब्दुल हलीम और अंचलाधिकारी अरविंद कुमार घटना स्थल पर पहुचकर आक्रोशित परिजनो को सरकार के द्वारा मिलने वाली मुआवजा मिलाने की आश्वासन पर समझा बुझाकर सड़क जाम को हटाया जा सका। पुलिस शव को पीएम के लिए जमूई सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ट्रक न बीआर 21- ई 4895 को जब्त कर चंद्रदीप थाना ले गयी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

विधिज्ञ संघ हवेली खड़गपुर में मनाया गया 32 वां स्थापना दिवस

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। अनुमंडल कार्यालय स्थित विधिज्ञ संघ मे अधिवक्ताओं द्वारा 32 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर विधिज्ञ संघ में सभी अधिवक्ताओं ने संयुक्त रूप से केक काटकर कार्यक्रम का आयोजन किया। मंच का संचालन अधिवक्ता सह महासचिव गणेश तांती द्वारा किया गया। 32 वां स्थापना दिवस को लेकर सभी अधिवक्ताओं ने बारी-बारी से अपने विचार को प्रकट किए। विधिज्ञ संघ के वर्तमान महासचिव गणेश तांती, अध्यक्ष मनोरंजन प्रसाद सिन्हा एवं कोषाध्यक्ष चौबे कुमार द्वारा कहा गया कि अनुमंडल खड़गपुर की स्थापना हुई 32 वर्ष बीत जाने के बावजूद अभी तक व्यवहार न्यायालय की स्थापना नहीं होना खड़गपुर वासी के लिए दुर्भाग्य की बात है। व्यवहार न्यायालय की स्थापना नहीं होने से खड़गपुर वासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आगे उन्होंने बताया कि अगर व्यवहार न्यायालय की स्थापना अति शीघ्र नहीं की जाती है तो विधिज्ञ संघ के अधिवक्ता बहुत जल्द चरणबद्ध आंदोलन को तैयार है। विधिक संघ के 32 वां स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेश कुमार, अपर्णेश कुमार सिन्हा, अमरदीप कुमार अमर, जितेंद्र कुमार, सहायक सचिव मुकेश कुमार, संयुक्त सचिव उपेंद्र कुमार सिंह, रामनाथ पंडित, प्रमोद कुमार यादव, संजय कुमार सुमन, हरे कृष्ण पासवान, जनार्दन कुमार, मृत्युंजय मिश्रा, नवीन कुमार, सच्चिदानंद सिंह, पद्माकर कुमार वर्मा, नरेश तांती, वरुण कुमार यादव, रामखेलावन रविदास, राजकुमार प्रसाद, देवेंद्र प्रसाद, राजेंद्र चौधरी, पूर्व कोषाध्यक्ष जय प्रकाश साह, पूर्व महासचिव तेजनारायण सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष सकलदेव कुमार यादव, श्याम कुमार सिंह, अमरदीप लाल मंडल, रामदुलार सिंह, शशि भूषण गुप्ता, सुभाष सिंह,, लक्ष्मी प्रसाद यादव, अधिवक्ता लिपिक राजेंद्र प्रसाद बिंद, विश्वनाथ झा एवं टंकण प्रशांत शेखर उर्फ गोलू, आशीष सिन्हा आदि मौजूद थे।

डीएम ने चेक युवा उद्यमी के बीच किया वितरण

मुंगेर। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना युवाओं के लिए अत्यंत ही लाभकारी योजना है, इसके माध्यम से आप न सिर्फ स्वयं आर्थिक रूप से सबल हो सकते हैं, बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार मुहैया करा सकते हैं। उक्त बातें गुरूवार को जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा संग्रहालय सभागार में उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत चयनित लाभुकों के ऋण वितरण के लिए आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित युवा उद्यमियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस ऋण वितरण शिविर में लगभग एक सौ लाभुकों के बीच 322.39 लाख रुपए के ऋण की स्वीकृति राशि का चेक दिया गया है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अजीत कुमार, एलडीएम नाबार्ड, उद्योग विभाग पदाधिकारी सहित विभिन्न बैंकों के पदाधिकारी एवं युवा उद्यमी उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने उपस्थित युवा उद्यमियों से कहा कि यह योजना अत्यंत ही पारदर्शी है और इसके माध्यम से आपको स्वरोजगार हेतु दस लाख तक की ऋण उपलब्ध

नई पेंशन नीति समाप्त करने की मांग को ले, अनिश्चित कालीन रेल कार्मिक धरना पर

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। जमालपुर कारखाने के तीन नंबर गेट पर मेंस यूनियन कारखाना शाखा जमालपुर की ओर से पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने को लेकर यूनियन नेता एवं रेल कर्मियों ने विगत तीन दिनों से अपनी मांगों को लेकर और अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं। शाखा के अध्यक्ष दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि जे एफ आर पी एस और ए आई आर एफ के आह्वान पर राष्ट्रीय स्तर पर नई पेंशन स्कीम के स्थान पर पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने को लेकर भूख हड़ताल चल रहा है।

उन्होंने बताया की नई पेंशन स्कीम बाजार पर आधारित है। इसमें एक निश्चित पेंशन नहीं है । नई पेंशन स्कीम पारिवारिक पेंशन भी नहीं मिलती है और इस पेंशन पर महंगाई भत्ता भी लागू नहीं होता है श्री सिन्हा ने कहा की नई पेंशन नीति के अंदर केंद्रीय कर्मियों द्वारा बी आर एस लेता है, तो उसे कुल जमा राशि का 20% राशि ही मिल पाती है। पति और पत्नी नई पेंशन नीति लेती है, तो एक लाख निवेश पर पांच सौ चौबीस रुपया मात्र पेंशन मिलेगा। उन्होंने कहा कि सिर्फ करमी अगर पेंशन लेता है, तो एक लाख निवेश पर सात सौ तेरह रुपए मात्र प्रति माह पेंशन मिलेगा। इन नेताओं ने कहा कि अगर सरकार हमारी मांगों पर विचार नहीं करेगी तो रेल का चक्का जाम किया जाएगा।

इस धरना के मौके पर ए आई आर एफ के वर्किंग कमेटी सदस्य वीरेंद्र प्रसाद यादव केंद्रीय ईस्टर्न रेलवे यूनियन की उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव केंद्रीय परिषद सदस्य ओमप्रकाश शाह जमालपुर शाखा के सचिव अमित अनिल कुमार यादव मंजू देवी मधु देवी नूतन देवी पूनम देवी प्रीति देवी सुजाता देवी रणजीत कुमार आदि रेल के दर्जनों कर्मियों ने इस धारणा में भाग लिया।

25 लोगों को मिला ग्लोबल इंडिया स्टार्स अवार्ड 2024

पटना, इंवेट मैनेजमेंट कपनी नरूलाज एंड कंपनी ने अलग-अलग क्षेत्र मे उल्लेखनीय योगदान देने के लिये 25 लोगो को ग्लोबल इंडिया स्टार्स अवार्ड 2024 से सम्मानित किया। नरूलाज एंड कंपनी की डायरेक्टर ग्लोबल इंडिया स्टार्स अवार्ड 2024 की आयोजक डॉ. शिखा नरूला ने बताया कि सम्मानित लोगों में मयंक श्रीवास्तव (बेस्ट इंसपीरेशन, स्पेशल चाइल्ड), राकेश कुमार (आरएवी रियल स्टेट बेस्ट ग्रुप ऑफ कंपनी),नन्हे कुमार (डायरेक्टर हेल्थ प्लानेट हास्पिटल) ,तुनिर कुमार (बेस्ट पीआर एंड हास्पिलीटी), डॉ पंकज मिश्रा (बेस्ट कॉर्डियोलाजिस्ट),शिरीन साहिन (बेस्ट डाइटिशियन),पुष्पा तिवारी (समाजसेविका), शिल्पी राज बेस्ट (ग्रुमर ,यूटयूबर),प्रेम कुमार (बेस्ट जर्नलिस्ट), रंजीत लाल भाई (बेस्ट फोटोग्राफर-सिनेमाटोग्राफर), कोमल (बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट), सुहानी कुमारी (बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट), कुमारी रूपा (बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट), श्रेया राज (बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट्), अनन्या स्वीकृति (बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट), प्रेम ब्रजवासी (बेस्ट फोटोग्राफर) ,निलभ कुमार मिश्रा (बेस्ट ग्रुमर) एवं अन्य शामिल हैं।

प्रधानमंत्री का सपना, गांव के अंतिम लोगों तक योजना का लाभ है पहुंचाना : पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर)। गुरुवार को तारापुर प्रखंड के अंतर्गत पड़ने वाले खैरा पंचायत के मुश्कीपुर गांव स्थित मध्य विद्यालय के प्रांगण में मुखिया ललिता भारती की अध्यक्षता में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत आमसभा का आयोजन किया गया । गौरतलब है कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जमुई जिला भाजपा के प्रभारी पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष रविंद्र सिंह उर्फ कल्लू थे । कार्यक्रम में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में जन उपयोगी योजनाओं का पूरी तरह से जमीन पर उतारने एवं क्रियान्वित करने को लेकर आम सभा में आए लोगों के बीच जानकारी देकर उन्हें अवगत कराया गया। आमसभा में मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि भारत सरकार ने 11 करोड़ से अधिक किसानों को अब तक 26 लाख करोड़ की सहायता राशि, 4 करोड़ पक्के घरों का निर्माण, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ लोगों के बीच गैस कनेक्शन से लेकर अब तक 13.5 करोड़ से अधिक नल जल कनेक्शन दिया है । इन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री का सपना रहा है गांव के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का पूरी तरह से लाभ पहुंचाना उनका मुख्य मकसद रहा है। प्रधानमंत्री स्वयं कहते हैं हमारा संकल्प विकसित भारत का है ,आज देश और दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। विश्व गुरु बनने के रास्ते पर अग्रसर है । आमसभा में पंचायत क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए लोगों को जागरूक करने को लेकर कई अलग-अलग कृषि स्टॉल चिकित्सा स्टॉल लगाए गए थे जिस पर बैठे पदाधिकारी ने लोगों को कई लाभकारी योजनाओं का मूल मंत्र दिया । इस दौरान मुंगेर कृषि विज्ञान केंद्र से आए वैज्ञानिकों ने मधुमक्खी पालन चाय की खेती अनानास की खेती पत्ता गोभी की खेती करके किसानों की आमदनी दोगुनी करने पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सह खगड़िया जिला भाजपा के प्रभारी कुमार प्रणय भाजपा प्रखंड अध्यक्ष शंभू चौधरी जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्यूटी विश्वास मनोज यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

जनशताब्दी समारोह तैयारी को लेकर बैठक हुई सम्पन्न: सांसद

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर) । जदयू पार्टी कार्यालय प्रांगण में बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के निदेर्शानुसार आगामी 24 जनवरी 2024 को आयोजित जननायक कपूर्री ठाकुर जनशताब्दी समारोह का वेटरनरी कॉलेज परिसर पटना में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने की तैयारी हेतु कार्यकताओं के साथ एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत जदयू जिला अध्यक्ष त्रिपुरारी कुमार भारती की अध्यक्षता में संचालन अति पिछड़ा जिला अध्यक्ष अखिलेश सिंह निषाद ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि भागलपुर सांसद अजय कुमार मंडल, प्रमंडलीय प्रभारी प्रहलाद सरकार, जिला संगठन प्रभारी सूरज प्रकाश राय एवं शिव प्रसाद गरोदिया मौजूद रहे थे। बैठक के क्रम में कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर भागलपुर के सांसद अजय मंडल ने कहा है कि संगठन जिला नवगछिया से लगभग 5 हजार कार्यकर्ता पटना वेटरनरी कॉलेज में हिस्सा लेने को रवाना होंगे, इसके लिए क्षेत्र में कार्यकताओं व सदस्यों की संख्या पर जोड़ देने का भी काम करेंगे। इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए मेरी जहां भी जरूरत होगी हम आप सभी कार्यकताओं के साथ खड़े हैं। वही प्रमंडलीय प्रभारी प्रहलाद सरकार ने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर के सपनों को साकार करने वाले एकमात्र नीतीश कुमार नेता है। उन्होंने अति पिछड़ा समाज के उत्थ

वाइस कैप्टन वंदना कटारिया हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर 2024 से बाहर

प्रैक्टिस करते हुए चोटिल हुईं, 13 जनवरी से रांची में टूर्नामेंट

रांची (एजेंसी)। भारतीय महिला हॉकी टीम की वाइस कैप्टन वंदना कटारिया चोटिल हो गई हैं। वह 13 जनवरी से रांची में शुरू होने वाले महिला हॉकी ओलिंपिक एशियन क्वालीफायर नहीं खेल पाएंगी। उनकी जगह निक्की प्रधान को टीम की वाइस कैप्टन नियुक्त किया गया। जबकि बलजीत कौर को स्क्वॉड में शामिल कर लिया गया।

ओलिंपिक एशियन क्वालिफायर 13 से 19 जनवरी के बीच रांची में खेला जाना है। भारतीय टीम टूर्नामेंट के पहले दिन अमेरिका के खिलाफ मैच से अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

प्रैक्टिस के दौरान हो गई चोटिल- वंदना को प्रैक्टिस के दौरान चोट लग गई। उनके गाल की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया। जिसकी वजह से उन्हें डॉक्टरों ने आराम की सलाह दी है। वहीं भारतीय टीम की मुख्य कोच यानेक शोपमैन ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वंदना टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं बन पाएंगी। अभ्यास सत्र के दौरान वह चोटिल हो गईं और उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है। हमें जहां वंदना के अनुभव की कमी खलेगी वहीं बलजीत कौर को उनकी जगह अपना कौशल दिखाने का मौका मिलेगा। अब निक्की प्रधान टीम की उप कप्तान होगी।वंदना कटारिया प्रैक्टिस सेशन में चोटिल होने के कारण ओलिंपिक एशियन क्वालिफायर नहीं खेल पाएंगी।

भारतीय टीम को पूल बी में रखा

भारतीय टीम को पूल बी में रखा गया है। टीम का पहला मैच 13 जनवरी को अमेरिका से होना है। टीम अपना दूसरा मैच 14 जनवरी को न्यूजीलैंड से खेलेगी और 16 जनवरी को इटली से तीसरा मुकाबला होगा। नॉकआउट स्टेज के मैच 18 और 19 जनवरी को खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली अन्य टीमों में जर्मनी, एशियाई खेलों की चैंपियन जापान, चिली और चेक गणराज्य हैं। इन्हें पूल-ए में रखा गया है। भारतीय टीम बुधवार को रांची पहुंची।

सचिन और युवराज की टीमें फ्रेंडली मुकाबले में भिड़ेंगी

मुद्देनहल्ली (एजेंसी)। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर और युवराज सिंह के नेतृत्व में सात देशों के खिलाड़ी कर्नाटक के चिककबल्लापुर में 18 जनवरी को मुद्देनहल्ली के सत्य साई ग्राम में आयोजित किए जा रहे 'वन वर्ल्ड वन फेमिली कप' मैत्री मुकाबले में भिड़ेंगे। श्री मधुसूदन साई वैश्विक लोकोपकारी सेवा अभियान द्वारा साई कृष्णन क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित इस मैत्री-क्रिकेट मुकाबले में भारत रत्न से सम्मानित मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर और पद्मश्री से सम्मानित युवराज सिंह के नेतृत्व वाली टीमें मुकाबला करेंगी। इस अवसर मुख्य अतिथि केंद्रीय संसदीय कार्य तथा कोयला एवं खान मंत्री प्रह्लाद जोशी स्टेडियम का लोकार्पण करेंगे।

पांच पंखुड़ियों के आकार वाले इस खेल-मैदान की चार दर्शक दीर्घाओं की कुल क्षमता 3,500 दर्शकों की है। इस 'वन वर्ल्ड वन फेमिली कप' में सात देशों के अनेक रिकार्ड होल्डर खिलाड़ी हरभजन सिंह, मुथैया मुरलीधरन, इरफान पठान, चमिंडा वास, तेज गेंदबाज आर पी सिंह, बाएँ हाथ के स्पिन गेंदबाज मोंटी पनेसर, डेन्नी मॉरीसन, वेंकटेश प्रसाद आदि खिलाड़ी भाग लेंगे। भारत के लिए 34 शतक लगाने वाले भूतपूर्व भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी डॉ सुनील गावस्कर आज भी बैटिंग कर रहे हैं, लेकिन एक अलग मैदान में, श्री मधुसूदन साई वैश्विक लोकोपकारी सेवा अभियान के माध्यम से अभावग्रस्तों की सेवा करके, और इसे वे 'अपने जीवन की तीसरी तथा सर्वश्रेष्ठ पारी' कहते हैं। सुनील गावस्कर कहते हैं, 'क्रिकेट मात्र एक खेल से अधिक है, यह एक शक्तिशाली मंच है जो जीवन के हर क्षेत्र के लोगों को एकजुट करता है। इन वर्षों के दौरान मैं लोगों को एकजुट करने तथा समाज पर सकारात्मक प्रभाव निर्मित करने की खेलों की अपार शक्ति का प्रत्यक्षदर्शी रहा हूँ।

हेटमायर वेस्टइंडीज टीम से बाहर

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए व्हाइट बॉल स्क्वॉड घोषित, होल्डर-मेयर्स की टी-20 में वापसी

नईदिल्ली (एजेंसी)। लेफ्ट हैंड के विस्फोटक बैटर शिमरोन हेटमायर को वेस्टइंडीज के वनडे और टी-20 स्क्वॉड में जगह नहीं मिली है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने गुरुवार सुबह ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए व्हाइट बॉल स्क्वॉड घोषित किया। पूर्व कप्तान जेसन होल्डर और ऑलराउंडर काइल मेयर्स ने टी-20 टीम में वापसी की है।

कई नए खिलाड़ियों को भी स्क्वॉड में शामिल कर लिया गया। ऑस्ट्रेलिया में वेस्टइंडीज तीनों फॉर्मेट की सीरीज खेलने जा रही है। 17 जनवरी से टेस्ट सीरीज शुरू होगी, वहीं फरवरी में वनडे और टी-20 सीरीज खेली जाएगी।

टेस्ट नहीं खेलेंगे जेसन होल्डर- वेस्टइंडीज के ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरुआत टेस्ट से होगी। दोनों टीमों के बीच 17 जनवरी को एडिलेड में पहला मुकाबला खेला जाएगा। वेस्टइंडीज की टेस्ट टीम ऑस्ट्रेलिया पहुंच चुकी है और इस समय क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इलेवन के खिलाफ वॉर्म-अप मैच खेल रही है।

टेस्ट स्क्वॉड में जेसन होल्डर शामिल नहीं किए गए। उन्होंने खुद को टेस्ट दौरे के लिए अवेलेबल नहीं किया क्योंकि उनका फ्रेंचाइजी टीमों से कॉन्ट्रैक्ट है। टेस्ट टीम की कप्तानी क्रैग ब्रेथवेट करेंगे। वहीं टीम में अल्जारी जोसेफ, टेविन इमलाक, गुडाकेश मोटी और एलिक एथनाज ही 4 प्लेयर्स हैं, जो लिमिटेड ओवर्स की सीरीज भी खेलेंगे।

वनडे टीम की कप्तानी करेंगे होप- विकेटकीपर बैटर शाई होप ऑस्ट्रेलिया में वेस्टइंडीज की वनडे टीम की कमान संभालेंगे। टीम में अनकैप्ड टेडी बिशप और टेविन इमलाक भी शामिल हैं, जिन्हें डेब्यू का मौका मिल सकता है। वहीं ऑलरआउंडर जस्टिन ग्रीव्स और केवम हॉज समेत लेग स्पिनर हेडन वॉल्श जूनियर ने भी वनडे टीम में वापसी की है।

मेयर्स-होल्डर वनडे सीरीज से भी बाहर

काइल मेयर्स और जेसन होल्डर ने फ्रेंचाइजी लीग के लिए टेस्ट टीम में इंटरेस्ट नहीं दिखाया। दोनों प्लेयर्स को टेस्ट के साथ वनडे टीम में भी जगह नहीं मिली। टी-20 टीम के ब्रैंडन किंग और शेरफन रदरफोर्ड को भी सीरीज से पहले फ्रेंचाइजी टीमों में शामिल होने की परमिशन मिल गई।

इंग्लैंड के खिलाफ खराब फॉर्म के कारण बाहर हुए हेटमायर

शिमरोन हेटमायर पिछले दिनों इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में टीम का हिस्सा थे। तब वे 3 वनडे में 32, 0 और 12 रन बना सके थे, वहीं 2 टी-20 में उनके बैट से कुल 3 रन ही निकले थे। वह सीरीज के 3 टी-20 में बेंच पर बैठे थे। खराब फॉर्म के कारण उन्हें अब ऑस्ट्रेलिया दौरे की टीम में भी जगह नहीं मिली।

फरवरी में होगी सीरीज

वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट 17 जनवरी और दूसरा टेस्ट 25 जनवरी से खेला जाएगा। वनडे सीरीज फरवरी में शुरू होगी। मुकाबले 2, 4 और 6 फरवरी को खेले जाएंगे। इसके ठीक बाद टी-20 सीरीज के 3 मुकाबले 9, 11 और 13 फरवरी को होंगे।

वेस्टइंडीज का स्क्वॉड

वनडे- शाई होप (कप्तान), अल्जारी जोसेफ, एलिक एथनाज, टेडी बिशप, कीसी कार्टी, रोस्टन चेज, मैथ्यू फोर्ड, जस्टिन ग्रीव्स, केवम हॉज, टेविन इमलाक, गुडाकेश मोटी, केयोर्न ओटले, रोमारियो शेफर्ड, ओशेन थॉमस, हेडन वॉल्श जूनियर।

टी-20- रोवमन पॉवेल (कप्तान), शाई होप, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, जेसन होल्डर, अकील होसेन, अल्जारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, काइल मेयर्स, गुडाकेश मोटी, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड, ओशेन थॉमस।

19 ट्राई सीरीज का फाइनल रद्द

साउथ अफ्रीका-भारत ने शेयर की ट्रॉफी, बारिश के कारण टॉस तक नहीं हो सका

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच अंडर-19 ट्राई सीरीज का फाइनल मैच रद्द हो गया। बुधवार को ओल्ड एडवर्डियन्स क्रिकेट क्लब ग्राउंड पर दिनभर बारिश हुई। जिस कारण टॉस तक नहीं हो सका। फाइनल बेनतीजा होने के कारण दोनों टीमों ने ट्रॉफी शेयर की।

मुकाबले के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ट्रॉफी सेरेमनी के फोटोज शेयर किए। मैच रेफरी ने मुकाबला शुरू करने के लिए कट ऑफ टाइम तक का इंतजार किया। लेकिन, बारिश नहीं रुकने की वजह से अंत में मैच को रद्द करने का फैसला किया गया।

लीग स्टेज में टीम इंडिया ने सभी मैच जीते

भारत की अंडर-19 क्रिकेट टीम ने लीग स्टेज में एक भी मैच नहीं गंवाया। टीम ने लीग स्टेज के दौरान सभी मुकाबलों को एकतरफा अंदाज में जीता। भारत ने पहले मैच में अफगानिस्तान को 6 विकेट से हराया। दूसरा मैच में भारत ने साउथ अफ्रीका को 6 विकेट से, तीसरे में अफगानिस्तान को 9 विकेट से और चौथे में फिर साउथ अफ्रीका को 6 विकेट से हराया। टीम 8 पॉइंट्स के साथ ग्रुप स्टेज में टॉप पर रही और ट्रॉफी जीतने की प्रबल दावेदार थी। लेकिन बारिश ने टीम इंडिया का सपना पूरा नहीं होने दिया। ट्रॉफी के साथ भारत और साउथ अफ्रीका की टीम। भारतीय टीम ने लीग स्टेज के दौरान दो बार साउथ अफ्रीका को हराया था।

टीम इंडिया की नजरें अंडर-19 वर्ल्ड कप पर

टीम इंडिया की नजरें अब अंडर-19 वर्ल्ड कप का खिताब जीतने पर। भारत ने अब तक कुल 5 बार अंडर-19 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया है। टीम शनिवार को प्रीटोरिया में अंडर-19 वर्ल्ड कप के वॉर्म-अप मैच में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। श्रीलंका के खिलाफ टीम 17 जनवरी को दूसरा वॉर्म-अप मैच खेलेगी। अंडर-19 वर्ल्ड कप में लीग स्टेज के मुकाबले 19 जनवरी से शुरू होंगे। भारत अपना पहला मैच बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा।

रेप केस में संदीप लामिछाने को 8 साल की जेल

काठमांडू डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने सुनाया फैसला, सितंबर 2022 में दर्ज हुआ था मामला

काठमांडू (एजेंसी)। नेपाल क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान संदीप लामिछाने को रेप का दोषी पाए जाने के बाद काठमांडू डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने आठ साल की सजा सुनाई है। रिपोर्ट के मुताबिक, शिशिर राज ढकाल की बेंच ने सुनवाई के बाद मुआवजे और जुर्माने के साथ 8 साल की कैद का फैसला सुनाया।

बेंच ने 3 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया और क्रिकेटर को पीड़िता को 2 लाख रुपए का मुआवजा देने का आदेश दिया। इसकी पुष्टि अदालत के अधिकारी रामू शर्मा ने की है।

उन्हें दिसंबर 2023 में काठमांडू डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने रेप का दोषी करार दिया था। कोर्ट ने ये भी बताया कि क्राइम के समय पीड़िता माइनर नहीं थी। उसकी उम्र 18 साल से ज्यादा थी। पहले माना जा रहा था कि लड़की की उम्र 17 साल है। जज सुधीर राज धाकल ने सिंगल जज बेंच की सुनवाई में लामिछाने पर लगे सभी आरोपों को सही पाया था।

सितंबर 2022 में हुआ था केस

संदीप लामिछाने पर सितंबर 2022 में रेप का केस हुआ था। वेस्टइंडीज में कैरेबियन प्रीमियर लीग के दौरान उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ। जैसे ही संदीप नेपाल पहुंचे, उन्हें काठमांडू पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। निचली अदालत ने उन्हें पुलिस हिरासत में रखकर पूछताछ करने के लिए कहा लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने हिरासत में रखने के फैसले को पलट दिया। सुनवाई के दौरान लामिछाने जमानत लेकर नेपाल के लिए क्रिकेट खेलते रहे।

स्कॉटलैंड के खिलाड़ियों ने नहीं मिलाया था हाथ

आरोपों के बावजूद नेपाल क्रिकेट एसोसिएशन ने संदीप लामिछाने को इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने की परमिशन दी। हालांकि उनसे टीम की कप्तानी छीन ली गई थी। फरवरी 2023 में स्कॉटलैंड-नेपाल के बीच मैच के बाद स्कॉटलैंड के खिलाड़ियों ने लामिछाने से हाथ नहीं मिलाया। खिलाड़ियों ने कहा था कि रेप के दोषी खिलाड़ी से उनकी टीम हाथ नहीं मिलाएगी।

भारतीय उपमहाद्वीप में सोनी पर जारी रहेगा एफसी का एक्सक्लूसिव प्रसारण

मुंबई (एजेंसी)। अग्रणी खेल प्रसारक-सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएनआई) भारत सहित अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका में अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप (यूएफसी) का एक्सक्लूसिव प्रसारण जारी रखेगा।

एसपीएनआई ने भारतीय उपमहाद्वीप में यूएफसी के प्रसारण को लेकर प्रसारण अधिकार में 5 साल का विस्तार हासिल कर लिया है। नए समझौते की शर्तों में 2028 तक यूएफसी इवेंट्स के एक वाइड रेंज के लिए एक्सक्लूसिव टेलीविजन और डिजिटल मीडिया अधिकार शामिल हैं।

दुनिया भर में मिश्रित मार्शल आर्ट (एमएमए) का प्रमुख प्रमोशन-यूएफसी बड़े पैमाने पर वैश्विक दर्शकों की जरूरतों को पूरा करता है। यूएफसी प्रतिभाशाली फाइटर्स के साथ-साथ अपने टॉप क्लास के फाइट्स के लिए प्रसिद्ध है और यह दुनिया भर के फाइटर्स के लिए अपने एमएमए स्किल को दिखाने का सबसे बड़ा मंच है।

यूएफसी में दुनिया के कई महानतम फाइटर शामिल हैं जिसमें इजराइल अदेसान्या, लियोन एडवर्ड्स, जॉन जोन्स, इस्लाम माखचेव, सीन ओ मैली, एलेक्स परेरा और अलेक्जेंडर वोल्कानोव्स्की प्रमुख रूप से शामिल हैं। यूएफसी में कुछ बेहतरीन उभरते हुए फाइटर्स यूरेशिया से आ रहे हैं, जहां इस खेल का फैन बेस तेजी से बढ़ रहा है।

इसके अलावा यूएफसी रोस्टर में एशिया की सर्वश्रेष्ठ एमएमए प्रासपेक्ट्स के लिए आयोजित टूर्नामेंट-रोड टू यूएफसी जीतकर यूएफसी कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने वाले भारत के पहले फाइटर अंशुल जुबली और भारत में जन्मी पहली महिला फाइटर पूजा तोमर के यूएफसी रोस्टर में शामिल होने के साथ भारतीय उपमहाद्वीप में इस खेल के आगे बढ़ने के लिए इससे बेहतर कोई और विकल्प नहीं था।

पेरिस ओलिंपिक के लिए रिकॉर्ड 16 भारतीय शूटर्स क्वलिफाई

रिदम को एशियन क्वालिफायर में ब्रॉन्ज मेडल, टोक्यो में 15 शूटर्स खेले थे

जकार्ता (एजेंसी)। रिदम सांगवान ने भारत को शूटिंग में ओलिंपिक का 16वां कोटा दिलाया। शूटिंग में भारत से अब तक इतने ज्यादा प्लेयर्स ने कभी क्वालिफाई नहीं किया था। इससे पहले 2020 के टोक्यो ओलिंपिक में 15 शूटर्स ने हिस्सा लिया था।

गुरुवार को एशियन ओलिंपिक क्वालिफायर में रिदम सांगवान ने 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल जीता। गेम्स इस साल जुलाई के दौरान फ्रांस के पेरिस में होंगे।

रिदम ने फाइनल में 28 का स्कोर किया- रिदम ने एशियन ओलिंपिक क्वालिफायर के 25 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में 28 का स्कोर किया। चीन की यांग जिन ने 41 अंकों के साथ गोल्ड और कोरिया की किम येजी ने 32 अंकों के साथ सिल्वर मेडल जीता।

रिदम का चैंपियनशिप में दूसरा मेडल- रिदम एशियन गेम्स में 25 मीटर एयर पिस्टल में गोल्ड जीतने वाली टीम की सदस्य थीं। उनके अलावा इस टीम में ईशा सिंह और टोक्यो ओलिंपिक में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकीं मनु भाकर भी शामिल थीं।

रिदम का यह दूसरा ब्रॉन्ज मेडल है। इससे पहले उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। जबकि भारत की ही ईशा सिंह ने गोल्ड जीतकर ओलिंपिक कोटा हासिल किया था। वहीं पाकिस्तान की किशमाला तलत ने सिल्वर मेडल हासिल कर लिया था।

एशियन क्वलिफायर में भारत का तीसरा कोटा- जकार्ता में चल रहे एशियन ओलिंपिक क्वालिफायर में भारत का यह तीसरा कोटा है। इससे पहले ईशा सिंह और वरुण तोमर ने सोमवार को 10 मीटर एयर पिस्टल महिला और पुरुष कैटेगरी में ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई किया। दोनों ने अपनी-अपनी कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता।

सबसे ज्यादा कोटे शूटर्स ने हासिल किए- भारत जुलाई में होने जा रहे पेरिस ओलिंपिक के लिए 32 कोटे हासिल कर चुका है। इनमें सबसे ज्यादा 16 शूटर्स ने दिलाए हैं। भारत को एथलेटिक्स से 9, बॉक्सिंग से 4, हॉकी, तीरंदाजी और कुश्ती से एक-एक ओलिंपिक कोटा मिला है।

8 ओलिंपिक टिकट राइफल शूटर्स ने दिलाए- अब तक भारत को शूटिंग से 16 ओलिंपिक कोटे मिले। इनमें राइफल में 8, पिस्टल में 6 और शॉटगन में 2 ओलिंपिक प्लेस शामिल हैं। रिदम से पहले वरुण, ईशा और सरबजोत सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल, मनु भाकर ने 25 मीटर पिस्टल और अनीश भानवाल ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में ओलिंपिक कोटा हासिल किया।

संक्षिप्त समाचार

मॉडल के शव की जानकारी देने पर मिलेगा 50 हजार इनाम

नई दिल्ली , एजेंसी। मॉडल दिव्या पाहुजा के मर्डर के आठ दिन बाद भी गुरुग्राम पुलिस उसके शव को नहीं ढूंढ पाई है। पुलिस ने बुधवार को शव के बारे में जानकारी साझा करने और फरार आरोपियों के बारे में बताने वालों को पचास-पचास हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। बता दें कि, गैंगस्टर संदीप गाडोली की गर्लफ्रेंड दिव्या पाहुजा पर गुरुग्राम पुलिस के साथ मिलकर 2016 में उसकी हत्या की योजना बनाने का आरोप था। वहीं, दो जनवरी को बस स्टैंड के पास स्थित होटल सिटी पॉइंट में होटल मालिक अभिजीत ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या के आठ दिन बाद भी अभी तक दिव्या पाहुजा शव को पुलिस नहीं ढूंढ पाई है। दूसरी ओर, बलराज गिल और रवि बग्गा का भी पुलिस पता नहीं लगा पाई है। जिन पर दिव्या के शव को बीएमडब्ल्यू कार में लेकर जाने का आरोप है। पुलिस को 4 जनवरी पटियाला बस स्टैंड पर एक बीएमडब्ल्यू कार खड़ी मिली थी। वहीं, पुलिस ने बलराज और रवि पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया है। बलराज और रवि मुख्य आरोपी होटल मालिक अभिजीत ने शव को ठिकाने लगाने का काम सौंपा था और इस काम के लिए उन्हें 10 लाख रुपये नकद देने की बात सामने आई है। मुख्य आरोपी कई बार बदल रहा बयान : पुलिस के मुताबिक मुख्य आरोपी अभिजीत पुलिस हिरासत में लगातार अपना बयान बार-बार बदल रहा है। वहीं, दिव्या परिवार पहले ही सीबीआई जांच की मांग कर चुका है और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहा है। वहीं पुलिस का कहना है कि दिव्या अपने मोबाइल में बनाए गए कुछ आपत्तिजनक वीडियो और फोटो को सार्वजनिक करने की धमकी देकर अभिजीत से पैसे ऐंठने की कोशिश कर रही थी। डीसीपी अपराध विजय प्रताप सिंह ने कहा कि दो आरोपियों पर इनाम की घोषणा की गई है जो अभी भी फरार हैं और शव के बारे में जानकारी साझा करने के लिए इनाम की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि मृतक के शव का पता लगाने के लिए टीम तलाशी अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि जो कोई भी शव के बारे में जानकारी साझा करेगा उसे 50,000 रुपये का इनाम मिलेगा।

बेघर मरीजों के लिए दिल्ली एम्स ने किया अच्छा काम, सर्दी से बचाने शुरू होगी सुविधा

नई दिल्ली , एजेंसी। दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में पांच विश्राम सदन में कुल 1500 मरीजों के रुकने की क्षमता है। यहां आने वाले मरीजों को बिस्तरों की सही सूचना नहीं मिलने से 50 फीसदी बिस्तर खाली रहते हैं। एम्स के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास ने बताया कि अब मरीजों की सुविधा के लिए कई स्थानों पर डैशबोर्ड लगाए जाएंगे, ताकि उन्हें खाली बिस्तरों के बारे में जानकारी मिल सके। दरअसल, एम्स के आसपास अंडरपास और खुले में रह रहे लोगों से एम्स की टीम ने बातचीत की। इस दौरान पता चला कि यहां कुछ लोग एम्स के मरीज हैं। इनमें से कुछ लोगों को फॉलोअप के लिए बाद में आना होता है। कई लोग वहां सामाजिक संस्थाओं द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले भोजन की वजह से रहते हैं। टीम ने पाया कि यहां रहने वाले बहुत से लोगों को जानकारी नहीं है कि एम्स के विश्राम सदन में बिस्तर कैसे प्राप्त कर सकते हैं। इसलिए अब यहां डैशबोर्ड लगाकर विश्राम सदन के बिस्तरों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही, विश्राम सदन के बारे में बताया भी जाएगा। इस संबंध में एम्स के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास ने अधिकारियों को आदेश दे दिए हैं। उन्होंने बताया कि इलाज करने वाले डॉक्टर या उनकी टीम के लिखने पर मरीजों को आसानी से विश्राम सदन दे दिया जाएगा। अभी एम्स के पांच विश्राम सदन में 1500 बिस्तर हैं। इनमें से साईं सदन धर्मशाला के अंदर 100 बिस्तर, पावर ग्रिड विश्राम सदन में 281, आश्रय शेल्टर में 180, इंफोसिस विश्राम सदन के अंदर 806 और राजग्रिया विश्राम सदन में 149 बिस्तर मौजूद हैं।

सूरजकुंड मेला का आगाज 2 फरवरी से

नई दिल्ली , एजेंसी। फरीदाबाद के सूरजकुंड में 2 फरवरी से 18 फरवरी तक आयोजित होने वाले 37वें अंतरराष्ट्रीय हस्तशल्पि मेले का उद्घाटन इस बार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन जाकर मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें मेले के उद्घाटन के लिए निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि राष्ट्रपति ने निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। वह मेले का उद्घाटन करने के लिए 2 फरवरी को सूरजकुंड में आएंगी। 37 वर्षों में यह चौथा मौका होगा, जब राष्ट्रपति इस मेले का उद्घाटन करेंगी। इससे पहले राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल, राष्ट्रपति डॉ. प्रणब मुखर्जी, राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने तब मेले का उद्घाटन किया था। वर्ष 2007 में हरियाणा की तत्कालीन पर्यटन मंत्री किरण चौधरी और पर्यटन निगम की पूर्व एमडी डॉ. केशनी आनंद ने इस मेले का आयोजन अंतरराष्ट्रीय स्तर का करना शुरू किया तो मेले में पहली बार सार्क देशों के हस्तशल्पियों और लोक कलाकारों को बुलाया गया तो प्रसिद्धि के लिए मेले का उद्घाटन भी देश की बड़ी हस्तियों से करवाना शुरू किया गया। वर्ष 2007 में यूपीए की अध्यक्षा सोनिया गांधी ने इस मेले का उद्घाटन किया। इसके बाद से मेले का आयोजन प्रतिवर्ष बड़ा होता गया और विदेशी की भागीदारी भी बढ़ने लगी परिणामत वर्ष 2013 में इस मेले को अंतरराष्ट्रीय मेले का दर्जा मिला। बीते 16 वर्षों में तीन बार राष्ट्रपति, दो बार उपराष्ट्रपति, एक बार लोकसभा अध्यक्ष, चार बार केंद्रीय मंत्री और अन्य वर्षों में विभिन्न मुख्यमंत्रियों ने मेले का उद्घाटन किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू वर्ष 2017 के अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले के समापन समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि झारखंड की राज्यपाल के रूप में शामिल हो चुकी हैं। वर्ष 2017 में मेले का थीम स्टेट झारखंड था। इस बार गुजरात है।

नोएडा में 25 जगहों पर देनी होगी पार्किंग फीस

नोएडा , एजेंसी। वाहन मालिकों के लिए बुरी खबर है। नोएडा में अब करीब 25 स्थानों पर पार्किंग शुल्क देना होगा। नोएडा प्राधिकरण ने अलग-अलग दो क्लस्टर में फिर से पार्किंग शुरू करने के लिए कंपनियों का चयन किया है। अब कंपनियों को पत्र जारी किए जा रहे हैं। संभावना है कि ये कंपनियां एक फरवरी से अपने क्षेत्र में पार्किंग शुल्क वसूलना शुरू करेंगी। पार्किंग शुरू करने के लिए नोएडा प्राधिकरण करीब एक साल से प्रयास कर रहा है। इसके लिए कई बार टेंडर जारी किए गए, लेकिन कंपनियों का चयन नहीं हो सका। प्राधिकरण ने पिछले महीने दिसंबर में भी पार्किंग के लिए टेंडर जारी किए। ये टेंडर क्लस्टर-1,2,3,4,5,6,7 और 8 के लिए जारी किए गए। प्राधिकरण ने पूरे शहर के पार्किंग सिस्टम को इन्हीं क्लस्टर में बांट रखा है। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि दिसंबर में जारी किए गए टेंडर के तहत क्लस्टर नंबर-1 और 8 के लिए कंपनी का चयन कर लिया गया है। क्लस्टर-1 में पार्किंग चलाने का जिम्मा एमजी इंफ्रा और क्लस्टर-8 के लिए आयुष कंपनी को दिया गया। संबंधित कंपनियों को प्राधिकरण की तरफ से पत्र जारी किए जा रहे हैं। प्राधिकरण के अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि पहले चरण में इन दोनों क्लस्टर में अगले 15-20 दिन में पार्किंग शुल्क लगना शुरू हो जाएगा। पार्किंग शुल्क के बारे में अधिकारियों का कहना है कि वो पहले जैसे ही रहेंगे। लेकिन फिर भी नए सिरे से आकलन को लेकर कुछ दिनों में निर्णय ले लिया जाएगा।बाकी चरण में भी पार्किंग शुरू की जाएगी : अब क्लस्टर-3, 4, 5, 6 के तहत पार्किंग शुरू होनी है।

मंत्री के करीबी हैं...जब डीएम से मिलने पहुंचे तीन जालसाज; एक कॉल से खुली पोल

नई दिल्ली , एजेंसी।
गाजियाबाद में बेसिक शिक्षा मंत्री के करीबी बनकर तीन लोग मंगलवार को फैक्टरी संचालक को टेंडर दिलवाने डीएम के पास पहुंच गए। जालसाजों की बात सुनकर डीएम ने मंत्री को सीधे फोन मिलाया तो आरोपियों की पोल खुल गई। इसके बाद डीएम ने तीनों को अपने कार्यालय के बाहर से ही पकड़वा दिया। कविनगर पुलिस ने बुधवार को फैक्टरी संचालक की शिकायत पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

संजयनगर सेक्टर-23 में रहने वाले संतोष कुमार सिंह की मसूरी क्षेत्र में इंटरलॉकिंग टाइल्स बनाने की फैक्टरी है। उन्होंने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि नौ जनवरी को जौनपुर के गांव जनौर निवासी कुंवर ज्योतिरादित्य उनके पास आया और खुद को उनके एक रिश्तेदार का जानकार बताया। उसके साथ थाना ग्वाल, कानपुर के ग्लास टोली निवासी सूरज वर्मा और गौर सिटी-दो ग्रेटर नोएडा के 14 एवेन्यू टावर निवासी दिनेश कुमार मौर्या भी थे।

दिनेश कुमार मौर्या मूलरूप से कानपुर के सिविल लाइन इलाके का रहने वाला है। संतोष कुमार सिंह के मुताबिक तीनों ने उनसे कहा कि वह बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के करीबी हैं। गाजियाबाद के जिलाधिकारी और अन्य उच्चाधिकारियों से उनके निजी संबंध हैं। तीनों ने व्यापारिक टेंडर दिलवाने का आश्वासन दिया और इसके बदले में कुछ पैसा खर्च होने की बात कही। जिलाधिकारी आरके सिंह ने तीनों को बाहर भेजकर

सीधे बेसिक शिक्षा मंत्री को फोन मिला दिया और सारे घटनाक्रम से अवगत कराया। इस पर मंत्री ने किसी व्यक्ति को न भेजने और इस तरह की कोई सिफारिश न करने की बात कही। इस पर जिलाधिकारी ने कर्मचारियों को बोलकर तीनों आरोपियों को अपने दफ्तर के बाहर ही पकड़वा लिया और कविनगर पुलिस के हवाले कर दिया।

बताया जा रहा है कि ज्योतिरादित्य ने खुद को बेसिक शिक्षा मंत्री का करीबी बताकर जिलाधिकारी को फोन किया। उसने कहा कि मंत्रीजी ने आपसे मिलने के लिए भेजा है। इस पर जिलाधिकारी ने शाम पांच बजे आने के लिए बोल दिया। इसके बाद ज्योतिरादित्य, सूरज वर्मा और दिनेश कुमार मौर्या फैक्टरी संचालक संतोष कुमार सिंह को साथ लेकर जिलाधिकारी के पास पहुंच गए। वहां जाते ही तीनों ने जिलाधिकारी से फैक्टरी संचालक को सरकारी टेंडर देने के लिए कहा। साथ ही कहा कि इस काम के लिए बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा है। तीनों आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि वह इसी तरह मंत्रियों और अधिकारियों का करीबी बनकर लोगों को ठगने का काम करते हैं। इसी क्रम में तीनों लोग फैक्टरी संचालक को ठगने आए थे।

गुरुग्राम में 22 को अयोध्या से भी बड़ा कार्यक्रम, 3 लाख लोगों को दिया जाएगा निमंत्रण

नई दिल्ली , एजेंसी। यूपी के अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर हरियाणा के गुरुग्राम जिले में भारी उत्साह है। शहर में इस दिन कई स्थानों पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर कई संगठनों से जुड़े हजारों लोग तैयारियों में जुटे हुए हैं। इसको लेकर तीन लाख लोगों को इन कार्यक्रमों में शामिल होने का निमंत्रण दिया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और विश्व हिंदू परिषद (विहिप) मुख्य तौर पर जिले में कार्यक्रमों को भव्य रूप से मनाने के लिए तैयारियों में जुटे हैं। इसके लिए 300 टोलियां लोगों को घर-घर जाकर अक्षत देने के साथ आसपास होने वाले कार्यक्रम को लेकर निमत्रंण दे रही हैं। सभी को अवगत भी करवाया जा रहा है कि 431 सालों के संघर्ष के बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। 22 जनवरी के दिन को गुरुग्राम जिले में मंदिरों और आयोजन स्थलों को दिवाली की तरह सजाया जाएगा। श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए चली आंदोलन की बयार में अपना सर्वस्व दांव पर लगाने वाले कार सेवकों को हिंदू व सामाजिक संगठनों ने सम्मानित किया। कार सेवकों को अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की राह प्रशस्त करने वाली सेना के सदस्य बताकर उन्हें नमन किया। निर्माणाधीन राम मंदिर का सजीव चित्र भी विशेष तौर पर भेंट किया। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, आरएसएस व कई दूसरे सामाजिक संगठनों की गुरुग्राम जिले की टीम ने वर्ष 1990 में कार सेवा के लिए जाने वाले लोगों के प्रयासों को मान देने के लिए विशेष अयोजन किया। गुरु द्रोण की नगरी गुरुग्राम में सनातन हर्ष महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस महोत्सव में पुरा गुरुग्राम हर्ष और उल्लास के साथ अयोध्या में रामलला के विराजमान होने की खुशी व्यक्त करेगा।

दस प्रतिशत जमीन अधिग्रहण पर ही दे दिए सड़कों के ठेके, कर्नाटक की समीक्षा के दौरान गडकरी ने पकड़ी अनियमितता

नई दिल्ली , एजेंसी।
एक तरफ सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी सड़क परियोजनाओं के मामले में शून्य मुकदमेबाजी की बातें कर रहे हैं और दूसरी ओर उनके अफसरों ने कर्नाटक में 40 सड़क परियोजनाओं के ठेके आनन-फानन में दे दिए।

गडकरी ने सवाल-जवाब किया तो वे कोई जवाब भी नहीं दे सके। हैरानी की बात यह है कि इनमें से कई सड़क परियोजनाओं के लिए दस प्रतिशत जमीन का भी अधिग्रहण नहीं किया गया, जबकि सड़क निर्माण में ठेकेदारों के साथ मुकदमेबाजी अथवा आर्बिट्रेशन कम करने के लिए मंत्रालय 90 प्रतिशत तक जमीन के अधिग्रहण के बाद ही प्रोजेक्ट अवार्ड करने की नीति पर काम कर रहा है।

पिछले दिनों मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी ने भी इस नीतिगत परिवर्तन की बात कही थी। गडकरी ने डीपीआर बनाने वाले इंजीनियरों और सलाहकारों के साथ एक बैठक में सार्वजनिक रूप से अपनी नाराजगी भी जताई और यह इशारा भी किया कि अफसरों ने नेताओं को खुश करने के लिए प्रोजेक्टों के ठेके देने में जल्दबाजी दिखाई। गडकरी ने कहा कि कर्नाटक की समीक्षा के दौरान यह बात सामने आई। सड़क परियोजनाओं के लिए ठेके 10-15 प्रतिशत जमीन के अधिग्रहण के बाद ही दे दिए गए। अधिग्रहण 90 प्रतिशत तक होना चाहिए। अब सारे प्रोजेक्ट पचड़े में फंस गए हैं। हमें भुगतना पड़ेगा। हम पहले ही फंसे प्रोजेक्टों को निकालने में थक गए हैं, अब इनका भी सामना करना पड़ेगा। गडकरी ने उन अफसरों के नाम तो नहीं लिए, लेकिन यह जरूर कहा कि ये प्रोजेक्ट इसलिए अवार्ड किए गए ताकि मोबिलाइजेशन एडवांस मिल सके और जैसे मांगलिक कार्यों के लिए चढ़ावा देना पड़ता है, उसी तरह अफसरों और एमपी-एमएलए को कुछ दिया जा सके।

जमानत आदेश के बावजूद व्यवसायी की अवैध हिरासत सुप्रीम कोर्ट की घोर अवमानना, सूरत के न्यायिक मजिस्ट्रेट को पेश होने के आदेश

नई दिल्ली , एजेंसी।
सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के एक कारोबारी को अग्रिम जमानत दिए जाने के बावजूद उसे पुलिस हिरासत में रखने को घोर अवमानना करार देते हुए बुधवार को पुलिस के जांच अधिकारियों और सूरत के एक न्यायिक मजिस्ट्रेट को नोटिस जारी किए तथा उन्हें 29 जनवरी को व्यक्तिगत तौर पर अपने समक्ष पेश होने का आदेश दिया।

धोखाधड़ी के एक मामले में सूरत निवासी तुषारभाई रजनीकांतभाई शाह को अग्रिम जमानत की अनुमति देने वाली पीठ उस वक्त नाराज हो गई जब उसे अवगत कराया गया कि व्यवसायी को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था और कथित तौर पर 1.65 करोड़ रुपये की उगाही के लिए शिकायतकर्ता की मौजूदगी में उसे धमकी दी गई और पीटा गया। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा- ऐसा लगता है कि गुजरात अलग कानूनों का पालन करता है। यह दुनिया की हीरे की राजधानी में हो रहा है। यह पूरी तरह से हमारे आदेशों का उल्लंघन है। मजिस्ट्रेट और जांच अधिकारी हमारे सामने पेश हों और बताएं कि हिरासत आदेश कैसे पारित किए गए। हम पुलिस महानिदेशक को निर्देश देंगे कि अवमाननाकर्ताओं को साबरमती जेल या कहीं और भेजें। उन्हें 29 जनवरी को यहां पेश होने के लिए आने दें और एक

हलफनामे में हमें हिरासत के कारण बताएं। यह घोर अवमानना का मामला है। शाह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता इकबाल एच. सैयद और अधिवक्ता मोहम्मद असलम ने कहा कि उन्होंने 13 दिसंबर से 16 दिसंबर, 2023 तक सूरत के वेसु पुलिस थाने के सीसीटीवी फुटेज को संरक्षित करने के लिए पुलिस आयुक्त के समक्ष एक आवेदन किया है। इसी अवधि के दौरान याचिकाकर्ता पुलिस हिरासत में था। पीठ ने पूछा कि अदालत के आदेश का उल्लंघन करते हुए याचिकाकर्ता को हिरासत में कैसे लिया जा सकता है आइओ (जांच अधिकारी) याचिकाकर्ता की हिरासत मांगने की हिम्मत कैसे कर सकता है कोर्ट ने गुजरात सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सालिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू से सीसीटीवी फुटेज के बारे में पूछा, जिस पर उन्होंने कहा कि कैमरे काम नहीं कर रहे थे। इस पर नाराज जस्टिस मेहता ने कहा- यह अपेक्षित था। यह जानबूझकर किया गया है। कैमरे उन चार दिनों तक काम नहीं कर रहे होंगे। पुलिस ने पुलिस डायरी में उनकी (शाह) उपस्थिति को चिह्नित नहीं किया होगा। यह सरासर सत्ता का दुरुपयोग है। दीवानी प्रकृति के अपराध में हिरासत की आवश्यकता क्यों थी क्या कोई हत्या से संबंधित हथियार था, जिसे बरामद किया जाना था जस्टिस गवई ने पूछा कि जब शीर्ष अदालत ने आठ दिसंबर, 2023 को याचिकाकर्ता को अग्रिम जमानत दे दी थी तो हिरासत आदेश कैसे पारित किया गया और शाह को हिरासत में कैसे लिया गया जस्टिस गवई ने एएसजी से कहा कि सभी को 29 जनवरी को आने को कहें। हम 29 जनवरी को तय करेंगे कि उनके साथ क्या किया जाना चाहिए। एएसजी ने स्थिति संभालने की कोशिश की और पीठ से माफी मांगी तथा स्वीकार किया कि जांच अधिकारी ने गलती की है। पीठ ने गुस्से में कहा, जो कुछ हुआ वह घृणास्पद है। यह चार दिन की अवैध हिरासत थी। मजिस्ट्रेट और आइओ को भी चार दिनों के लिए अंदर रहने दीजिए। इसके बाद शीर्ष अदालत ने राज्य के गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, सूरत के पुलिस आयुक्त, पुलिस उपायुक्त, वेसू पुलिस थाने के निरीक्षक और संबंधित अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को नोटिस जारी किए और 29 जनवरी तक उनसे जवाब मांगे।

चेक गणराज्य में निखिल गुप्ता के मानवाधिकारों का हो रहा उल्लंघन, कोर्ट दस्तावेजों में दावा

वॉशिंगटन, एजेंसी।
अमेरिका में खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोप में चेक गणराज्य की जेल में बंद भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता के मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। कोर्ट दस्तावेजों में निखिल गुप्ता के वकील ने यह दावा किया है। वकील ने बताया कि निखिल गुप्ता को लंबे समय तक एकांतवास में रखा जा रहा है। कोर्ट दस्तावेजों में ये भी कहा गया है कि निखिल गुप्ता अंतिम बार साल 2017 में अमेरिका आया था।

निखिल गुप्ता (52 वर्षीय) के खिलाफ बीते साल नवंबर में संघीय अभियोजक ने अमेरिका में खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था। आरोप है कि निखिल गुप्ता ने भारत सरकार के

एक कथित सरकारी कर्मचारी के साथ मिलकर अमेरिका में पन्नू की हत्या की साजिश रची थी। गुप्ता को बीते साल 30 जून को चेक रिपब्लिक के प्राग में गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद से वह प्राग की जेल में बंद है और अमेरिका द्वारा निखिल गुप्ता के अमेरिका प्रत्यर्पण की कोशिश की जा रही है। निखिल गुप्ता के अमेरिका में वकील जेफ चेब्रोव ने बीती 4 जनवरी को न्यूयॉर्क की सदर्न डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में एक प्रस्ताव पेश किया।

इस प्रस्ताव में मांग की गई है कि अदालत संघीय अभियोजक को निर्देश दे कि वह तत्काल आरोपों का बचाव करने के लिए संबंधित दस्तावेज मुहैया कराए ताकि बचाव के लिए तैयारी की जा सके। कोर्ट दस्तावेजों में बताया गया है कि निखिल गुप्ता के परिवार को भी उससे बहुत कम मिलने दिया जा रहा है। साथ ही गुप्ता को काउसलर एक्सेस भी नहीं दिया गया है और जेल में उसके मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। चेक गणराज्य के सुप्रीम कोर्ट में भी निखिल गुप्ता की तरफ से बंदी याचिका दायर की गई है। जज विक्टर मारेरो ने निखिल गुप्ता के वकील के प्रस्ताव पर जवाब देने के लिए अमेरिकी सरकार को तीन दिन का समय दिया था। जिस पर अमेरिकी सरकार ने कहा कि इस प्रस्ताव में जो डिस्कवरी मैटेरियल की मांग की गई है, उससे इनकार कर देना चाहिए, जब निखिल गुप्ता को न्यूयॉर्क की अदालत में पेश किया जाएगा, उसके बाद ही आरोपों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

अमरीका ने धार्मिक स्वतंत्रता का गंभीर उल्लंघन करने वाले देशों की सूची की जारी

विशेष चिंता वाली श्रेणी में रखे चीन-पाकिस्तान

वाशिंगटन, एजेंसी।
अमरीका ने धार्मिक स्वतंत्रता की गंभीर अवहेलना करने वाले देशों की एक लिस्ट जारी की है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इस मामले में विशेष चिंता वाले देशों की श्रेणी में चीन, पाकिस्तान को टॉप पर रखा है जबकि इस सूची में उत्तर कोरिया, क्यूबा, इरीट्रिया, ईरान, निकारागुआ, रूस, सऊदी अरब, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और म्यांमार के नाम भी शामिल हैं।

ब्लिंकन ने अल-शबाब, बोको-हराम, हयात तहरीर अल-शाम, हूती, आईएसआईएस-साहेल, आईएसआईएस-पश्चिम अफ्रीका, अलकायदा के सहयोगी जमात नस्र अल-इस्लाम वल-मुस्लिमीन और तालिबान को विशेष चिंता वाले गुट के रूप में भी चिन्हित किया है। ब्लिंकन ने अपने बयान में कहा कि कांग्रेस द्वारा 1998 में अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम को पारित करने और प्रभावी बनाने के बाद धार्मिक स्वतंत्रता को आगे बढाना अमरीकी विदेश नीति का मुख्य उद्देश्य रहा है। इसके अलावा ब्लिंकन ने धार्मिक स्वतंत्रता के गंभीर उल्लंघन के मामले में विशेष निगरानी सूची के देशों के रूप में अल्जीरिया, अजरबैजान, मध्य अफ्रीकी गणतंत्र, कोमोरॉस और वियतनाम को श्रेणीबद्ध किया है।

दक्षिण कोरिया: गर्दन पर चाकू से हमले के बाद भर्ती हुए विपक्षी नेता ली जे-म्युंग की अस्पताल से छुट्टी

सोल, एजेंसी। गर्दन पर चाकू से हमला होने के चलते अस्पताल में भर्ती दक्षिण कोरिया के विपक्षी नेता ली जे-म्युंग को बुधवार को छुट्टी दे दी गई है। मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष ली ने सोल नेशनल यूनिवर्सिटी अस्पताल से बाहर निकलते हुए कहा, मैं आशा करता हूं कि यह घटना नफरत और टकराव की राजनीति को समाप्त करने और सभ्य राजनीति को बहाल करने में एक मील का पत्थर साबित होगी जिसमें हम एक-दूसरे का सम्मान करते हैं और सह-अस्तित्व में रहते हैं।

समाचार एजेंसी योनहाप ने विपक्षी नेता के हवाले से कहा, हमें युद्ध जैसी राजनीति को खत्म करना चाहिए जहां हमें विरोधियों को मारना और खत्म करना होता है। डीपी अध्यक्ष को 2 जनवरी को दक्षिण-पूर्वी बंदरगाह शहर बुसान की यात्रा के दौरान ऑटोग्राफ लेने वाले के रूप में आए 60 वर्षीय एक व्यक्ति ने गर्दन पर चाकू मार दिया था। ली को हवाई मार्ग से सोल ले जाया गया और गर्दन की एक बड़ी नस कटने के कारण उनकी सर्जरी की गई। अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि घटनास्थल पर गिरफ्तार किए गए हमलावर ने पुलिस को बताया है कि उसने ली को राष्ट्रपति बनने से रोकने के लिए चाकू से हमला किया था। बुसान मेट्रोपॉलिटन पुलिस एजेंसी ने कहा, उन्होंने 67 वर्षीय संदिग्ध को, जिसे उसके पारिवारिक नाम किम से पहचाना जाता है, आगे की जांच और हत्या के प्रयास के आरोप में अभियोग के लिए अभियोजन पक्ष के पास भेजा। बुसान मेट्रोपॉलिटन के प्रमुख वू चुल-मून ने कहा, संदिग्ध ने कहा है कि उसने ली को मारने का फैसला किया ताकि उन्हें राष्ट्रपति बनने से रोका जा सके और आगामी आम चुनावों में बहुमत हासिल किया जा सके।

रूसी रॉकेटों ने यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव पर किया हमला, 10 लोग घायल

कीव , एजेंसी। दो रूसी रॉकेटों ने यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव में एक होटल पर हमला किया, इससे होटल को नुकसान पहुंचा है। हमले में 10 लोगों के घायल होने की खबर है। राज्य आपातकालीन सेवा (एसईएस) ने एक सोशल पोस्ट में कहा कि हमला बुधवार रात करीब 10.30 बजे हुआ। रॉकेटों ने रूसी सीमा से सिर्फ 30 किमी दूर स्थित शहर के मध्य भाग को निशाना बनाया इसमें यह भी कहा गया कि एसईएस इकाइयों, राष्ट्रीय पुलिस और आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। तीन मंजिला होटल की इमारत के साथ-साथ आसपास खड़ी कारों को भी नुकसान हुआ। एसईएस ने पोस्ट में

कहा, आग का क्षेत्र लगभग 20 वर्ग मीटर था। इमारत से आठ लोगों को निकाला गया। प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार होटल कर्मचारी, मेहमान और एक विदेशी पत्रकार सहित 10 लोग घायल हो गए। एसईएस द्वारा जारी की गई तस्वीरों में होटल को भारी क्षति पहुंची है और अग्निशमन कर्मी घटनास्थल पर मौजूद हैं। बीबीसी की रिपोर्ट में कहा गया कि खार्किव के गवर्नर ओलेह सिनेहुबोव के मुताबिक हमला एस-300 रॉकेट से किया गया था। शहर के मेयर इहोर तेरखोव ने दावा किया कि हमले के समय होटल में कोई सेना नहीं थी, लेकिन 30 नागरिक मौजूद थे। यह हमला ऐसे वक्त हुआ है, जब रूस ने पिछले दो हफ्तों में यूक्रेन के शहरों पर हवाई हमले तेज कर दिए हैं। फरवरी 2022 में मॉस्को द्वारा यूक्रेन के खिलाफ युद्ध छेड़ने के बाद से खार्किव को रूसी हवाई हमलों से व्यापक क्षति हुई है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129